नई दिल्ली
रविवार 18 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 276
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21
न्यून. 08

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भारत-न्यूजीलैंड के बीच वन डे मुकाबला आज

## ड्रोन के साथ पतंगबाजी भी 'बैन' टिकट के लिए एडवाइजरी जारी

**इंदौर।** इंदौर के होल्कर स्टेडियम में रविवार दोपहर 1.30 बजे से भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले एक दिवसीय क्रिकेट मैच को लेकर शहर में जबरदस्त माहौल बना हुआ शेष पेज 5 पर


महाकाल मंदिर उज्जैन में विराट कोहली

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि अगर भारत में कुछ भी होता है, तो इसके बारे में हिंदुओं से ही पूछा जाएगा

# शक्ति में केवल सशस्त्र बल ही नहीं, बल्कि बुद्धि, सिद्धांत और नैतिक मूल्य भी शामिल

*भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं, बल्कि देश का चरित्र*

एजेंसी ▶▶ संभाजी नगर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत में कुछ भी अच्छा या बुरा घटित हो, तो हिंदुओं से इसके बारे में पूछा जाएगा, क्योंकि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं, बल्कि देश का चरित्र है।

डॉ. भागवत ने कहा कि हिंदू समाज पारंपरिक रूप से समावेशी और सभी को स्वीकार करने वाला रहा है जो रीति-रिवाजों, पहनावे, खान-पान, भाषा, जाति और उपजाति में विविधता को अपनाता है। इन मतभेदों को संघर्ष का कारण नहीं बनने देता। उन्होंने यह बातें मध्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के गंगापुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में कहीं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जो लोग एकीकरण और सद्भावपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास रखते हैं, वे हिंदू समाज और देश के सच्चे चरित्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह परंपरा सदियों से आक्रमणों और विनाश के बावजूद संरक्षित रही है। ऐसे लोग हिंदू कहलाते हैं और उनकी भूमि भारत कहलाती है। उन्होंने कहा कि अगर लोग अच्छे, दृढ़ और ईमानदार बनने का प्रयास करें तो देश भी वैश्विक मंच पर इन गुणों को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने कहा कि विश्व भारत से कुछ अपेक्षा रखता है और पर्याप्त शक्ति व प्रभाव होने पर देश सार्थक योगदान देने में सक्षम होगा। डॉ. भागवत ने कहा कि शक्ति में केवल सशस्त्र बल ही नहीं, बल्कि बुद्धि, सिद्धांत और नैतिक मूल्य भी शामिल होते हैं।



### हमें हिंदू मित्र बनाने चाहिए

डॉ. भागवत ने आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादों के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि हमें स्थानीय वस्तुएं खरीदनी चाहिए। जो चीज यहां नहीं बन सकती, उसे अन्य देशों से खरीदा जा सकता है। भारतीय नीति निर्माता अंतरराष्ट्रीय व्यापार कर रहे हैं, लेकिन किसी के दबाव में नहीं। हमने आत्मनिर्भरता का मार्ग चुना है और हमें इसी मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें विदेशों में रोजगार सृजन की चिंता नहीं करनी चाहिए, यह उन्हें करना है। जब वैश्वीकरण की बात करते हैं, तो वे वैश्विक बाजार की अपेक्षा रखते हैं। हम वैश्विक परिवार की अपेक्षा रखते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि हमें जाति, संप्रदाय, भाषा या व्यवसाय की परवाह किए बिना हिंदू मित्र बनाने चाहिए।

## खबर संक्षेप

### इंडिगो पर 22.20 करोड़ का जुर्माना लगा

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने



दिसंबर 2025 में बड़े पैमाने पर उड़ानों के रद्द होने और देरी के मामले में एयरलाइन पर 22.20 करोड़ रुपए का भारी जुर्माना लगाया है। एयरलाइन को डीजीसीए के पक्ष में 50 करोड़ की बैंक गारंटी देने को कहा गया है। डीजीसीए ने एयरलाइन के शीर्ष प्रबंधन को कड़ी फटकार भी लगाई है।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर 2.89 करोड़ का सोना जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने म्यांमा के



तीन नागरिकों के पास से 2.89 करोड़ रुपए के 2.15 किलो से अधिक सोना जब्त कर पर मामला दर्ज किया है। ये तीनों यात्री 14 जनवरी को म्यांमा के यांगून से दिल्ली पहुंचे थे और सामान की तलाशी लेने पर उनके पास से सोने की 13 ईंट बरामद की गईं।

### राष्ट्रपति भवन 21 से 29 तक लोगों के लिए बंद

**नई दिल्ली।** आगामी गणतंत्र दिवस और बीटिंग द रिट्रीट समारोह के मद्देनजर राष्ट्रपति



भवन 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह और उससे जुड़े कार्यक्रमों की रिहर्सल के चलते राष्ट्रपति भवन अगले सप्ताह 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

### इस वर्ष से चारधाम मंदिर में मोबाइल बैन

**देहरादून।** उत्तराखंड में इस वर्ष से चार धाम के मंदिर परिसरों में मोबाइल फोन और कैमरे पूरी तरह



से प्रतिबंधित रहेंगे। ऋषिकेश स्थित चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में चारधाम यात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक करने के बाद गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि बीते वर्षों में मंदिर परिसरों में आई समस्याओं को देखते हुए यह निर्णय लिया है।

### फॉर्च्यूनर डिवाइडर से टकराई, 5 की मौत

**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा में गुरथरी गांव के पास एक फॉर्च्यूनर कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे



भीषण हादसा हुआ। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला पुलिस कांस्टेबल भी शामिल है। सभी गुजरात के रहने वाले थे और घूमने आए थे। सुबह के कोहरे को हादसे की वजह बताया जा रहा है। पुलिस ने शवों को बठिंडा सरकारी अस्पताल में भेजा है।

मालदा की रैली में तृणमूल कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

भाजपा सरकार बनते ही होगी 'बाहरियों' पर कार्रवाई

# यहां घुसपैठिए लोगों का हक छीन रहे निर्दयी-भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकें

## ममता सरकार केंद्र की योजनाओं से लोगों को कर रही वंचित



एजेंसी ▶▶ मालदा

पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं, भाजपा के विस्तार और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखे हमलों के साथ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि बंगाल के हर गरीब परिवार के पास पक्का घर हो, हर जरूरतमंद को मुफ्त राशन मिले और केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ गरीबों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से बंगाल में ऐसा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे को उठाते हुए टीएमसी सरकार पर बड़ा हमला बोला। रैली में उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों का हक घुसपैठिए छीन रहे हैं। भाजपा सरकार बनते ही सभी घुसपैठिओं पर कार्रवाई करेंगे और बंगाल के लोगों का हक और उनके अधिकार सुरक्षित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार बेहद असंवेदनशील और निर्दयी रवैया अपना रही है।

- केंद्र का पैसा टीएमसी के नेता लूट रहे

### लोगों का विकास और सुशासन की राजनीति में विश्वास

पीएम मोदी ने कहा कि जिन इलाकों में वर्षों तक भाजपा के खिलाफ झूठ फैलाया गया और अफवाहें उड़ाई गईं, वहां भी अब मतदाता भाजपा को आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने पूरे भरोसे के साथ कहा कि इस बार बंगाल की जनता भाजपा को विजयी बनाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि देश का माहौल बदल चुका है और लोग विकास और सुशासन की राजनीति को प्राथमिकता दे रहे हैं।


मालदा जिले में सभा में प्रधानमंत्री को सम्मानित किया गया

### भाजपा विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है और इसके लिए पूर्वी भारत का विकास बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दशकों तक पूर्वी भारत को नफरत की राजनीति ने जकड़ कर रखा, जिससे विकास रुक गया। पीएम ने दावा किया कि भाजपा ने पूर्वी राज्यों को इस राजनीति के चंगुल से बाहर निकाला है।

### हक छीनने वाली सरकार हटाएं

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल देश का इकलौता राज्य है, जहां आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार जान-बूझकर बंगाल के लोगों को इस योजना का लाभ नहीं लेने दे रही। पीएम ने जनता से अपील की ऐसी निर्दयी सरकार को विदा करें।

### टीएमसी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि बंगाल के हर बेघर के पास अपना पक्का घर हो, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। यहां की टीएमसी सरकार बहुत ही निर्दयी है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए जो पैसा भेजती है उसे यहां टीएमसी के लोग लूट लेते हैं।

### बंगाल की प्रगति को और तेज करने का अभियान शुरू

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से बंगाल की प्रगति को और तेज करने का अभियान शुरू हो गया है। पीएम मोदी ने बताया कि इन परियोजनाओं से न केवल लोगों की यात्राएं आसान होंगी, बल्कि व्यापार और कारोबार को भी बड़ा फायदा मिलेगा।

पीएम मोदी ने मालदा की बाढ़ राहत से जुड़ी कैग रिपोर्ट का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि टीएमसी के चहेतों के खातों में 40-40 बार बाढ़ राहत का पैसा भेजा गया, जबकि जो इसके हकदार थे उन्हें कुछ नहीं मिला। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा की सरकार बनते ही टीएमसी के ऐसे सभी काले कारनामों पर रोक लगेगी। पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में बिहार में भाजपा -एनडीए की सरकार बनी है, जिससे बंगाल की हर दिशा में सुशासन वाली सरकारें हैं। उन्होंने कहा कि 'अब बंगाल की बारी है'।



हावड़ा और कामाख्या के बीच ट्रेन शुरू

## *देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू, पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी, बच्चों से की बात*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे। यह ट्रेन हावड़ा (पश्चिम बंगाल) और कामाख्या (असम) के बीच चलेगी। वंदे भारत के अलावा पीएम मोदी रविवार 18 जनवरी को अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। ये ट्रेनें उत्तर बंगाल और उत्तर-पूर्व को दक्षिण भारत से जोड़ेंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश को 7 नई ट्रेनों का तोहफा दिया। इन 7 ट्रेनों में हावड़ा और कामाख्या के बीच चलाई जाने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अलावा 4 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें और 2 अन्य एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल में बीएलओ पर दबाव दुखद

## जहां इंडी गठबंधन का शासन वहां लोकतंत्र गंभीर खतरे में: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में बीएलओ अशोक चंद्र दास की आत्महत्या, पंजाब में मीडिया पर दमन और तमिलनाडु में न्यायालयिक हस्तक्षेप की घटनाओं को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया है। पार्टी ने साथ ही कहा है कि इंडी गठबंधन लगातार हार की वजह से ध्वस्त होता जा रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को लखनऊ स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया इस समय पूरे देश में चल रही है और आज पश्चिम बंगाल से एक दुखद खबर आई कि वहां के बीएलओ अशोक चंद्र दास जी ने आत्महत्या की। उनकी पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार उनके ऊपर भारी दबाव शेष पेज 5 पर



हरियाणा भाजपा हर बूथ पर मनाएगी उत्सव

## 20 जनवरी को सभी बूथों पर नये राष्ट्रीय अध्यक्ष की होर्डिंग लगाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा प्रदेश भाजपा ने 20 जनवरी को पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति की खुशी में 20629 बूथों पर नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन करते होर्डिंग लगाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने सभी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, पार्टी प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों को कहा है कि जैसे ही 20 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा हो, वैसे ही प्रदेश के 20629 बूथों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन करते हुए होर्डिंग लगाए जाएं।



इस संबंध में शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष बडौली ने पार्टी पदाधिकारियों, मंत्रियों और विधायकों के साथ वर्चुअल मीटिंग की, जिसमें आगामी कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा समझाई शेष पेज 5 पर

दोनों प्रांतों के बीच आर्थिक, औद्योगिक और तकनीकी क्षेत्रों में सहयोग को लेकर हुई चर्चा

## मुख्यमंत्री सैनी से ब्रिटिश कोलंबिया प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, कई क्षेत्रों में किया जाएगा सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा और कनाडा का ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत अब साझा विकास के साझेदार बनेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के प्रीमियर डेविड एबी के नेतृत्व में आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करने को लेकर चर्चा की। इस मौके पर दोनों प्रांतों के बीच आर्थिक, औद्योगिक और तकनीकी सहयोग को नई दिशा देने के लिए



क्लीन एनर्जी, टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक्स, एग्री-फूड प्रोसेसिंग, स्किल डेवलपमेंट और शिक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति बनी। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, विदेश सहयोग विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी कुमार भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य–प्रांत स्तर का सहयोग भारत–कनाडा संबंधों को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। ब्रिटिश कोलंबिया क्लीन टेक्नोलॉजी, पर्यावरण-अनुकूल नीतियों और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी है, वहीं हरियाणा शेष पेज 5 पर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इंदौर पहुंचे, बॉम्बे हास्पिटल व भागीरथपुरा जाकर की पीड़ितों से मुलाकात

# कहा-यह 'स्मार्ट सिटी' का नया मॉडल है, जहां पीने का पानी ही उपलब्ध नहीं

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से प्रभावित लोगों से मैं मिला हूं। कई परिवार के सदस्यों की मौत हुई है और कई बीमार हुए हैं। वादा किया गया था कि 'स्मार्ट सिटी' दी जाएंगी। मगर ये स्मार्ट सिटी का नया मॉडल है, जहां पीने का पानी नहीं है और लोगों को डराया जा रहा है। राहुल ने कहा कि स्मार्ट सिटी मॉडल में पानी में जहर, हवा में जहर, दवा में जहर, जमीन में जहर और जवाब मांगों तो चलेगा बुलडोजर। कुछ इसी तरह इस मॉडल में मौतों के लिए कोई जवाबदार नहीं होता। उन्होंने कहा कि इंदौर में साफ पानी नहीं मिल रहा है। दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हुई है। यह सरकार का 'अर्बन मॉडल' है। शनिवार को इंदौर पहुंचे राहुल बॉम्बे हास्पिटल और भागीरथपुरा में प्रभावितों से मिलने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। राहुल ने प्रभावितों को एक-एक लाख रुपए और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शेष पेज 5 पर

कहा-
इस मॉडल में पानी में जहर, हवा में जहर, दवा में जहर, जमीन में जहर और जवाब मांगों तो चलेगा बुलडोजर


मरीजों से मिले राहुल गांधी

*प्रभावितों को राहुल ने एक-एक लाख, सिंघार ने दिए 50-50 हजार के चैक, कहा- हम आपके साथ हैं*


मृतकों के परिजनों से चर्चा करते हुए राहुल गांधी

### किसी न किसी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए

राहुल गांधी ने कहा कि यह समस्या सिर्फ इंदौर तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश और देश के कई शहरों में यही स्थिति है। भाजपा सरकार साफ पानी और साफ हवा जैसी बुनियादी जिम्मेदारियों को निभाने में पूरी तरह विफल रही है। इस त्रासदी के लिए किसी न किसी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और पीड़ितों को मुआवजा मिलना चाहिए। राहुल ने कहा कि आज भी लोगों को साफ पानी नहीं मिल रहा है। लोग सिर्फ वही मांग कर रहे हैं जो सरकार का कर्तव्य है, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में जनता के मुद्दे उठाना मेरी जिम्मेदारी है, आप इसे राजनीति कहें या जो भी आपको उचित लगे।

## 44 हजार नकली बुक बरामद, तीन अरेस्ट

# एनसीईआरटी की नकली बुक छापने वाले रैकेट का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने नकली एनसीईआरटी किताबें छपाई और सप्लाई में शामिल एक संगठित नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। कुल 44,862 नकली किताबें और दो ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस मशीनें, पेपर रील, प्रिंटिंग इंक और एल्युमिनियम प्रिंटिंग प्लेट्स आदि सामान बरामद किया गया है। इस सामान की कीमत दो करोड़ रुपये बताई गई है। नकली किताबें सप्लाई करने में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इससे पहले 10 नवंबर को दरियागंज में एक गोदाम पर छापा मारा गया था। 12,755 नकली किताबें बरामद की गई थी। उक्त मामले की चल रही जांच के दौरान 16 जनवरी 2026 को एआरएससी, क्राइम ब्रांच की टीम ने एनसीईआरटी के अधिकृत कानूनी प्रतिनिधियों के साथ मिलकर गांव जावली, लोनी, गाजियाबाद के इलाके में छापा मारा, जहां आरोपी सुमित (35) निवासी नॉर्थ छज्जूपुर, शाहदरा को गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि आरोपी रिस्टल रोड पुलिया, गांव जावली, लोनी के पास स्थित एक अवैध प्रिंटिंग फैक्ट्री चला रहा था। उक्त फैक्ट्री को पायरेटेड किताबों का एक प्रमुख स्रोत पाया गया, जिनकी आपूर्ति पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी कनिष्क और विनोद जैन को की जा रही थी। उक्त फैक्ट्री परिसर में छापे के दौरान 32,107 नकली किताबों की भारी मात्रा में बरामदगी की गई। इसके अलावा, दो ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस मशीनें, पेपर रील, प्रिंटिंग इंक और नकली किताबें छापने के लिए इस्तेमाल होने वाली एल्युमिनियम प्रिंटिंग प्लेटें जब्त की गई।

# 11वें महिला अस्तित्व सम्मान में दिल्ली पुलिस सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पीएचडी फैमिली वेलफेयर द्वारा एलपीएस ऑडिटोरियम, पीएचडी हाउस में आयोजित 11वें महिला अस्तित्व सम्मान और 10वें जूनियर अस्तित्व सम्मान (2025-2026) में दिल्ली पुलिस को सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार स्पेशल सीपी अजय चौधरी (एसपीयूडब्ल्यूएसी और विजिलेंस) को दिल्ली पुलिस के महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण के प्रति उत्कृष्ट योगदान और अटूट प्रतिबद्धता के सम्मान में प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार आयोजन संस्था द्वारा एक प्रतिष्ठित जूरी द्वारा की गई कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद प्रदान किया गया, जिसने महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा, सशक्तिकरण और उत्थान के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा की गई प्रभावशाली पहलों का मूल्यांकन किया। एसपीयूडब्ल्यूएसी की पहलों, जिसमें आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, लैंगिक संवेदनशीलता, सामुदायिक पहुंच और निवारक पुलिसिंग उपाय शामिल हैं। जूरी ने इसकी विशेष रूप से सराहना की है। इस अवसर पर बोलते हुए आईपीएस अजय चौधरी ने यह सम्मान दिल्ली पुलिस के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों, विशेष रूप से एसपीयूडब्ल्यूएसी टीमों को महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और समावेशी माहौल सुनिश्चित करने के उनके अथक प्रयासों के लिए समर्पित किया। उन्होंने महिला-केंद्रित पहलों और सामुदायिक जुड़ाव को लगातार मजबूत करने के लिए दिल्ली पुलिस की प्रतिबद्धता को दोहराया। दिल्ली पुलिस इस सम्मान के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त करती है और समाज में महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और सशक्तिकरण के लिए अथक प्रयास करने के अपने संकल्प की पुष्टि करती है।

# एक्साइज केस में भगौड़ा घोषित बदमाश चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज ने राजौरी गार्डन थाने के एक्साइज केस में वांछित घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। विजय कुमार निवासी रघुबीर नगर लंबे समय से फरार था और इस मामले में कानून की प्रक्रिया से बच रहा था। राजौरी गार्डन पुलिस ने 13 मार्च 2021 को विजय को 300 क्वार्टर बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। बाद में आरोपी को संबंधित अदालत से जमानत मिल गई थी। जमानत के बाद आरोपी अदालत के सामने कभी पेश नहीं हुआ। 18 जुलाई 2025 को अदालत द्वारा उसे भगौड़ा घोषित कर दिया गया था।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास, पुत्र:** जय सिंह, **पता:** मकान नं. 385, मालवान पाना, झड़ोदा कलां, सीआरपीएफ, नई दिल्ली–110072 ने मुकदमा **CC No. 4177/24 U/s 138 NI ACT, थाना: पहाड़गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **CC No. 4177/24 U/s 138 NI ACT, थाना: पहाड़गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आरूषी परवाल
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05 (एनआई एक्ट)
कमरा नं. 02, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/739/CD/2026
(Court Matter)


# ई-सिम एक्टिवेशन के जरिये ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिम जिले की साइबर टीम ने नवीन उर्फ प्रदीप नाम के एक शख्स को ई-सिम एक्टिवेशन के जरिये ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसने मौजूदा शिकायतकर्ता से 93,167 रुपये की धोखाधड़ी की थी। आरोपी ने मासूम लोगों को धोखा देने के लिए माई जियो और एयरटेल थैंक्स एप के जरिए ई-सिम एक्टिवेट करने के नाम पर धोखा दिया। अपराध में इस्तेमाल किए गए दो मोबाइल फोन भी इसके पास से बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार नवीन (23) निवासी टोहाना, फतेहाबाद, हरियाणा गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी एक ऐसे सिंडिकेट का हिस्सा था, जो अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर ई-कॉमर्स अकाउंट के रजिस्ट्रेशन के लिए ई-सिम उपलब्ध कराता था। इसके अलावा अपराध से मिले पैसों का इस्तेमाल दूसरे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से सामान खरीदने के लिए किया जाता था। नवीन मुख्य आरोपी है और इसने मौजूदा शिकायतकर्ता से 93,167 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस को आकाशदीप शर्मा (40) पुत्र ज्योतिका ग्रोवर शर्मा निवासी जीटीबी नगर, नानक पियाऊ, दिल्ली की तरफ से साइबर धोखाधड़ी की एक ऑनलाइन शिकायत मिली थी। इस संबंध में 28 नवंबर 2025 को मामला दर्ज किया गया था। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। टेक्निकल सर्विलांस और स्विगी अकाउंट से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से आरोपी का विवरण प्राप्त किया गया। आरोपी ने मोबाइल ई-सिम एक्टिवेशन और स्विगी अकाउंट से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया था, जो आरोपी के नाम पर ही था। डिजिटल फुटप्रिंट्स की टेक्निकल जांच, साथ ही उक्त स्विगी अकाउंट से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर की लोकेशन का विश्लेषण किया गया। स्विगी अकाउंट से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर की आगे की जांच और संदिग्ध व्यक्तियों पर टेक्निकल सर्विलांस ने जांच में मदद की और आखिरकार हरियाणा के फतेहाबाद के टोहाना में आरोपी के ऑपरेशनल बेस की पहचान हुई। जांच के दौरान आरोपी ने बताया कि वह ई-सिम कार्ड की खरीद-बिक्री में शामिल हो गया। इन सिम कार्ड का इस्तेमाल स्विगी पर फर्जी अकाउंट बनाने के लिए किया जाता था, जिसके माध्यम से अपराध की कमाई से एक मोबाइल फोन खरीदा गया था। बिलिंग पते जानबूझकर अधूरे छोड़े गए थे और पकड़े जाने से बचने के लिए सामान की डिलीवरी सड़क किनारे के स्थानों पर ली जाती थी। आरोपी ने अन्य साथियों के साथ मिलकर साइबर अपराध करने में भी मदद की। पकड़े जाने से बचने के लिए आरोपी अक्सर अपना ठिकाना बदलता रहता था। अन्य समान मामलों और शिकायतों में उसकी संभावित संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ दो तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन और किडनैपिंग सेल ने ड्रग तस्करी में शामिल एक गैंग का भंडाफोड़ किया है। टाटा पंच कार में अवैध ड्रग्स की खेप ले जाते समय दो ड्रग पेडलर्स पकड़े गये। इनके पास से 383 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये से ज्यादा बताई गई है। पुलिस के अनुसार ड्रग तस्करी की गतिविधियों में शामिल जसंवत सिंह उर्फ लल्लू (42) और अशोक कुमार (30) को गिरफ्तार किया है। अवैध ड्रग तस्करी की गतिविधियों में शामिल ड्रग पेडलर्स की आवाजाही के बारे में सूचना मिलने पर 16 जनवरी को नाहरपुर बस स्टैंड के पास, एम2के मार्केट की ओर जाने वाली सड़क, महाराजा अग्रसेन मार्ग, गांव नाहरपुर, रोहिणी के पास जाल बिछाया गया था। यूपी नंबर वाली एक टाटा पंच कार को रोका गया। उक्त कार में ड्राइवर सहित दो लोग सवार थे। पूछताछ करने पर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। कार की तलाशी लेने पर 383 ग्राम नशीली दवाओं का एक पैकेट बरामद हुआ, जिसे कार के स्टीयरिंग के नीचे एक गैप में छिपाकर रखा गया था। आगे की जांच जारी है और सप्लाई के सोर्स, फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज और ड्रग ट्रैफिकिंग नेटवर्क में शामिल अन्य साथियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## जैतपुर हत्या मामले के सभी 10 संदिग्धों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने जैतपुर इलाके में 21 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि इस अपराध के सभी संदिग्धों को पकड़ लिया गया है। इससे पहले शुक्रवार को पांच नाबालिगों और तीन बालिग समेत कुल आठ आरोपी पकड़े थे। पुलिस ने बताया कि कृष्णा साहू (21) को गुरुवार देर रात तब चाकू मारा गया था, जब उसने एक लड़की से जुड़े मुद्दे पर अपने दोस्त और कुछ युवकों के बीच हुई लड़ाई में बीच-बचाव की कोशिश की थी। पुलिस ने बताया कि साहू को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि नवीनतम गिरफ्तारियों के साथ, इस मामले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या 10 हो गई है, जिनमें पांच वयस्क और उतने ही नाबालिग हैं। पकड़े गए नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। हाल ही में गिरफ्तार दो आरोपियों की पहचान हरियाणा के फरीदाबाद निवासी मनीष कुमार उर्फ मंगल (20) और दिल्ली के मीठापुर निवासी अमित उर्फ आरपी (21) के तौर पर की गई है। उसने बताया कि दोनों नोएडा स्थित एक एसी पाइप फैक्टरी में काम करते थे। पुलिस ने इससे पहले मुख्य आरोपी दीपक कुमार (22), हमले में हथियार मुहैया कराने वाले आशीष (24) और घटना को अंजाम देने में अहम सहायता करने वाले नीरज कुमार को गिरफ्तार किया था।

### बच्चे को प्रताड़ित करने का आरोप

## बुराड़ी का माउंट आलिवेट स्कूल धर्म विशेष की प्रार्थना को लेकर विवादों में घिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बुराड़ी के संत नगर स्थित एक निजी क्रिश्चियन स्कूल (माउंट आलिवेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल) पर कुछ अभिभावकों द्वारा धर्म विशेष की प्रार्थना के आरोप व हंगामा करने से विवाद पैदा हो गया है। स्कूल प्रबंधन पर आरोप है कि धर्म विशेष का प्रार्थना गीत न गाने पर एक छात्र से सबसे सामने 50 उठक-बैठक कराई जिसके विरोध में लोगों ने स्कूल में पहुंचकर विरोध किया। मामला शुक्रवार का है, जब यह घटना हुई। स्कूल में पहुंचे लोगों ने जमकर प्रबंधन को घेरा। मामला बढ़ता देख प्रबंधन ने शनिवार को सर्दी बहुत होने का बहाना बनाकर पूरे स्कूल की ही छुटटी कर दी, यानी स्कूल ही नहीं खुला। इस मामले के विरोध में अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर पुलिस व शिक्षा मंत्री से शिकायत की है। वहीं दूसरी तरफ स्कूल प्रबंधन ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए इसे व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता करार दिया है। एक अभिभावक ने शिकायत में बताया है कि उनका बेटा आठवीं कक्षा में पढ़ता है। जबकि 15 जनवरी को प्रार्थना सभा के दौरान धर्म विशेष का प्रार्थना गीत न गाने पर सजा के तौर पर उनके बेटे के सिर पर स्कूल बैग रखा और 50 उठक-बैठक लगवाई। जिसके बाद 16 जनवरी को हम स्कूल पहुंचे व प्रबंधन जब इस बाबत जानकारी मांगी तो उन्होंने अपमानित किया व एक नहीं सुनी। इस घटना के बाद अभिभावकों ने स्थानीय लोगों के साथ स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया और पुलिस थाने में शिकायत देकर स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लोगों ने शिक्षा मंत्री व समाज कल्याण मंत्री से भी कार्रवाई का अनुरोध किया है। बताया जा रहा है कि शनिवार को अभिभावक व स्थानीय लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम के बारे में अवगत कराया। बताया गया कि मंत्री ने इस मामले की जांच कराने और इसके बाद यथोचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त**
**दक्षिण पूर्व जिला, सरिता विहार, नई दिल्ली–110076**

**सार्वजनिक सूचना**

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वाहनों को दक्षिण पूर्व जिला, नई दिल्ली के पुलिस स्टेशनों द्वारा धारा 66 दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 के तहत जब्त कर लिया गया है। अब, पुलिस आयुक्त, दिल्ली द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और जैसा कि दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 की धारा 67(1) के तहत परिकल्पित है, के अनुसार निम्न हस्ताक्षरकर्ता संलग्न सूची के अनुसार **69 वाहनों** की उद्घोषणा जारी करते हैं। जिस किसी भी व्यक्ति का इन पर दावा हो सकता है, उसे अपने स्वामित्व के प्रमाण में सभी संगत दस्तावेजों के साथ संबंधित माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना होगा और इस उद्घोषणा की तारीख से छह महीने के भीतर अपना दावा प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त वाहनों को इस उद्घोषणा के माध्यम से आम जनता की जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है।

**डी.पी. अधिनियम, 1978 की धारा 66 के अंतर्गत जब्त लावारिस वाहनों की सूची**

| क्र. सं. | पुलिस थाना | डीडी नंबर | तारीख | पंजीकरण संख्या | इंजन नं. | चेसिस नं. | मेक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 92 | 31/12/24 | DL35BT2701 | 60363 | 70439 | PULSAR |
| 2 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 75 | 10/10/23 | DL4SBV1983 | 33620 | 94355 | DISCOVER |
| 3 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 10A | 31/12/22 | DL6SBJ4534 | 05517 | 08941 | PULSAR 125 |
| 4 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 106 | 12/11/24 | UP14EC7239 | 32473 | 20340 | HERO SPLENDOR |
| 5 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 51 | 11/06/24 | DL9SEL4446 | | | YAMAHA R-1 |
| 6 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 27 | 13/07/24 | HR30M3392 | 09710 | 08197 | HERO SPLENDOR |
| 7 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 109 | 16/03/24 | DL3SBJ6558 | 31115 | 22334 | HERO SPLENDOR |
| 8 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 46 | 25/03/25 | DL5SCB6103 | 02278 | 00381 | HERO SPLENDOR |
| 9 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 85 | 25/05/24 | DL12SL7507 | G2031 | 49131 | HERO SPLENDOR |
| 10 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 49 | 17/06/21 | DL9ST2190 | 04084 | 03936 | SUPER SPLENDOR |
| 11 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 71 | 02/11/21 | HR51AC4948 | 54443 | 29223 | DISCOVER 135 |
| 12 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 68A | 10/08/22 | UP22AB3305 | 16517 | 16314 | HERO DUET |
| 13 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 22 | 29/01/24 | UP13BU5214 | 42737 | 18175 | HERO HONDA |
| 14 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 81 | 19/06/23 | UP65CS0988 | 11450 | 276597 | KTM |
| 15 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 90 | 12/06/22 | DL3SBA6571 | 13961 | 09710 | PASSION PRO |
| 16 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 61 | 09/10/21 | DL3SBJ7467 | 02624 | 02258 | HERO HONDA |
| 17 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 81 | 10/12/21 | DL9XS2650 | 21542 | 05754 | PASSION PRO |
| 18 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 70 | 31/10/23 | DL3SEM3607 | 8476 | 69463 | SPL HERO |
| 19 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 58A | 13/10/20 | DL9SZ4062 | 01835 | 02025 | HUNK MOTOR CYCLE |
| 20 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 16 | 06/07/23 | JH24J4464 | 158837 | 97275 | YAMAHA R-1 |
| 21 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 03 | 04/02/20 | UP23K9758 | 131743 | 058687 | TWISTER |
| 22 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 01 | 31/05/25 | DL85CB9131 | 7058687 | 31743 | CBZ |
| 23 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 10B | 19/09/17 | DL3SDS7878 | 5490 | 76015 | SPLENDOR |
| 24 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 06 | 26/03/24 | DL3SET3573 | 36133 | 08685 | HERO SPLENDOR |
| 25 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 55 | 09/04/21 | DL3SBZ5910 | 56393 | 75172 | PULSAR |
| 26 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 51 | 11/09/21 | UP16AF9728 | 10033 | 009966 | HERO HONDA |
| 27 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 35A | 28/04/19 | DL3SCA2678 | 43788 | 08011 | PULSAR |
| 28 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 64 | 02/07/22 | DL3SEN4349 | 110539 | 03429 | TVS SCOOTY |
| 29 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 43 | 17/03/24 | DL6SAJ4974 | 58518 | 41470 | PULSAR |
| 30 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 72 | 06/08/21 | DL9SM7490 | 00593 | 03961 | HERO HONDA |
| 31 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 11 | 06/10/21 | DL9SV3338 | 10177 | 70857 | PULSAR 150 |
| 32 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 55 | 09/04/21 | DL3SBZ5910 | 56393 | 75172 | PULSAR 200 |
| 33 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 22 | 14/12/17 | DL3SCN5088 | 2226728 | 90496 | APACHI |
| 34 | न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी | 51 | 11/09/21 | UP16AAF9728 | 10033 | 09966 | HERO |
| 35 | गोविंदपुरी | 138A | 02/07/25 | HR29AD5769 | 76545 | 58478 | MOTOR CYCLE BAJAJ |
| 36 | गोविंदपुरी | 122A | 03/07/25 | DL3SAU3594 | 44686 | 34887 | MOTOR CYCLE HERO SPLENDOR+ |
| 37 | गोविंदपुरी | 19A | 05/07/25 | DL6SAR0179 | 37534 | 05684 | MOTOR CYCLE BAJAJ |
| 38 | गोविंदपुरी | 111A | 16/07/25 | DL3SDP3591 | 80676 | 09576 | MOTOR CYCLE BAJAJ PULSAR |
| 39 | गोविंदपुरी | 70A | 19/07/25 | DL7SCP0562 | 15957 | 16706 | MOTOR CYCLE HERO HF DELUX |
| 40 | गोविंदपुरी | 131A | 22/07/25 | DL3SCQ7464 | 77603 | 78551 | SCOOTY- ACTIVA |
| 41 | गोविंदपुरी | 145A | 30/07/25 | UP16EA9593 | B7320 | D2034 | MOTOR CYCLE HERO SPLENDOR+ |
| 42 | गोविंदपुरी | 130A | 05/08/25 | HR51CS0711 | 11937 | 11860 | MOTOR CYCLE- SPLENDOR+ |
| 43 | गोविंदपुरी | 153A | 05/08/25 | DL3SER8200 | 24200 | 42442 | SCOOTY- TVS JUPITER |
| 44 | गोविंदपुरी | 88A | 09/08/25 | DL3SCU2584 | 13747 | 38542 | MOTOR CYCLE BAJAJ PULSAR |
| 45 | गोविंदपुरी | 166A | 11/08/25 | DL3SFK1743 | 77692 | 12472 | SCOOTY- SUZUKI- ACCESS |
| 46 | गोविंदपुरी | 138A | 15/08/25 | DL3SDA1492 | 77315 | 07629 | MOTOR CYCLE HONDA SHINE |
| 47 | गोविंदपुरी | 127A | 21/08/25 | DL3SAN4337 | 65780 | 15546 | SCOOTY- ACTIVA |
| 48 | गोविंदपुरी | 24A | 25/08/25 | DL3SEQ7684 | 12270 | 11189 | MOTOR CYCLE SPLENDOR+ |
| 49 | गोविंदपुरी | 103A | 28/08/25 | DL3SCS3363 | 14607 | 09383 | MOTOR CYCLE PASSION PRO |
| 50 | गोविंदपुरी | 14A | 10/09/25 | DL3SEN7060 | 33108 | 03667 | MOTOR CYCLE HONDA SP 125 |
| 51 | गोविंदपुरी | 35A | 21/09/25 | DL3SAU8194 | A8423 | 28311 | MOTOR CYCLE SPLENDOR+ |
| 52 | गोविंदपुरी | 143A | 24/09/25 | DL3SFH9599 | 05137 | 05415 | MOTOR CYCLE SPLENDOR+ |
| 53 | गोविंदपुरी | 138A | 27/09/25 | DL3SCB4700 | 16346 | 14653 | MOTOR CYCLE SPLENDOR+ |
| 54 | गोविंदपुरी | 146A | 01/10/25 | DL12SF1271 | 01228 | 19756 | MOTOR CYCLE TVS STAR CITY |
| 55 | जामिया नगर | 06A | 29/03/20 | DF3SDE8418 | - | - | ACTIVA |
| 56 | जामिया नगर | 07A | 30/03/20 | DL4SBB4996 | - | 85925 | STAR CITY |
| 57 | जामिया नगर | 59A | 06/07/20 | DL3SCJ085 | 13034 | - | PASSION PRO |
| 58 | जामिया नगर | 78A | 19/10/20 | DL3SAH1275 | - | - | PASSSION |
| 59 | जामिया नगर | 78A | 19/10/20 | DL7SBM6651 | - | - | ACTIVA |
| 60 | जामिया नगर | 57A | 07/01/21 | DL9S04604 | 55379 | - | DISCOVER BLACK |
| 61 | जामिया नगर | 65A | 14/02/21 | DL10SC1811 | 46533 | 97471 | PULSAR |
| 62 | जामिया नगर | 86A | 18/02/21 | DL11SF7494 | 37069 | - | MOTOR CYCLE |
| 63 | जामिया नगर | 06A | 08/03/21 | DL3SBQ1466 | - | 2185 | SPLENDOR |
| 64 | जामिया नगर | 10A | 01/06/21 | HR29X5406 | 91890 | 5006 | ACTIVA |
| 65 | जामिया नगर | 55A | 23/06/21 | HR26BL2140 | 68146 | 29672 | PULSAR |
| 66 | जामिया नगर | 59A | 08/07/21 | DL3SDD7614 | - | - | ACTIVA |
| 67 | जामिया नगर | 63A | 25/07/21 | DL9SAG9742 | 95466 | 20506 | PULSAR |
| 68 | जामिया नगर | 74A | 27/07/21 | UNKNOWN | 41625 | 42094 | SPLENDOR |
| 69 | जामिया नगर | 79A | 02/08/21 | UNKNOWN | 27538 | - | SCOOTY |

हस्ता./-
अपर पुलिस उपायुक्त,
दक्षिण पूर्व जिला, नई दिल्ली

DP/9823/SE/2025


# स्वास्थ्य, सम्मान और आधारभूत ढांचा सरकार की प्राथमिकता : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- सीएम ने शालीमार बाग तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर, एक अटल कैंटीन और मीनाक्षी मंदिर रोड निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

तीन चीजें स्वास्थ्य, सम्मान और आधारभूत ढांचा हमारी सरकार की प्राथमिकता हैं। यह बात शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में जन स्वास्थ्य, पोषण और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत के अवसर पर कही। मुख्यमंत्री ने डब्ल्यूपी ब्लॉक, वी पी ब्लॉक (पीतमपुरा) और हैदरपुर में कुल 3 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने हैदरपुर बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास नेहरू कैंप में अटल कैंटीन का भी शुभारंभ किया। इसके अलावा, शालीमार बाग वेस्ट बी बी ब्लॉक में मीनाक्षी मंदिर रोड के निर्माण कार्यों की भी शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के जरिए अब शालीमार बाग के लोगों को अपने घर के पास ही मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। यहां डॉक्टर की सलाह, जरूरी जांच, दवाइयां, टीकाकरण और प्राथमिक इलाज उपलब्ध होगा। इससे खास तौर पर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि बादली मोड़ पर शुरू हुई अटल कैंटीन में जरूरतमंद लोगों को सिर्फ 5 रुपए में गर्म और पौष्टिक खाना मिलेगा। साथ ही, मीनाक्षी मंदिर रोड के निर्माण से इलाके में ट्रैफिक की समस्या कम होगी, सड़कें सुरक्षित होंगी और आवाजाही में आसानी होगी। इससे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, लोगों के सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करने और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने इन तीनों क्षेत्रों में समान रूप से काम कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को बेहतर इलाज, पोषण और आधुनिक सुविधाएं समय पर और आसानी से उपलब्ध हों।

## प्रवेश साहिब सिंह ने सीवर परियोजना का किया शिलान्यास

# जल बोर्ड ने देवली-अंबेडकर नगर में शुरू की 31 करोड़ की सीवर परियोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





यमुना नदी की सफाई और दिल्ली की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने शनिवार को ओखला ड्रेनेज जोन के अंतर्गत देवली और अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्रों की अनधिकृत कॉलोनियों में 31 करोड़ 31 लाख रुपए की सीवर विकास परियोजना की शुरुआत की। इस परियोजना का शिलान्यास दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया।

यह परियोजना वर्षों से लंबित थी और इसका उद्देश्य घरेलू सीवेज को सीधे नालों में जाने से रोकना है, जो आगे चलकर यमुना नदी को प्रदूषित करता है। इस परियोजना को वर्ष 2018 में स्वीकृति मिली थी और मई 2020 तक पूरा किया जाना था। योजना के तहत लगभग 57 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाई जानी थी, लेकिन बीते वर्षों में केवल लगभग 32 किलोमीटर कार्य ही पूरा हो सका। परिणामस्वरूप 16 चिन्हित कॉलोनियों में से केवल 5 को आंशिक सीवर सुविधा मिल पाई, जबकि शेष क्षेत्रों का गंदा पानी खुले नालों के माध्यम से यमुना में जाता रहा। अब दिल्ली जल बोर्ड द्वारा इस रुकी हुई परियोजना को मिशन मोड में आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यमुना की सफाई का सबसे प्रभावी तरीका सीवेज को उसके स्रोत पर ही रोकना है। देवली और अंबेडकर नगर की अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर सुविधा का अभाव सीधे तौर पर यमुना प्रदूषण का कारण रहा है। यह दिल्ली जल बोर्ड परियोजना उसी मूल समस्या का समाधान है। पिछले वर्षों में हुई देरी का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार इस परियोजना को तय समय-सीमा में पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह परियोजना वर्षों तक अधूरी पड़ी रही, जिससे न केवल स्थानीय लोग बल्कि यमुना नदी भी प्रभावित हुई। अब फंडिंग, जवाबदेही और निगरानी सुनिश्चित की गई है ताकि काम समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा हो।

सार्वजनिक स्वास्थ्य के पहलू पर जोर देते हुए जल मंत्री प्रवेश ने कहा कि सीवर कनेक्टिविटी कोई सुविधा नहीं, बल्कि बुनियादी आवश्यकता है। यह परियोजना लगभग तीन लाख लोगों के जीवन स्तर, स्वच्छता और सम्मान में सुधार लाएगी, साथ ही यमुना पर प्रदूषण का बोझ भी कम करेगी। जल मंत्री ने डीजेबी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और परियोजना को पूरी पारदर्शिता व समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि शेष कार्य के लिए स्पष्ट जिम्मेदारियां तय की गई हैं, ताकि आगे कोई विलंब न हो। यह परियोजना दिल्ली सरकार की व्यापक यमुना पुनर्जीवन रणनीति का अहम हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सीवेज को नालों में जाने से पहले ही रोककर उसे उचित शोधन संयंत्रों तक पहुंचाना है। वर्षों से सीवर नेटवर्क से बाहर रही अनधिकृत कॉलोनियों को शामिल कर यह पहल स्थायी और ठोस पर्यावरणीय सुधार की दिशा में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है।

# दिल्ली में 1 लाख 20 हजार की सालाना आय वालों का बनेगा राशन कार्डः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में अब एक लाख बीस हजार रुपए तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले परिवारों को राशन कार्ड का अधिकार मिलेगा, जो पहले एक लाख तक सीमित था। यह निर्णय हाल में दिल्ली कैबिनेट की बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य सुरक्षा कोई एहसान नहीं, बल्कि गरीबों का अधिकार है।

हमारी सरकार का संकल्प है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति केवल व्यवस्था की खामियों के कारण भूखा न रहे। सरकारी जानकारी के अनुसार वर्षों से स्पष्ट नियमों के अभाव में दिल्ली में 3 लाख 89 हजार 883 से अधिक आवेदन लंबित हैं और 11 लाख 65 हजार 965 से ज्यादा लोग आज भी खाद्य सुरक्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिन्हें अब पारदर्शी और जरूरत-आधारित प्रणाली के तहत शामिल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि नए नियमों के तहत प्राथमिकता परिवारों की पहचान के लिए आय सीमा को व्यावहारिक बनाया गया है। पहले यह आय सीमा एक लाख रुपये थी। इसके लिए राजस्व विभाग की ओर से जारी आय प्रमाणपत्र अनिवार्य किया गया है, जिससे स्व-प्रमाणन (सेल्फ वेरिफिकेशन) की व्यवस्था समाप्त होगी। नए नियमों के अनुसार ऐसे परिवार जिनके पास दिल्ली में ए से ई श्रेणी की कॉलोनियों में संपत्ति है, जो आयकर देते हैं, जिनके पास चार पहिया वाहन है (रोजी-रोटी के लिए इस्तेमाल होने वाला एक कमर्शियल वाहन इसमें शामिल नहीं है), जिनके परिवार का कोई सदस्य सरकारी सेवा में है या जिनके घर में 2 किलोवाट से अधिक का बिजली कनेक्शन है, इस योजना के पात्र नहीं होंगे।

### जिला स्तर पर प्राथमिकता तय होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब 'पहले आओ-पहले पाओ' की व्यवस्था समाप्त कर जिला स्तरीय समितियों के माध्यम से आवेदनों की जांच, स्वीकृति और क्रमबद्ध प्राथमिकता तय की जाएगी। इससे सबसे अधिक जरूरतमंद परिवारों को सूची में आगे स्थान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिला स्तरीय समिति को प्राथमिकता निर्धारण की केंद्रीय इकाई बनाया गया है। इसकी अध्यक्षता जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) या अपर जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) करेंगे। समिति में स्थानीय विधायक और संबंधित अधिकारी शामिल होंगे।

## सरकार को राशन कार्ड बनाना है तो प्रत्येक विधानसभा के एफएसओ कार्यालय में बनाए : यादव

**नई दिल्ली।** भाजपा की रेखा गुप्ता दिल्ली सरकार द्वारा राशन कार्ड बनाने के निर्णय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाए है। यादव ने कहा कि अगर वाकई में सीएम रेखा गुप्ता गरीबों व जरूरतमंदों का राशन कार्ड बनाना चाहती है तो उसके लिए व्यावहारिक प्रक्रिया अपनाए। यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि सीएम को चाहिए कि राशन कार्ड बनाने के लिए प्रत्येक विधानसभा के एफएसओं कार्यालय में यह सुविधा क्यों नहीं दे रही। सीएम रेखा बताऐं कि आखिर एफएसओं कार्यालय की बजाय जोनल सहायक आयुक्त कार्यालय में ही क्यों राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया चलाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएम व भाजपा का अच्छे से समझना चाहिए कि गरीब मजदूर, निम्न व मध्यम वर्गीय, छोटा मोटा रोजगार करने वाला आदमी अपना काम धंधा छोड़कर कैसे कई कई किलोमीटर दूर चलकर अपना पूरा दिन बर्बाद करने के बाद या अपना राशन कार्ड बनवा पाएगा। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के इस कदम से गरीब मजदूर, निम्न व मध्यम वर्गीय, छोटा मोटा रोजगार करने वाला आदमी बुरी तरह प्रभावित होगा। यादव ने कहा के आम जनता को राशन कार्ड बनाने के लिए अब अपना पूरा दिन बर्बाद करके जोनल सहायक आयुक्त कार्यालय जाना होगा।

## कांग्रेस की भाजपा सरकार से मांग, पूर्वांचलियों के लिए बनाया जाए पूर्वांचल मंत्रालय

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में शनिवार को मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि दिल्ली में पूर्वांचल वासियों की भारी संख्या और उनके योगदान को देखते हुए भाजपा की दिल्ली सरकार तुरंत पूर्वांचल मंत्रालय बनाए। यादव ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान मैथिली भोजपुरी अकादमी की स्थापना की गई और पूर्वांचल के लोगों के लिए छठ घाट और छठ पर्व की छुट्टी घोषित की थी। इस अवसर पर यादव के अलावा कार्यक्रम के आयोजक पूर्वांचल सेल के चेयरमैन प्रो सुधांशु कुमार, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, सांसद पप्पू यादव, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, एआईसीसी सचिव वीपी सिंह, सह सचिव प्रणव झा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, आब्र्जवर एडवोकेट सुनील कुमार, पूर्वांचल सेल चेयरमैन सुधांशु कुमार, उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय, किसान सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता और पूर्वांचल सेल के पदाधिकारी मौजूद थे। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि मैं दिल्ली का रहने वाला हूं, मैंने पूर्वांचल के लोगों की परेशानियों और संकट को महसूस किया। मैंने करीब से देखा है कि कैसे उन्होंने संकट और परेशानियों का सामना करके दिल्ली को बनाने और संवारने का काम किया है।

## निगम ने 31 जनवरी तक बढ़ाई 'सुनियो योजना'

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने दावा किया है कि इस बार निगम ने अपनी विशेष सुनियो कर माफी योजना के तहत संपत्ति कर वसूली को शानदार बढ़त मिली है। निगम का कहना है कि लोगों द्वारा जबरदस्त पसंद की जा रही सुनियो योजना को अब बढ़ाकर 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दिया है। निगम द्वारा दी गई जानकारी अनुसार चालू वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान संपत्ति कर संग्रह में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। निगम ने 31 दिसंबर 2025 तक, असेसमेंट एंड कलेक्शन विभाग द्वारा 2,705 करोड़ से अधिक का संपत्ति कर संग्रह किया है, जो। यह पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 45 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2024–25 की तुलना में कुल संपत्ति करदाताओं की संख्या 10,31,177 से बढ़कर 12,43,375 हो गई है, जो लगभग 21 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है। निगम का कहना है कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व, निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग तथा असेसमेंट एंड कलेक्शन विभाग के सतत प्रयासों का परिणाम है। असेसमेंट एंड कलेक्शन विभाग इस रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन का श्रेय निगम आयुक्त अश्विनी कुमार के नेतृत्व में अपनाई गई बहुआयामी रणनीति को देता है। इस अभूतपूर्व संग्रह का मुख्य कारण सुनियो संपत्ति कर माफी योजना 2025–26 रही है।

## सदन के वीडियो में नहीं हुई छेड़छाड़, एफएसएल रिपोर्ट ने की पुष्टि : विजेंद्र

**नई दिल्ली।** सदन की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग में किसी भी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। शब्दशः कार्यवाही और ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग पूर्णतः एक-दूसरे से मेल खाते हैं। यह बात शनिवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने एफएसएल रिपोर्ट मिलने के बाद कही। अध्यक्ष ने प्रैसवार्ता में एफएसएल रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि समानांतर जांच एवं राज्य एजेंसियों के संभावित दुरुपयोग से जुड़े गंभीर प्रश्नों के मद्देनजर, इस पूरे मामले की जांच  केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराई जा सकती है। इस संबंध में निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एफएसएल रिपोर्ट अपने निष्कर्षों में पूर्णतः स्पष्ट और निर्णायक है। वीडियो विश्लेषण प्रणाली के माध्यम से फ्रेम-टू-फ्रेम की गई जांच में ऑडियो अथवा वीडियो में किसी भी प्रकार के परिवर्तन, हेरफेर या छेड़छाड़ के कोई संकेत नहीं पाए गए हैं। रिपोर्ट सदन की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग की प्रामाणिकता, मौलिकता और अखंडता की पुष्टि करती है। अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि इस मामले में जालंधर न्यायालय द्वारा पारित आदेश केवल एक अंतरिम आदेश है, न कि तथ्यों, दोष या निर्दोषता का अंतिम निर्धारण। उन्होंने कहा कि यह आदेश एक ऐसी फॉरेंसिक रिपोर्ट पर आधारित है, जिसकी प्रक्रिया, मापदंड और चेन ऑफ कस्टडी की न तो जांच की गई और न ही उसे चुनौती दी गई। अंतरिम आदेश को निर्णय के रूप में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता और न ही सत्य को दबाने के लिए राजनीतिक ढाल के रूप में प्रयोग किया जा सकता।

## अब विधानसभा की जांच में भी साफ हुआ,'गुरु' शब्द का नहीं हुआ इस्तेमाल : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** भाजपा के मंत्री कपिल मिश्रा ने फर्जी वीडियो बनाकर गुरुओं की बेअदबी की है, अब यह बात विधानसभा अध्यक्ष द्वारा दिल्ली सरकार की फॉरेंसिक जांच साफ हो गई है कि वीडियो में कहीं भी 'गुरु' शब्द का इस्तेमाल नहीं हुआ है। यह बात शनिवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कही। सौरभ ने कहा कि इससे पहले पंजाब पुलिस की जांच में भी साफ हो चुका है कि नेता विपक्ष आतिशी ने 'गुरु' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है। दोनों जांच से साबित हो गया है कि कपिल मिश्रा ने गुरुओं की बेअदबी की है। इसलिए भाजपा कपिल मिश्रा को बर्खास्त करें।



## खबर संक्षेप

### पैसे चोरी करने के मामले में घरेलू सहायिका गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना बीपीटीपी की टीम ने घर से चोरी करने के एक मामले में घरेलू सहायिका को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि थाना बीपीटीपी क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-82 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने शिकायत दी कि उसने अपने घर की अलमारी में लगभग 11 लाख रुपए रखे हुए थे। 15 जनवरी 2026 को जब उसने पैसे निकालने के लिए अलमारी खोली, शिकायत के आधार पर थाना बीपीटीपी में चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच एवीटीएस-2 टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तालिम वासी हथिन, नूंह को खेड़ीपुल से देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद में शस्त्र अधिनियम की धारा के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### दो वाहन चोर गिरफ्तार 3 मोटरसाइकिल बरामद



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग मामलों में दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसंबर 2025 को थाना पल्ला में एक मोटरसाईकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया था आरोपी दिपांशु निवासी खेडी महम रोहतक हाल बदरपुर दिल्ली को चोरी की मोटरसाईकिल सहित बाई पास रोड सेक्टर-35 के पास से गिरफ्तार किया है। टीम ने थाना सूरजकुंड में दर्ज एक कार्रवाई करते हुए जलालुदीन वासी गांव लिहिंगा कंला, नुहूं को पुलिस पर लेकर चोरी की दो बाइक बरामद की है।

## ननि कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त के समक्ष 11 सूत्रीय मांग पत्र पर की चर्चा

# निगम कर्मचारियों के लिए हाई राइज बिल्डिंग का होगा निर्माण: नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियो द्वारा नगर आयुक्त सहित निगम अधिकारियों के समक्ष कर्मचारी हित तथा निगम हित के 11 सूत्रीय मांग पत्र पर चर्चा की गई।

जिसके क्रम में कर्मचारी हेतु कैशलेस चिकित्सा सुविधा, कर्मचारियों के लिए विभागीय पदोन्नति, कर्मचारियों के लिए आवासीय समस्या के समाधान के क्रम में भावनाओं की मरम्मत का कार्य, समस्त जोन में नए फर्नीचर की सुविधा, सभी जोन में वाटर कूलर की सुविधा, रिकॉर्ड रूम स्थापित करने की सुविधा, मुख्यालय भवन में सेंट्रलाइज्ड वातानुकूलन व्यवस्था, कर्मचारियों के आईडी कार्ड की सुविधा, विजयनगर जोनल कार्यालय को प्रारंभ करने, मालियों के लिए सेवा केंद्र की स्थापना कराने को लेकर चर्चा की गई, नगर आयुक्त द्वारा सभी बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा मांग पत्र के बिंदु संख्या तीन पर विशेष ध्यान देते हुए कर्मचारियों के लिए निगम भूमि पर हाई राइज बिल्डिंग का





निर्माण करने की योजना है बताया गया। गांधीनगर, मधुबन बापूधाम तथा राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में निगम की भूमि पर अपर नगर आयुक्त से लेकर सभी स्थाई अकेंद्रीय कर्मचारी एवं केंद्रीय सेवा के अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए हाई राइज अपार्टमेंट और बिल्डिंग निर्माण पर चर्चा की गई । मौके पर उपस्थित नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनुराग नागर द्वारा कर्मचारियों के लिए आवासीय समस्या के समाधान को सुनकर धन्यवाद किया गया।

#### अधिकारियों को दिए निर्देश

कर्मचारियों के हित में नगर आयुक्त के समक्ष रखे गए मांग पत्र पर चर्चा के साथ-साथ समाधान भी किया गया, विजयनगर जोनल कार्यालय शीघ्र प्रारंभ करने की निर्देश दिए गए, समस्त जोन में आवश्यकता को देखते हुए फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए भी विभाग को निर्देशित किया गया, अन्य बिंदुओं पर भी एक सप्ताह में निर्णय लेते हुए कार्यवाही करने के निर्देश टीम को दिए गए, 345 कर्मचारियों तथा 84 अधिकारियों हेतु हाई राइज बिल्डिंग का निर्माण का निर्णय भी लेते हुए कार्य योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए, मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, महाप्रबंधकजल कामाख्या प्रसाद आनंद, डॉ अनुज प्रभारी उद्यान उपस्थित रहे, नगर निगम कर्मचारी संघ से उपाध्यक्ष मयूर गिरधर, संगठन मंत्री आकाश शर्मा, उप मंत्री भीम सिंह, अरविंद त्यागी प्रदीप राठी भी उपस्थित रहे।

## एनजीओ, आरडब्ल्यूए, हाउसिंग सोसायटी, मास्टर ट्रेनर्स एवं समर्पित स्वयंसेवकों के साथ स्वच्छता विषय को लेकर बैठक

# नगर निगम में कूड़ा उठाने वाले वेंडरों को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य, नहीं तो होगी कार्यवाही: आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद के अंतर्गत कार्यरत सभी एनजीओ, आरडब्ल्यूए, हाउसिंग सोसायटी, मास्टर ट्रेनर्स एवं समर्पित स्वयंसेवकों के साथ स्वच्छता से संबंधित चल रही गतिविधियों की समीक्षा तथा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के एजेंडा पर विस्तार से चर्चा हेतु एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक माननीय नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल, कक्ष संख्या 100 में संपन्न हुई। बैठक में स्वच्छता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए तथा हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कूड़ा उठान से संबंधित आए सुझावों के बाद कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत कूड़ा उठाने के लिए कार्य कर रहे वेंडर सर्वप्रथम नगर निगम में अपना रजिस्ट्रेशन कराएं अन्यथा निगम द्वारा कराए



जा रहे सर्वे के बाद बिना रजिस्टर्ड वेंडरों पर कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बैठक में उपस्थित हितधारकों को कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बल्क वेस्ट के निस्तारण को लेकर गेटेड सोसायटी एवं आरडब्ल्यूए की भूमिका पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार बल्क वेस्ट का वैज्ञानिक एवं प्रभावी निस्तारण किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्र में आने वाली गेटेड सोसायटी की संख्या को लेकर भी सर्वे कराया जाएगा। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि स्वच्छता के कार्य में सहयोग करने वाले संस्थाओं के सदस्यों को वालंटियर बनाया जाएगा ताकि वे आमजन को भी नगर निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर अन्य नागरिकों को भी जागरूक कर सके।

#### सुझावों पर गंभीरता से विचार करें

बैठक में उपस्थित समाजसेवियों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों एवं हाउसिंग सोसायटी के गणमान्य जनों ने भी अपने-अपने सुझाव रखें। नगर निगम आयुक्त ने आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी सुझावों पर निगम द्वारा गंभीरता से विचार किया जाएगा। बैठक में जीरो वेस्ट घर की अवधारणा को अपनाने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर एसबीएम एक्सपर्ट कल्पना मंडल, सफाई निरीक्षक मुख्यालय बिशन तेवतिया, सफाई निरीक्षक हरवीर रावत, सफाई निरीक्षक बृजमोहन शर्मा, सफाई निरीक्षक जगवीर चौहान, निगम प्रवक्ता जोगेंद्र रावत, मीणा भारद्वाज, बबीता सिंह, सरोज कुमार, पर्यावरणविद् पूर्णिमा रस्तोगी, इको क्लब, आहार सेवा संस्थान, विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन, जनकल्याण सोसायटी, को सवेरा, पर्यावरण संरक्षण टीम सहित रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## 300 स्कूलों के 1.25 लाख छात्रों ने की भागीदारी

# छात्र अविक अग्रवाल ने जीता 'स्पेल मास्टर ऑफ इंडिया' का खिताब




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत की सबसे लंबे समय से आयोजित हो रही स्पेलिंग प्रतियोगिताओं में शामिल एसबीआई लाइफ स्पेल-बी का ग्रैंड फिनाले सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मिर्ची के सहयोग से आयोजित 15वें संस्करण में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद मुंबई के पवई स्थित बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल के 11 वर्षीय मास्टर अविक अग्रवाल विजेता बने।

प्रतियोगिता में देशभर के 300 स्कूलों से 1.25 लाख से अधिक छात्रों की भागीदारी रही। जिसमें अविक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खिताब 'स्पेल मास्टर ऑफ इंडिया' अपने नाम किया। ग्रैंड फिनाले को भारतीय अभिनेत्री, फैशन डिजाइनर एवं टेलीविज़न प्रेजेंटर मंदिरा बेदी ने होस्ट किया। फिनाले में देश के शीर्ष युवा स्पेलर्स के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला, जहां स्पेलिंग की सटीकता, शब्दावली और सूझबूझ की परीक्षा हुई। लखनऊ के द मिलेनियम स्कूल के 13 वर्षीय कुशाग्र पांडे को फर्स्ट रनर-अप घोषित किया गया। जबकि जयपुर के प्रताप नगर स्थित भारतीय विद्या भवन की 13 वर्षीय जैस्मिन जॉनवाल सेकंड रनर-अप रहीं। राष्ट्रीय विजेता के रूप में अविक अग्रवाल को एक लाख रुपए की नकद राशि के साथ डिज्नीलैंड, हांगकांग की फ्री ट्रिप भी दी गई। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में सीएसआर चीफ रवींद्र शर्मा ने कहा कि यह थीम 'बी स्पेलियनेयर' हमारे भविष्य के लीडर्स के लिए बौद्धिक संपदा तैयार करने के हमारे प्रयास को दर्शाती है। वहीं, विजेता बने अविक अग्रवाल ने कहा कि यहां देशभर से छात्रों से मिलना बहुत अच्छा लगा और इस अनुभव से बहुत कुछ सीखा है। इस अवसर और मंच के लिए वे आयोजकों के आभारी है। यह प्रतियोगिता स्कूल, शहर, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई चरणों में आयोजित की गई।

# डॉ. बीपी त्यागी फ्री में लगाएंगे चार साल के बच्चे को एंटी रैबीज सीरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कनावनी पुलिया के पास चार साल के बच्चे पर स्ट्रे डॉग्स ने हमला किया, इस हमले में मासूम के सिर में आए हैं 36 टांके। यह तीसरी केटेगरी में आता है इसलिए टांके लगाने से पहले काटने कि जगह को साबुन से साफ़ करके उसमे एंटी रैबीज सीरम लगाना चाहिए था लेकिन जिस अस्पताल में इलाज हुआ उसने सीरम नहीं लगाया। जिसके कारण बच्चे की जान खतरे में है। अगर 24 घंटे के अंदर सीरम नहीं लगा तो बच्चे को हो सकता है रैबीज, जो की शतप्रतिशत जान लेवा है। सीरम (आरआईजी) या तो सरकारी अस्पताल तुरंत लगाएं या डॉ बीपी त्यागी हर्ष अस्पताल में उसे फ्री में लगायेंगे। बच्चे की हालत भी काफी गंभीर बताई जा रही है। डॉ. बीपी त्यागी ने बताया कि



गाजियाबाद नगर निगम स्ट्रीट डॉग्स पर कार्रवाई की बात करता है। लेकिन इस तरीके की घटनाएं कागजी खानापूर्ति की तरफ इशारा करती है। इस कागजी खानापूर्ति में गाजियाबाद नगर निगम सबसे आगे है। जहां एक तरफ इन स्ट्रीट डॉग्स को कैप्चर करने के लिए नगर निगम विभाग को सक्रिय होना चाहिए वहीं खुलेआम घूम रहे इन डॉग्स के हमले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। इस बार कनावानी इलाके में 4 साल के मासूम पर स्ट्रीट डॉग्स ने किया है।

## साइबर थाना सेंट्रल की बड़ी कार्रवाई

# एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी, दो फोन कॉलर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पल्ला फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दर्ज कराई थी कि 12 नवंबर 2025 को उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाली महिला ने स्वयं को फ्लाई एविशन ग्रुप सर्विस में कार्यरत बताते हुए कहा कि उनकी कंपनी एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ की नौकरी दिलवाने का कार्य करती है।

इसके बाद उसका तथा उसकी बहन का फोन पर इंटरव्यू लिया गया



और कुछ समय बाद उन्हें चयनित होने की बात कही गई।

आरोपियों ने ड्रेस, कैंटीन कार्ड, ट्रेनिंग व अन्य औपचारिकताओं के नाम पर शिकायतकर्ता से 43800 रुपए बैंक खाते में जमा करवा लिए, लेकिन उन्हें कोई जॉइनिंग लेटर प्राप्त नहीं हुआ, तब शिकायतकर्ता को अपने साथ धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ। जिस पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने विशाल कुमार निवासी अमर नगर फरीदाबाद व योगेश कुमार निवासी गांव डेहरियामा जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विशाल और योगेश दोनों मिलकर कॉलिंग का काम करते थे, आरोपियों ने शिकायतकर्ता के पास कॉल किया और उसे नौकरी देने के बहाने से अपने झांसे में लिया और 43800 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। अदालत में पेश कर दोनों आरोपियों को आगामी पूछताछ के लिए 4 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## शिकायत के आधार पर मामला दर्ज

# मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर की ठगी, खाताधारक धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना एनआईटी की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा लाभ कमाने का लालच देकर ठगी करने के एक मामले में खाताधारक को माधोपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-21 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति द्वारा साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि दिनांक 18 नवम्बर 2025 को उसके टेलीग्राम पर शेयर मार्केट में निवेश कर पैसे कमाने संबंधी एक संदेश प्राप्त हुआ। इसके बाद उसने टेलीग्राम के माध्यम से ठगों से संपर्क किया तथा निवेश के नाम पर 20,000 रुपए की राशि जमा की। कुछ समय बाद उसे निवेश पर मोटा लाभ दिखाया गया।

जब उसने अपनी राशि निकालने के लिए कहा तो ठगों ने पैसे निकालने के नाम पर 35,932 की अतिरिक्त राशि मांगी, जिसे उसने उनके बताए गए बैंक खाते में भेज दिया। इसके बाद अलग-अलग बहाने बनाकर उससे कुल 3,35,096 की राशि ठग ली गई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## सम्मान समारोह का आयोजन

# जजपा ने हल्का अध्यक्ष एवं युवा हल्का अध्यक्षों की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जननायक जनता पार्टी में संगठन के विस्तार करते हुए फरीदाबाद लोकसभा में विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की।

आज जेजेपी जिला कार्यालय सेक्टर-65 में जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी एवं युवा जिला अध्यक्ष पवन जाखड़ व प्रभारी रंजीत ठाकुर द्वारा नवनियुक्त हल्का अध्यक्ष और युवा हल्का अध्यक्षों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विचार-विमर्श कर फरीदाबाद में टीम को मजबूत करने के लिए विधानसभा के हिसाब से युवा हलका अध्यक्षों की नियुक्ति कर संगठन को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद में धीरज ठाकुर को



हल्का अध्यक्ष और एस सी प्रकोष्ठ में अनिल बाल्मीकि की नियुक्ति की इसके अलावा फरीदाबाद में युवा कार्यकारिणी में पृथला से संजय ठाकुर, फरीदाबाद से तुषार चौहान, बड़खल से राकेश मनचंदा, बल्लभगढ़ से राजा राम गुप्ता, फरीदाबाद एनआईटी से शाद खान, तिगांव से मनोज अलीपुर ग्रामीण व मनमोहन शर्मा शहरी को विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त सभी पदाधिकारी का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि सभी साथियों की मेहनत से पार्टी को जिaले में मजबूत करने का काम करेंगे।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष पवन जाखड़, युवा प्रभारी रंजीत ठाकुर, हाजी करामत अली, जितेंद्र चौधरी, अमर सिंह दलाल, राजेश डागर, दरियाब टोंक, सूरत चौहान, सोराज आधाना, रवि शर्मा, राजवीर गुर्जर, अमित टंडन सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आरोपी के पास से एक देशी पिस्टल व खाली मैगजीन बरामद

# बीस लाख नहीं देने पर नाबालिग ने की हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या, आरोपी काबू, मामला दर्ज

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

हिस्ट्रीशीटर मनोज ओझा की हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक और नाबालिग आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने नाबालिग आरोपी के कब्जा से एक देशी पिस्टल व एक खाली मैगजीन बरामद की है।

हत्यारोपित हिस्ट्रीशीटर के साथ किसी और की हत्या करने के लिए हिसार गए थे। जिसकी एवज में आरोपियों को बीस लाख रुपए देने तय हुए थे। बीस लाख रुपए नहीं देने पर कहासुनी के बाद मनोज ओझा की हत्या कर दी गई। मनोज ओझा एक कुख्यात अपराधी व हिस्ट्रीशीटर था, जिस पर हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट व चोरी समेत कुल 16 आपराधिक मामले दर्ज थे। दरअसल, 13 जनवरी की शाम खेड़कीदौला थाना पुलिस को टोल के पास एक व्यक्ति को गोली लगने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को मेदांता अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान दिल्ली के छतरपुर निवासी मनोज ओझा (34) के रूप में हुई। इसके बाद सीन-ऑफ-क्राइम, एफएसएल व फिंगरप्रिंट टीमों को बुलवाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान एक बोलेरो गाड़ी खड़ी मिली, जिसमें से दो लोडेड पिस्टल बरामद हुए। पुलिस जांच में सामने आया कि मनोज ओझा एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था। जिस पर हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट व चोरी सहित कुल 16 आपराधिक मामले दर्ज थे। वह दो मामलों में सजायाफ्ता था और वर्ष-2025 में जमानत पर जेल से बाहर आया था।

#### भाई के पास वॉइस रिकॉर्डिंग भेजी

मृतक के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे 13 जनवरी शाम करीब 4:48 बजे उसके भाई मनोज के व्हाट्सएप नंबर से एक वॉयस रिकॉर्डिंग मिली, जिसमें बताया गया था कि उसके भाई को गोली मार दी। जब इसने अपने भाई को कॉल किया तो एम्बुलेंस चालक ने बताया कि वह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल है और उसे मेदांता अस्पताल ले जा रहे हैं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### मर्डर के नाम पर बीस लाख नहीं देने पर की हत्या

नाबालिग आरोपी से की गई पूछताछ में खुलासा हुआ कि मनोज ओझा ने उसे दिल्ली में एक हत्या के प्रयास के केस में बीस लाख रुपए देने थे। जो उसने नहीं दिए। वहीं हिसार में भी एक हत्या करने के केस में बीस लाख रुपए देने तय हुए थे। जिसके लिए नाबालिग अपने साथी लोकेश व मनोज ओझा के साथ हिसार गए थे। वारदात को अंजाम देने के लिए रेकी भी की, परंतु ये वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो पाए। हिसार से दिल्ली लौटते समय 13 जनवरी को मानेसर के पास मनोज ओझा ने बीस लाख रुपए देने से मना कर दिया। जिसके बाद लोकेश व नाबालिग की उसके साथ कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते नाबालिग ने गाड़ी में रखे 03 अवैध हथियारों में से अपने पास रखे 01 हथियार से खेड़की दौला टोल प्लाजा के पास मनोज ओझा को गोली मारकर हत्या कर दी। जिसके बाद लोकेश और नाबालिग वहां से भाग गए थे।

### खाते से एक लाख 95 हजार की ठगी चार पकड़ाएं

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने ट्रैफिक चालान के नाम पर एपीके फाइल भेजकर ऑनलाइन ठगी करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-85 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया कि दिनांक 29 दिसम्बर 2025 को उसके मोबाइल फोन पर एक संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें ट्रैफिक चालान से संबंधित एक लिंक दिया गया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जोनी पुत्र श्री हरी किशन पता मकान नं: डी–13, मंगोलपुरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 1060/2022 धारा 33 दिल्ली एक्साईज एक्ट के तहत** थानाः **मंगोलपुरी**, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जोनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जोनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं. 1060/2022 धारा 33 दिल्ली एक्साईज एक्ट के तहत थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त जोनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**रितिका जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 05**
**नार्थ वेस्ट कोर्ट नं.105**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/685/OD/2026

# माघ में मौनी के महास्नान को संगम नगरी में उमड़ी भीड़, मुख्य पर्व का स्नान आज




एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ के ठीक बाद माघ मेला के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर पावन संगम की पवित्र रेती पर शनिवार से ही जन समुद्र उमड़ने लगा है। माघ के इस मुख्य पर्व के स्नान का शुभ मुहूर्त रविवार भोर में चार बजे के बाद का है, लेकिन देश भर से श्रद्धालु शनिवार से ही मेला क्षेत्र में पहुंचने लगे हैं।

**शनिवार शाम से डायवर्जन प्लान लागू :** मेला प्रशासन का अनुमान है कि लगभग साढ़े तीन से चार करोड़ के बीच श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाएंगे। इसके मुताबिक ही सभी प्रबंध किए गए हैं। शहर से लेकर माघ मेला तक का ट्रैफिक डायवर्जन विशेष रूप से लागू हो गया है। शनिवार शाम को जिला स्तर का डायवर्जन प्लान लागू हो जाएगा।

*माघ मेला में मौनी अमावस्या के महास्नान के लिए संगम नगरी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। मुख्य स्नान 18 जनवरी को है, जिसका शुभ मुहूर्त भोर में 4 बजे के बाद है। प्रशासन ने लगभग साढ़े तीन से चार करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान लगाया है। शहर में ट्रैफिक डायवर्जन लागू हो गया है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।*

### ट्रेन व बस से भारी संख्या में संगम नगरी आ रहे श्रद्धालु

शनिवार को ट्रेनों और रोडवेज बसों के साथ ही टाटा मैजिक, ट्रकों व ट्रैक्टर ट्राली भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा लोग निजी वाहनों से आ रहे हैं। लगभग एक लाख 30 हजार वाहनों की क्षमता के कुल 42 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इसी तरह लगभग तीन लाख क्षमता के 16 होल्डिंग एरिया हैं। माघ मेला के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर तीर्थराज में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर प्रशासन से लेकर शासन तक हर पल की जानकारी ले रहा है। स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह 10 बजे उच्चाधिकारियों से वार्ता की। वह शाम चार बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग कर महास्नान के प्रबंधों को परखेंगे। मुख्य सचिव समेत कई अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिवों ने भी अपने विभागों के उच्चाधिकारियों को तत्परता और सतर्कता के साथ मेला में ड्यूटी करने के निर्देश दिए हैं।

### शनिवार रात 12 बजे से तीनों पुलों पर सिर्फ पैदल यात्री ही चलेंगे

डीजीपी ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अलर्ट मोड में रहने के लिए निर्देश दिए हैं। मेला में 10 हजार पुलिसकर्मी तैनात हैं। मौनी अमावस्या पर गंगा पर फाफामऊ आजाद सेतु, यमुना पर नया और पुराना पुल बंद रहेगा। तीनों पुलों पर सिर्फ पैदल यात्रियों का ही आवागमन हो सकेगा। शनिवार रात 12 बजे से रविवार रात 12 बजे तक 24 घंटे तक तीनों पुलों को बंद रखने का प्रशासन ने निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने जारी की 87 मोस्ट वांटेड की सूची

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में सक्रिय 87 मोस्ट वांटेड अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। राज्य पुलिस ने इन अपराधियों की धरपकड़ के लिए सूची और तस्वीरें जारी की हैं। अपराधियों पर हत्या, डकैती, रंगदारी, लूट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।




### पट्टीदारों ने आधार कार्ड छीना, पोल पर चढ़ गया

**गोरखपुर।** जिले के तिवारीपुर के घसीकटरा चौराहे पर पुलिस चौकी के पास शनिवार को एक युवक अपना आधार कार्ड दिलाने की मांग को लेकर स्ट्रीट लाइट के पोल पर चढ़ गया। युवक का कहना था कि उसके पट्टीदारों ने उसका आधार कार्ड छीन लिया है। हालात तब और गंभीर हो गए, जब उसने अपने जैकेट में आग लगा ली। दमकल कर्मियों ने मकान की बालकनी से उसे रेस्क्यू कर लिया।



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान

# काशी को बदनाम करने की कोशिश टूटी मूर्तियां लाकर फैलाया जा रहा भ्रम

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

*वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर पुनरुद्धार कार्य के दौरान ऐतिहासिक चबूतरे और अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति को बुलडोजर से ढहाए जाने के बाद लोगों के गुस्सा फूट पड़ा है। हालांकि वाराणसी के मेयर और क्षेत्रीय विधायक ने मणिकर्णिका घाट पहुंचे इस मामले पर सफाई भी दी*

काशी के मणिकर्णिका घाट पर चल रहे पुनर्विकास कार्य को लेकर पिछले 6-7 दिनों से राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। जेसीबी से प्राचीन संरचनाओं को ढहाए जाने की तस्वीरों से उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में माहौल गरमा गया है। विपक्षी दलों के लगातार हमले के बीच शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी पहुंचकर सबसे विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे, यहां उन्होंने भगवान काशी विश्वनाथ का अभिषेक कर पूजा आराधना की।

**काशी को मिली वैश्विक पहचान:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां प्रेस से बातचीत में कहा, काशी अविनाशी है, हर सनातनी काशी के प्रति श्रद्धा का भाव रखता है। आज काशी को वैश्विक पहचान मिली है। पिछले 11 साल में काशी का विकास हुआ है। काशी का प्रतिनिधितत्व देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते है। वाराणसी दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि काशी के विकास के लिए कई परियोजना चल रही है।

### 2014 से पहले खराब थी काशी की स्थिति



उन्होंने कहा कि, 2014 से पहले काशी की घाट की स्थिती खराब थी देश का सबसे बडा नमो घाट आज काशी के अंदर है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम का काशी में गंगाजल स्नान करने लायक नहीं था, आज आप काशी में स्नान कर सकते है। आज काशी की सभी सड़कें फोरलेन से जुडी है। काशी में आज जाम नहीं लगता है। काशी में देश के अलग-अलग ट्रेन की सेवा है।

### काशी में नए-नए संस्थान खुल रहे

काशी में समग्र विकास की परियोजना चल रही है। काशी में नए-नए संस्थान खुल रहे है। वाराणसी स्थित मणिकर्णिका घाट में चल रहे प्रोजेक्ट के बीच योगी आदित्यनाथ का यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोग काशी के विरासत को सदैव बदनाम करते है। कुछ लोग काशी को लेकर लगातार साजिश रचते है। काशी को लेकर लगातार साजिश हो रही है। आज काशी आने में किसी को भय नहीं है। आज काशी में किसी से भेदभाव नहीं होता है।

### काशी में रोजगार के नए अवसर

सीएम ने कहा कि काशी का देश के जीडीपी में योगदान है। काशी में रोजगार के नए अवसर आए है। गत वर्ष में 11 करोड़ लोगों ने काशी के विकास को देखा। उन्होंने कहा कि मणिकर्णिका घाट के लिए एक कार्यक्रम का काम हो रहा सीएसआर के पैसा से हो रहा है। सरकारी पैसे से नहीं हो रहा है। मणिकर्णिका घाट को लेकर बदनाम किया जा रहा है, प्रलाप किया जा रहा है। सनातन धर्म में अंतिम संस्कार होता है। उन्होंने कहा कि मणिकर्णिका घाट पर लोग अंतिम संस्कार करने आते है। कोई अपने प्रियजन को अंतिम विदाई भी सम्मान से नहीं दे पाते है। अहिल्याबाई होल्कर को कांग्रेस पार्टी ने कभी सम्मान नहीं दिया। कुछ लोग विकास में बाधा पहुंचा रहे है। काशी को लेकर अनर्गल बयानबाजी कर रही है। वहीं, विपक्ष (सपा, कांग्रेस) आरोप लगा रहा है कि विकास के नाम पर सदियों पुरानी मूर्तियां, विशेषकर देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा, तोड़ी गई हैं।

### मंत्री संग की सीमांचल के विकास पर चर्चा

# बंगाल जाने के दौरान पूर्णिया में रुके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



एजेंसी ▶▶ पूर्णिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बंगाल जाने के दौरान ट्रांजिट विजिट पर पूर्णिया सैन्य हवाई अड्डा पहुंचे। एयरपोर्ट परिसर में बिहार सरकार के उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री का यह संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण दौरा सीमांचल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। एयरपोर्ट परिसर में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल के बीच सीमांचल के समग्र विकास को लेकर गहन चर्चा हुई। बातचीत के दौरान क्षेत्र में उद्योगों की अपार संभावनाओं, निवेश के नए अवसरों, सड़क नेटवर्क के विस्तार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया।

**नए पुल व राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन की जरूरत :** पूर्णिया, किशनगंज, अररिया और कटिहार को जोड़ने वाली सड़कों के विस्तार, नए पुलों के निर्माण और राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन की जरूरत पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को गति देने के लिए केंद्र सरकार का सहयोग आवश्यक है।

### सही नीति व निवेश से तेजी से किया जा सकता विकसित

मंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि सीमांचल प्राकृतिक संसाधनों और मानव संसाधन से समृद्ध क्षेत्र है, जिसे सही नीति और निवेश से तेजी से विकसित किया जा सकता है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को सीमांचल की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने चाय बागानों, फलों और सब्जियों की उपज, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, वस्त्र उद्योग, पर्यटन और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया। मंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में निवेश से लाखों स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### ड्रोन के साथ पतंगबाजी...

है। होटल रेडिसन से लेकर स्टेडियम तक प्रशंसकों का तांता लगा है। शनिवार सुबह न्यूजीलैंड की टीम ने नेट पर अभ्यास किया, जबकि भारतीय टीम दोपहर 1 बजे मैदान पर उतरी। इस दौरान कई खिलाड़ी उज्जैन में बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने भी पहुंचे। पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर नागरिकों को सचेत किया है कि वे अनाधिकृत व्यक्तियों से टिकट खरीदने के चक्कर में न पड़ें, अन्यथा उनका बैंक खाता खाली हो सकता है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चल रही तीन मैचों की वनडे सीरीज वर्तमान में 1-1 की बराबरी पर खड़ी है। सीरीज का पहला और दूसरा मैच जीतने के बाद दोनों टीमें आज इंदौर में आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला सीरीज का अंतिम और निर्णायक मैच है, जो टीम यहां जीत दर्ज करेगी, सीरीज की ट्रॉफी उसी के नाम होगी। निर्णायक मैच होने के कारण क्रिकेट प्रेमियों में इस मुकाबले को लेकर विशेष रोमांच देखा जा रहा है।

### जहां इंडी गठबंधन ...

था कि किसी का भी नाम न काटा जाए। अर्थात, जो संदिग्ध मतदाता हैं और जिनके पास आधिकारिक और औपचारिक दस्तावेज नहीं हैं, उनके नाम भी न काटे जाएं। पश्चिम बंगाल की सरकार द्वारा दी गई मानसिक प्रताड़ना के कारण यह घटना हुई। यह दर्शाता है कि स्वस्थ और पारदर्शी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विपक्षी दलों की आस्था नहीं है। दूसरी ओर, पंजाब में यदि मीडिया ने कोई प्रतिकूल खबर प्रकाशित की, तो वहां के न्यूज़पेपर और मीडिया संस्थानों पर जिस तरह रेड की गई, लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई और कार्रवाई की गई, वह अपने आप में लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे का संकेत है।

भाजपा सांसद ने कहा कि विपक्षी दलों बताएं कि 2024 के बाद जितने भी चुनाव हुए हैं, यह तथाकथित इंडी गठबंधन एक के बाद एक बिखरता जा रहा है। लोकसभा और राज्यसभा में इंडी गठबंधन नाम की कोई भी चीज फ्लोर ऑफ द हाउस पर मौजूद नहीं है। हमारे एनडीए के नेता, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं और सभी एनडीए सहयोगी दलों ने बाकायदा मीटिंग करके नेता चुनकर लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को दे रखा है। मगर इंडी गठबंधन ने कोई पत्र राज्यसभा के सभापति या लोकसभा अध्यक्ष को नहीं दिया है कि सदन के पटल पर यह एक गठबंधन है और इसका नेता कोई व्यक्ति है। यानी यह गठबंधन वैसे ही हवा में निराधार था। 2025 में पहले दिल्ली में आम आदमी पार्टी अलग हुई, केरल के स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस और कम्युनिस्ट अलग-अलग लड़े और महाराष्ट्र के चुनावों में शिवसेना उबाठा (यानी उद्धव ठाकरे जी की शिवसेना) और कांग्रेस भी अलग हो गए। यह तय माना जाए कि बंगाल के चुनाव में टीएमसी कांग्रेस को कोई सीट नहीं देने जा रही है। तमिलनाडु के चुनाव में डीएमके, जो उनकी सबसे बड़ी सहयोगी दल है और जो इरेडिकेशन ऑफ सनातन धर्म यानी हिंदू धर्म को समूल नाश करने के संकल्प के लिए मशहूर है, वह 239 में से एक चौथाई सीट भी कांग्रेस को देने के लिए तैयार नहीं है। आम बोलचाल की भाषा में कहें तो, 'रुपये में चवन्नी' कहते हैं ना, वह चवन्नी लायक भी कांग्रेस की स्थिति नहीं समझी जा रही है। त्रिवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सबसे मुख्य विपक्षी दल, समाजवादी पार्टी पर बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के चुनावों में, उनके अरमानों पर जो गाज गिरी है। समाजवादी पार्टी केवल एक सीट जीत पाई है, जबकि भारतीय जनता पार्टी पहली बार मुंबई में मेयर बनाने जा रही है। एआई एमआईएम ने चार सीटें जीती हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी यह प्रश्न किया जाना चाहिए कि अब उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन का अस्तित्व है या नहीं? क्योंकि सपा ने उपचुनावों में कांग्रेस को कोई सीट नहीं दी थी और कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी को दिल्ली के चुनाव में कोई सीट नहीं दी थी। दिल्ली, मुंबई और पटना के अनुभव के बाद लखनऊ में अखिलेश यादव का क्या विचार है? यह देश की जनता जानना चाहती है कि इंडी गठबंधन अभी भी मौजूद है या अब समाप्त हो चुका है। आने वाले 2026 के चुनावों में भी इसकी गति दुर्गति की ओर बढ़ती दिखाई पड़ रही है। अब इन विपक्षी दलों को इस तथाकथित इंडी गठबंधन के नाम पर देश की जनता को मूर्ख बनाने का भ्रामक प्रचार छोड़ देना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि एसआईआर को लेकर अखिलेश यादव के स्वयं के बयान बड़े विचित्र और विडंबनापूर्ण हैं। जब उन्हें लगता है कि उनके वोटर एसआईआर में जुड़ गए हैं, तो वह बड़े खुश हो जाते हैं और कहते हैं कि 'भाजपा के वोटर कट गए हैं'। फिर उन्हें लगता है कि 'नहीं, अब उनके वोट कट रहे हैं और भाजपा के वोट जुड़ रहे हैं'।

### 20 जनवरी को ...

गई। प्रदेश के संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया और अर्चना गुप्ता ने भी इस संबंध में अपनी बातें रखीं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि रविवार को इस संबंध में प्रदेश के सभी 377 मंडल अध्यक्षों के साथ भी वर्चुअली बैठक होगी ताकि नीचे तक इसकी बेहतर रुपरेखा तैयार हो सके। इसके अलावा वीबी जीरामजी पर जिलों और विधानसभाओं में होने वाले सम्मेलनों के लिए भी सांसदों, विधायकों को बोला गया है। बडौली ने बताया कि सभी सम्मेलन 28 जनवरी तक करने हैं और वीबी जीरामजी के विषय में हर गांव और हर व्यक्ति तक जानकारी पहुंचे, इसके लिए सम्मेलनों को गांवों में भी किया जाए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि सांसद, विधायक, नगर निगम, नगर पालिका व परिषद चेयरमैन, ब्लाक समिति चेयरमैन कम से कम पांच गांवों में इस विषय को लेकर जाएंगे और सम्मेलन के रूप में कार्यक्रम कर जनता को कल्याणकारी वीबी जीरामजी योजना की विस्तृत जानकारी देंगे ताकि कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को हर स्तर पर बेनकाब किया जा सके। प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के सभी प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, प्रभारियों को भी इस संबंध में ग्रामीण चौपालों पर जाकर वीबी जीरामजी के बारे में लोगों को बताने के लिए कहा है। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि राज्य में प्रदेश अध्यक्ष बडौली के नेतृत्व में वीबी जीरामजी योजना के लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान लगातार चल रहा है। अब सम्मेलनों के साथ-साथ अभियान में तेजी लाते हुए हर विधानसभा में योजना की जानकारी देते होडिंग्स भी लगाए जाएंगे ताकि एक भी व्यक्ति के मन में वीबी जीरामजी को लेकर कंफ्यूजन न रहे। क्योंकि कांग्रेस केवल झूठ बोलकर लोगों इस संबंध में ग़लत जानकारी दे रही है, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता वीबी जीरामजी के बारे में तथ्यों के साथ जानकारी रखकर कांग्रेस के झूठ की पोल खोल रहे हैं।

### मुख्यमंत्री सैनी से...

भी भारत के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल है। दोनों की क्षमताएँ परस्पर पूरक हैं और इससे निवेश, व्यापार तथा रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकते हैं।ब्रिटिश कोलंबिया का क्लीन टेक्नोलॉजी में अनुभव, पर्यावरण से जुड़ी नीतियाँ, इनोवेशन सेंटर्स तथा पोर्ट ऑफ वैंकुवर जैसे पैसिफिक ट्रेड गेटवे हरियाणा के लिए विशेष महत्व रखते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा - कनाडा ट्रेड, जो वर्तमान में लगभग यूएसडी 280 मिलियन है, वो निरंतर बढ़ रहा है, विशेषकर इंजीनियरिंग गुड्स, ऑटो कंपोनेंट्स, आईटी सर्विसेज और प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स के क्षेत्र में। ब्रिटिश कोलंबिया के माध्यम से हरियाणा के निर्यात को कनाडा तक ओर बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने क्लीन एनर्जी और क्लाइमेट एक्शन को लेकर हरियाणा की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, एनर्जी स्टोरेज और ऊर्जा-कुशल औद्योगिक प्रक्रियाओं में सहयोग का आह्वान किया। साथ ही, स्टार्टअप्स और रिसर्च संस्थानों के बीच साझेदारी के माध्यम से क्लीन टेक्नोलॉजी के पायलट प्रोजेक्ट्स शुरू करने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा, डिजिटल और आईटी क्षेत्र में एआई आधारित समाधान, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और तकनीकी नवाचारों पर संयुक्त रूप से कार्य करने की संभावनाओं पर भी सहयोग पर चर्चा की गई। एग्री-फूड सेक्टर में वैल्यू-एडेड एग्रीकल्चर, कोल्ड-चेन, फूड सेफ्टी और निर्यात से जुड़े अनुभवों के आदान-प्रदान का स्वागत करता है। मुख्यमंत्री के सलाहकार, विदेशी सहयोग विभाग, पवन चौधरी ने कहा कि हरियाणा अंतरराष्ट्रीय सहभागिता के लिए एक सुव्यवस्थित, केंद्रित और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपना रहा है।

### कहा-यह 'स्मार्ट सिटी'...

ने 50-50 हजार के चैक देकर आर्थिक मदद की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भागीरथपुरा पहुंच कर जल-प्रदूषण त्रासदी से प्रभावित शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की। वे दूषित पानी से जान गंवाने वाली गीता बाई और जीवनलाल के परिवार से भी मिले। परिवारों के साथ खड़े होकर उनका दर्द सुना। भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज को दबाया नहीं जाएगा तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी रहेगी। इसके बाद राहुल संस्कार गार्डन पहुंचे। यहां उन्होंने दूसरे प्रभावितों से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश सह-प्रभारी संजय दत्त, श्रीमती उषा नायडू और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित अन्य नेता मौजूद थे।

### संभल में फिर चलेगा बुलडोजर

# सरकारी जमीन पर बना मदरसा,मकान होंगे ध्वस्त

एजेंसी ▶▶ संभल



यूपी के संभल में सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र में एक मदरसा और मकान अवैध निर्माण की जद में पाए गए हैं। राजस्व विभाग की टीम ने मदरसा रोड पर पैमाइश कर सरकारी भूमि को चिन्हित किया, जिसके बाद अब इन अवैध कब्जों के खिलाफ ध्वस्तीकरण और बेदखली की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अब फिर से यहां बुलडोजर चलाया जाएगा।

राजस्व टीम की जांच में सामने आया है कि गाटा संख्या 722 (खाद के गड्ढे) और गाटा संख्या 723 (पौधरोपण भूमि) के अंतर्गत आने वाली लगभग 1.05 हेक्टेयर (करीब 2 बीघा) जमीन पर अवैध निर्माण किया गया है। पैमाइश के दौरान मौके पर सात कमरों और एक हॉल वाला मदरसा तथा एक मकान सरकारी जमीन पर निर्मित मिला। प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार, नूर मोहम्मद और राशिद द्वारा किए गए ये निर्माण आंशिक रूप से सरकारी भूमि की सीमा के भीतर हैं। कोर्ट के नोटिस के बाद होगी कार्रवाई नायब तहसीलदार बबलू कुमार ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के निस्तारण के लिए पैमाइश का दौर जारी है। अवैध कब्जों को चिन्हित कर लिया गया है और अब निर्माण के सटीक हिस्से का नक्शा तैयार किया जा रहा है। तहसीलदार न्यायालय के माध्यम से सभी कब्जाधारकों को नोटिस भेजकर उनका पक्ष सुना जाएगा, जिसके बाद नियमानुसार बेदखली की सख्त कार्रवाई की

### आरजेडी की दूसरे दिन भी हाईलेवल मीटिंग

# संगठन विस्तार और तेजस्वी की बिहार यात्रा पर भी मंथन

एजेंसी ▶▶ पटना



पटना में लगातार दूसरे दिन भी आरजेडी की अहम बैठक हुई। शनिवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। विधायक, विस चुनाव के प्रत्याशी और पार्टी नेताओं के साथ बैठक में राजद ने संगठन,सदन, दोनों मोर्चों पर रणनीति तय की। प्रदेश राजद अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि राजद अब केवल प्रतिक्रिया की राजनीति नहीं करेगा, बल्कि संगठन विस्तार व जनसंपर्क को प्राथमिक एजेंडा बनाया गया है। बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने व तेजस्वी यादव की आगामी बिहार यात्रा को लेकर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में चर्चा हुई कि राजद बिहार को विशेष राज्य का दर्जा की मांग संसद के दोनों सदनों में एकजुटता के साथ उठाए जाय।

# खेल-खेल में जिंदा जल गए मासूम भाई-बहन, जमुई में दर्दनाक हादसा



एजेंसी ▶▶ जमुई

बिहार के जमुई से दिल को दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। यहां आग की चपेट में आने से भाई बहन की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के अनीता कुमारी (6) तथा मनीष कुमार (2) के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना बरहट थाना क्षेत्र के दुर्गम जंगली स्थान कुमरतरी गांव की है। अगलगी में मृत बच्चों का एक भाई बाल-बाल बच गया। जानकारी मिलते ही ग्रामीण दौड़े घटनास्थल पर पहुंचे तथा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किंतु, तब तक दोनों भाई बहन की मौत हो चुकी थी। घटना शुक्रवार की देर शाम हुई बताई जा रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मां, पिता एवं अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अगलगी में मृत बच्चों का एक भाई बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित का गांव एवं नदी के बीच खलिहान पर पुआल का झौपड़ी बना था। दोपहर बाद मृतका की मां उसी झोपड़ी में अपने छोटे बच्चे को सुलाकर अपने एक बेटी तथा बेटे को छोड़ बर्तन धोने नदी चली गई थी। बताया जाता है कि उसी झोपड़ी में माचिस था और खेल खेल में बच्चों ने माचिस जला दिया। माचिस से वहां मौजूद पुआल में आग लग गई और देखते देखते उनकी झोपड़ी आग की चपेट में आ गई।

## सार्वजनिक सूचना

सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि आर्टेमिस अस्पताल, सेक्टर-51, गुरुग्राम-122001, अस्पताल की अभिलेख संरक्षण नीति और लागू कानूनों के अनुसार, वर्ष 2021 से पूर्व की अवधि में इलाज किए गए रोगियों से संबंधित चिकित्सा अभिलेख विभाग (MRD) की कुछ फाइलों को नष्ट करने का प्रस्ताव करता है।

उक्त अवधि के अपने चिकित्सा अभिलेखों की प्रति चाहने वाले किसी भी रोगी या कानूनी उत्तराधिकारी से अनुरोध है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के भीतर वैध पहचान पत्र और सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित आवेदन करें।

उपरोक्त अवधि समाप्त होने के बाद प्राप्त अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा, और इसके बाद अभिलेखों की अनुपलब्धता के लिए अस्पताल जिम्मेदार नहीं होगा।

पत्राचार हेतु पता:
मेडिकल रिकॉर्ड्स डिपार्टमेंट (MRD)
आर्टेमिस अस्पताल,
सेक्टर-51, गुरुग्राम - 122001, हरियाणा

फोन: 0124-4511 111
दिनांक: 18 जनवरी, 2026
स्थान: गुरुग्राम

आर्टेमिस अस्पताल की ओर से
(आर्टेमिस मेडिकेयर सर्विसेज लिमिटेड की एक इकाई)

हरिभूमि रविवार भारती
haribhoomi.com
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली, रविवार 18 जनवरी 2026





इन दिनों पूरी दुनिया में जेन जी की काफी चर्चा हो रही है। बिल्कुल युवा इस पीढ़ी का चीजों को देखने का, जीवन को जीने का अलग अंदाज है। ये हर तरह के दबाव, तनाव और बंदिशों से मुक्त होकर जीने के कायल हैं। निकट भविष्य में इनकी जीवनशैली, फैशन सेंस और उनके वर्क पैटर्न में कई बदलाव देखने को मिलेंगे।

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

# आने वाले दिनों में बदल जाएगी जेन जी की लाइफस्टाइल

जेन जी का जिक्र आते ही उत्साह-उमंग से भरी युवा पीढ़ी की छवि मन में उभरती है। लेकिन कई मायने में यह जेनरेशन बहुत समझदार, व्यावहारिक और जीवन को पूरी तरह जीने में यकीन करती है। आने वाले दिनों में इनकी जीवनशैली, फैशन और कार्यशैली में कुछ नए बदलाव दिखेंगे।

**कूल लाइफस्टाइल को महत्व:** जेन जी के युवाओं का इंटेंशनल लिविंग पर जोर रहेगा। डिजिटल शोर से दूर रहने के लिए जेन जी, पुरानी आदतों जैसे हाथ से पत्र लिखना और शांतिपूर्ण व्यक्तिगत स्थान बनाने की ओर झुकाव दिखाएगी। वर्क कल्चर भी इस तरह बदलेगा कि वे अब केवल सैलरी नहीं बल्कि मेंटल हेल्थ, फ्लेक्सिबल वर्क और अपने वैल्यूज के साथ मैच करने वाले काम को प्राथमिकता देंगे।

**सबसे जरूरी हेल्थ-वेलनेस:** बढ़ती मानसिक बीमारियों के बीच जेन जी के युवा फिजिकल से ज्यादा मेंटल हेल्थ को लेकर अवेयर रहेंगे। कुछ अध्ययन साबित करते हैं कि 92 प्रतिशत युवा कार्यस्थल और स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करना चाहेंगे। युवा ऐसे भोजन और पेय पदार्थों की मांग करेंगे, जो न केवल स्वाद दें, बल्कि तनाव कम करने और ब्रेन हेल्थ मेंटेन करने में मदद करें। योग के साथ-साथ 'ब्रीदिंग टेक्नीक' (सांस लेने की तकनीक) तनाव प्रबंधन के लिए एक बड़ा ट्रेंड बनेगा।




**टेक्नोफैशन का ट्रेंड:** जल्द ही 'व्हाइट लग्जरी' (शांत विलासिता) का दौर खत्म होगा और जेन जी बोल्ड कलर्स, चमकदार एक्सेसरीज और लेयर्ड ड्रेसेस को अपनाएंगे। युवाओं में विंटेज ब्लेजर, ओवरसाइज्ड टर्टलनेक और मैसेंजर बैग जैसे 'राइटर लुक' का चलन बढ़ेगा। ड्रेस बनाने में नए मैटीरियल आजमाए जाएंगे। जैसे प्लांट बेस्ड फैब्रिक्स और स्मार्ट टेक हुडीज। 'स्मार्ट टेक हुडी' एक ऐसी ड्रेस है, जिसमें नई तकनीक या स्मार्ट फैब्रिक को आराम और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए शामिल किया जाता है, जो इसे सामान्य हुडी से अलग बनाता है। इन हुडीज में स्वास्थ्य की निगरानी करने वाले सेंसर या यात्रा के अनुकूल कई पॉकेट जैसी सुविधाएं हो सकती हैं। जैसे वियरेबल टेक्नोलॉजी के उपयोग से कुछ हाई-एंड स्मार्ट हुडीज में ऐसे सेंसर लगे होते हैं, जो बायोमेट्रिक और फिजिकल डेटा जैसे हृदय गति और तापमान को ट्रैक कर सकते हैं। ये अकसर ब्लूटूथ के माध्यम से स्मार्टफोन एप से जुड़ते हैं, जिससे उपयोगकर्ता अपनी फिटनेस मेट्रिक्स की निगरानी कर सकते हैं। या फिर टेक्निकल फैब्रिक्स इस्तेमाल होंगे। जैसे कई 'टेक' हुडीज फाइन फैब्रिक से बनाई जाती हैं, जिनमें नमी सोखने, दुर्गंध-रोधी और दाग-धब्बे हटाने जैसी विशेषताएं होती हैं। ये विशेष रूप से एथलीटों और यात्रियों के लिए डिजाइन की जाती हैं ताकि उन्हें पूरे दिन आरामदायक रखा जा सके। कुछ हुडीज को 'स्मार्ट' इसलिए कहा जाता है क्योंकि उनमें कई विशेष रूप से डिजाइन की गई पॉकेट्स होती हैं। कुछ कंपनियों की ट्रैवल हुडीज में 15 से अधिक पॉकेट्स होती हैं, जिनमें पासपोर्ट, पावर बैंक, धूप का चश्मा और पानी की बोतल रखने के लिए पॉकेट्स होते हैं।





**प्रोफेशन में मेंटल पीस को प्रायोरिटी:** आने वाले दिनों में जेन जी के लिए वर्क लाइफ बैलेंस और मानसिक स्वास्थ्य लाभ सर्वोच्च प्राथमिकता पर होंगे। लगभग 61 प्रतिशत जेन जी ऐसी नौकरी छोड़ने को तैयार होंगे, जो बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं देती हैं। केवल 23 प्रतिशत जेन जी ही पूरी तरह से रिमोट काम करना चाहेंगे, जबकि अधिकांश हाइब्रिड या ऑफिस में सहयोग को प्राथमिकता देंगे। एक अध्ययन के मुताबिक लगभग 44 प्रतिशत जेन जी उन नौकरी प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकते हैं, जो उनके व्यक्तिगत मूल्यों या नैतिकता के खिलाफ होंगे। यह पीढ़ी जॉब सिक्योरिटी के लिए ब्लू-कॉलर जॉब्स में रुचि लेगी।

**टेक्नोलॉजी का पॉजिटिव यूज:** आने वाले दिनों में जेन जी ज्यादा जिम्मेदारी और समझ से तकनीक के उपयोग की तैयारी में है। जेन जी के युवा एआई को केवल एक टूल नहीं, बल्कि एक रचनात्मक साथी के रूप में देखेंगे। वे एआई द्वारा तैयार की गई तस्वीरों और वीडियो में पारदर्शिता की मांग करेंगे। टेक्नोलॉजी के यूज से खरीदारी का तरीका भी बदलेगा। *

## आ चुकी है नई पीढ़ी जेनरेशन बीटा



**जेन जी** के बारे में जानने के साथ यह जानना भी दिलचस्प है कि नेक्स्ट जनरेशन का उदय हो चुका है। 2025 से 2039 के बीच पैदा होने वाले बच्चों को 'जनरेशन बीटा' कहा जाएगा, जो जेन जी और जेन अल्फा के बाद की सबसे एडवांस जेनरेशन होगी। यह जेनरेशन तो एआई के साथ खेलते-जीते बड़ी होगी। उनका भविष्य आगामी वर्षों में होने वाली टेक्नो डेवलपमेंट पर डिपेंड करेगा।




# डीपफेक के मिसयूज से आपको रहना होगा कॉन्शस

तकनीक ने हमारे जीवन को जितना सुविधाजनक बनाया है, उसके दुरुपयोग ने कई खतरे भी बढ़ाए हैं। डीपफेक तकनीक का मिसयूज भी इन खतरों में से एक है। इससे बचने के लिए हम सभी का कॉन्शस रहकर तकनीक का यूज करना जरूरी हो गया है।

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

किसी के भी चेहरे को लेकर एआई जनरेटेड कंटेंट बनाने की नकारात्मक प्रवृत्ति अब खूब देखने को मिल रही है। तकनीक के दुरुपयोग की यह मानसिकता व्यक्तिगत रूप से किसी इंसान की साख खराब करने के साथ ही आपराधिक घटनाओं का भी कारण बन रही है।

**किए जा रहे हैं रोकने के प्रयास:** डीपफेक के मिसयूज पर लगाम लगाने के लिए पिछले महीने लोकसभा में रेग्युलेशन बिल पेश किया गया। इस बिल का उद्देश्य लोगों के चेहरे का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर लगाम लगाना है। इस बिल में किसी भी एआई जेनरेटेड सामग्री को इंटरनेट पर डालने से पहले उस व्यक्ति की अनुमति लेनी जरूरी होगी। साथ ही एआई जेनरेटेड कंटेंट के गलत इस्तेमाल को लेकर जुर्माने और सजा का प्रावधान किया जाएगा। तकनीक के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए अत्याधुनिक टेक्निकल टूल्स और कानून के साथ सेल्फ रेगुलेशन भी जरूरी है।



**तकनीक का करते हैं मिसयूज:** डीपफेक टेक्नीक के जरिए किसी फोटो में दूसरे का चेहरा लगाया जा सकता है। किसी वीडियो में दूसरी आवाज सेट कर दी जाती है। फेक चेहरा लगाने के बावजूद बिल्कुल असली लगने वाली इस एडिटिंग को मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अंजाम दिया जाता है। रीयल लगने वाले ऐसे फेक वीडियो और ऑडियो को विशेष सॉफ्टवेयर की मदद से तैयार करने का खेल किसी भी इंसान की छवि बिगाड़ सकता है। इसमें ना केवल तस्वीर बिल्कुल असली लगती है, बल्कि वॉयस क्लोनिंग के माध्यम से आवाज भी हूबहू कॉपी की जा सकती है। इस तरह डीपफेक तकनीक के जरिए तैयार किए गए फेक कंटेंट का इस्तेमाल फाइनेंशियल और दूसरे कई तरह की धोखाधड़ी, सेलिब्रिटी पोर्नोग्राफी, पर्सनल या सोशल दुष्प्रचार, पहचान की चोरी जैसे गलत उद्देश्यों के लिए किए जाने के मामले सामने आए हैं। फोटो मॉर्फिंग कर एकदम रीयल लगने वाली अश्लील तस्वीरें बनाने से लेकर वीडियो में किसी और की आवाज कॉपी कर कुप्रचार करने तक अनगिनत खतरे हमारे सामने हैं। ऐसे में डीपफेक तकनीक से जुड़े खतरों का सामना करने के लिए आम यूजर्स में आत्मनियमन का भाव जरूरी है। तस्वीर हो या वीडियो, अपने जीवन का हर पहलू सोशल मीडिया में साझा करने से पहले सोचना जरूरी है। शेयर की जा रही सामग्री के बढ़ते दुरुपयोग पर लगाम लगाने में खुद यूजर्स की समझदारी भी मददगार बन सकती है।

**कंटेंट शेयरिंग में समझदारी:** किसी जमाने में पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर केवल चर्चित चेहरों के फोटो और वीडियो ही मौजूद होते थे। फिल्म, राजनीति या खेल की दुनिया के जाने-माने लोगों की आवाज या तस्वीरें ही वर्चुअल मंचों पर मिला करती थीं। स्मार्ट गैजेट्स की बढ़ती दखल के मौजूदा दौर में स्थितियां बदल गई हैं। सोशल मीडिया के बहुत से प्लेटफॉर्म्स पर चर्चित चेहरों के ही नहीं आम लोगों के भी आडियो, वीडियो और फोटोज मौजूद होते हैं। ऐसे में आम लोग भी तकनीक का दुरुपयोग करने वाले लोगों की विकृत मानसिकता के शिकार बन रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक ने आम और खास हर इंसान की चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। आए दिन एआई टेक्निक के दुरुपयोग के मामले सामने आ रहे हैं। न केवल डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं बल्कि नेगेटिव न्यूज, ऑडियो-वीडियो और अश्लील तस्वीरें फैलाने का काम भी किया जा रहा है। 2019 एआई फर्म डीपट्रेस ने इंटरनेट पर 15 हजार डीपफेक वीडियो का पता लगाया था। जिनमें 96 फीसदी पोर्नोग्राफी से जुड़े थे। समझना मुश्किल नहीं कि बीते छह-सात वर्ष में तकनीकी एडवांसमेंट भी बढ़ा है और आम लोगों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जा रहा कंटेंट भी। ऐसे में फेक कंटेंट तैयार करने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। जरूरी है कि यूजर पर्सनल कंटेंट शेयर करने में सतर्कता बरते। *



गजल
कृष्ण बिहारी

## तुम्हारी सोहबत में

बड़ी खुशबू मिली हमको तुम्हारी सोहबत में,
जड़ों से जुड़ गए देखो तुम्हारी सोहबत में।

मेरे कदमों की आहट गली भी जानती है,
उसे भी मिल रही शोहरत तुम्हारी सोहबत में।

सफर में मुश्किलें तो थीं मगर था हौसला भी,
सितारों तक पहुंच पाया तुम्हारी सोहबत में।


सादगी में कब ढंका है रूप का दरिया मगर,
आइने में उतर आया तुम्हारी सोहबत में।

जमाना भी कहां जाने ये किसकी ताकत है,
हिमालय तक उठा लाया तुम्हारी सोहबत में।

तपी थी दोपहर फिर भी मुकद्दर से मिली हमको
मुसीबत में घनी छाया तुम्हारी सोहबत में।

व्यंग्य / अशोक वाधवानी

# जीने के लिए खाना या खाने के लिए जीना



अमूमन मनुष्य कोई काम-धंधा करे या फिर नौकरी, यह कहना नहीं भूलता कि 'पापी पेट के लिए ये सब करना पड़ता है!' जबकि सच्चाई यह है कि पेट के लिए मनुष्य मुश्किल से 20-25 प्रतिशत ही खर्च करता है। बाकी आवश्यकताओं पर पेट से ज्यादा खर्च करना पड़ता है। ये और बात है कि इस तथ्य को लोग अपनी सहूलियत अनुसार सिरे से नकार देते हैं। खाने-पीने वालों की दो प्रजातियां पाई जाती हैं। पहले, जीवन जीने के लिए जितना जरूरी है, उतना ही नाप-तौल कर, ठोक-बजाकर खाते हैं। दूसरे, जो जी में आए, जब जी चाहे, जैसा भी मिले सहर्ष स्वीकारते हैं। शान से बताते हैं कि वे 'खाते-पीते' परिवार वाले हैं। उनका तर्क होता है कि जब तक जान है, हर तरह के खाद्य पदार्थों को चखना चाहिए। ऐसे लोग जिस तरह से हर खाने-पीने की चीजों को पेट के सुपुर्द करते हैं, उससे लगता है कि धरती पर खाने-पीने के लिए ही जन्मे हैं। अर्थात इन लोगों को दिन-रात खाने-पीने की ही चिंता सताती है। जीने के लिए जितना जरूरी है उतना खाने-पीने वाले लोग भी, कभी-कभार आकर्षक व्यंजनों को देखकर 'पिघल' जाते हैं। ऐसे लोग विवाह समारोह आदि जगहों पर इस कठोर नियम को अपनी सुविधा के लिए 'शिथिल' कर देते हैं, जिस तरह उड़ते पतंग को इच्छानुसार ढील दी जाती है। कई 'चटोरे-चटोरियां' पेट को प्रयोगशाला मानकर, हर तरह के सलाद, नमकीन, खट्टा, मीठा, तीखा, फीका, फल। सब कुछ एक के बाद एक पेट को अर्पण-समर्पण करते जाते हैं।

कुछ लोगों का नियम होता है कि सांझ ढलने के बाद दही, छाछ छूते नहीं हैं। अचार खाना तो दूर की बात है। ऐसे लोग इन बातों को नजरअंदाज करके इन जगहों पर ऐसी चीजों का भी स्वादानुसार सेवन करते हैं। मधुमेह वाले मजबूरन सिर्फ फीकी चाय पीना अनिवार्य समझते हैं। या फिर स्वाद के लिए 'शुगर फ्री' गोलियां डालकर पीते हैं। ऐसे लोग भी यहां आकर मीठी चीजें बड़े चाव से चखते हैं। किसी ने इस बाबत रोका-टोका तो खिसियाते हैं। खुलकर, बहाना बनाते कहते हैं, 'फलां व्यक्ति ने आग्रहपूर्वक जबरदस्ती प्लेट में डाल दिया है, वर्ना आप तो जानते ही हैं कि ये सब वर्जित है मेरे लिए।'

कइयों की दृष्टि में फल खाने का सही समय सुबह खाली पेट है। ज्यादा से ज्यादा नाश्ते या दोपहर के भोजन के पहले/बाद में फल खाना स्वास्थ्य के लिए हितकारक बताते हैं। ऐसों में से कुछ को रात के समारोह में तरह-तरह के फल खाते हुए देख सकते हैं। समारोह में घुसते ही कुछ लोग सारे स्टॉल पर नजरें दौड़ाकर सुनिश्चित करते हैं कि कौन-सा खाद्य पदार्थ 'टेस्टी' होगा। देखने के बाद तय करते हैं कि पहले, बीच में और अंत में क्या खाना श्रेयस्कर होगा?

जल्दी पहुंचने वाले कुछ रायता पहले ही खा लेते हैं। उन्हें पता होता है कि थोड़ी देर कर दी तो रायते को 'पतला' होने से कोई रोक नहीं सकता है। ऐसे समारोहों में पानी पूरी के स्टाल पर भारी भीड़ देखने को मिलती है। ऐसा प्रतीत होता है कि पानी पूरी दुनिया में अब कहीं और नहीं मिलेगा। बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग, स्त्री-पुरुष सभी हाथ में 'कटोरी' लिए हुए छीना-झपटी करते हुए दिखते हैं। कुछ अपनी बारी की प्रतीक्षा बड़ी बेसब्री से करते रहते हैं।

ऐसे ही एक कार्यक्रम में मुझसे चटोरेमल टकरा गए। उन्होंने अपने खाद्य ज्ञान की कई बातें बताईं। जैसे वे सबसे पहले आइसक्रीम खाते हैं। उसके बाद हल्का-फुल्का नाश्ता करके फिर आइसक्रीम खाना अपना कर्तव्य समझते हैं। भोजन बाद 'कार्यक्रम' समाप्ति की घोषणा अंतिम बार आइसक्रीम खाकर ही करते हैं। उन्होंने एक पते की बात बताई कि शौकीन होने पर भी आइसक्रीम कभी खरीदकर खाना जरूरी नहीं समझा।

मानव के रूप में कोई महामानव भी मिल सकते हैं जो कि पेट को 'पीड़ा' पहुंचाना नहीं चाहते हैं। इस तरह के उंगलियों पर गिने जाने वाले कुछ जापानी पद्धति 'हारा हचिबू' पर अमल करते हुए भूख से कम ही खाते हैं ताकि वे सदा चुस्त, दुरुस्त, तंदुरुस्त रहें। ऊंट के मुंह में जीरा समान ऐसे लोगों की थाली में सिर्फ दाल और चावल दिखता है। वे सब्जी तक नहीं खाते। ये महानुभाव दाल, चावल में ही संतुष्ट होते हैं। हालांकि ऐसी प्रजाति के लोग कम ही पाए जाते हैं। *



लघुकथा / सिराज अहमद

# उड़ान

काफी देर तक होमवर्क करते हुए सोहन बहुत थक और ऊब चुका था। मन बोझिल हुआ तो उसने कॉपी का पिछला पन्ना फाड़ा और अपनी कल्पनाओं को कागज पर उकेरने लगा। देखते ही देखते उसने उसमें रंग भरे और एक प्यारा सा कागज का हवाई जहाज तैयार कर लिया। जैसे ही उसने जहाज उड़ाने के लिए हाथ ऊपर उठाया, तभी कमरे में उसके पापा ने प्रवेश किया। हाथों में खिलौना देख पापा का पारा चढ़ गया। उन्होंने सोहन को जोर से डांटा और होमवर्क पूरा करने का आदेश देकर चले गए। सोहन सहम गया। थके हुए शरीर और बेमन से उसने अपना बचा हुआ होमवर्क पूरा किया। रात होने पर सोहन को खाना खिलाकर सुला दिया गया, क्योंकि सुबह स्कूल जाने के लिए जल्दी उठना था। देर रात जब पापा कमरे में आए, तो उनकी नजर सोहन के बेड के नीचे पड़े उसी कागज के हवाई जहाज पर पड़ी। उन्होंने झुककर उसे उठाया और गौर से देखा, तो उनकी आंखें सुखद आश्चर्य से भर गईं। वो महज एक खिलौना नहीं, कला का एक सुंदर नमूना था। एक सादे से पन्ने में सोहन ने रचनात्मकता के रंग भर दिए थे। उन्हें लगा कि यह केवल एक खिलौना नहीं, नन्हे कलाकार की उड़ान है। *

विज्ञापन...

## इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ-




**इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?**
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

**सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?**
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

**किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?**
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

**जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?**
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

**किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?**
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

**एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?**
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

**कितने समय में रोगी घर जा सकता है?**
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

**इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?**
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

**इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?**
इसमें जड़ से इलाज होता है।

**क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?**
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

**डॉ. प्रमोद पहारिया**
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन- सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक | व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क - 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के नेतृत्व में दावोस में निवेश अभियान

# मध्य प्रदेश एक बार फिर वैश्विक निवेश केंद्र वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में दर्ज कराएगा सशक्त मौजूदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र एक बार फिर वैश्विक निवेश केंद्र वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) 2026 के मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को राज्य की विकास नीति का केंद्र बनाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते एक वर्ष में देश-विदेश में निरंतर निवेश संवाद किया है। अब जनवरी में दावोस दौरे के जरिए मप्र मैन्युफैक्चरिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, लॉजिस्टिक्स, टैक्सटाइल, रसायन उद्योग और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में वैश्विक उद्योग जगत से संवाद कर मप्र आमंत्रित किया जाएगा। इस वर्ष वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की थीम द स्प्रिट ऑफ डायलॉग रखी गई है, जो सहयोग और साझेदारी पर आधारित विकास मॉडल को रेखांकित करती है।

इसी भावना के अनुरूप मप्र अपनी सहभागिता के साथ दावोस में निवेश-केंद्रित संवाद, नीति प्रस्तुतिकरण और रणनीतिक साझेदारियों पर फोकस करेगा। लगभग पांच वर्षों बाद राज्य सरकार की औपचारिक भागीदारी को वैश्विक मंच पर मप्र की नई आर्थिक ऊर्जा और प्रशासनिक तत्परता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।


फाइल फोटो

### निवेश नीतियों को सरल, पारदर्शी और उद्योग अनुकूल बनाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने निवेश नीतियों को सरल, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल बनाया है। ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस, त्वरित निर्णय प्रणाली और भूमि-आवंटन की सरल प्रक्रिया को दावोस में वैश्विक निवेशकों के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। राज्य का उद्देश्य केवल निवेश प्रस्ताव प्राप्त करना नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और भरोसेमंद साझेदारी विकसित करना है। दावोस में मप्र की सहभागिता के दौरान वैश्विक सीईओ और अध्यक्षों के साथ बैठकों में औद्योगिक विस्तार, निर्यात क्षमता और रोजगार सृजन पर चर्चा होगी। मप्र की औद्योगिक प्राथमिकताओं और निवेश-अनुकूल वातावरण को प्रस्तुत किया जाएगा।

### वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ेगा मप्र

मप्र विशेष रूप से कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग, बायोटेक-फार्मा-हेल्थकेयर, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, टैक्सटाइल एवं गारमेंट, रियल एस्टेट, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, शिक्षा और खेल अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में निवेश संवाद करेगा। लोकल टू ग्लोबल रणनीति के तहत मप्र अपने संसाधनों और कुशल मानव-शक्ति को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ेगा। दावोस एजेंडे में ऊर्जा और रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में अडानी समूह के साथ मुरैना विद्युत वितरण से जुड़े एमओयू, अडानी डिफेंस के साथ रक्षा उत्पादन में सहयोग, स्विट्ज़रलैंड की शिवाग एजी को औद्योगिक भूमि आवंटन, डीपी वर्ल्ड (यूएई) के साथ स्ट्रेटेजिक लॉजिस्टिक्स हब और फ्रांस की सानोफी द्वारा भोपाल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसे प्रस्ताव शामिल हैं।

### मप्र में सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन की स्थापना का प्रस्ताव भी शामिल

*वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सहयोग से मप्र में सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन (सी4आईआर) की स्थापना का प्रस्ताव भी इस दौरे का प्रमुख आकर्षण है। कृषि-प्रौद्योगिकी, फूड प्रोसेसिंग, जलवायु अनुकूलन और सतत विकास पर केंद्रित इस केंद्र को लेकर 19 जनवरी को एमपीआईडीसी और वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम के बीच एमओयू हस्ताक्षर प्रस्तावित है। मप्र की दावोस सहभागिता का केंद्र बिंदु राज्य के प्राथमिक फोकस सेक्टर्स को वैश्विक निवेश मानचित्र से जोड़ना है। कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग, मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, रसायन उद्योग, रियल एस्टेट और निर्यात उन्मुख उद्योगों में निवेश के अवसरों को रणनीतिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। राज्य सरकार का उद्देश्य ऐसे निवेश को आकर्षित करना है जो तकनीक, कौशल विकास और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा दे।*

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस 21 को

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 21 जनवरी बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में होगी। कांफ्रेंस में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा होगी। मंत्रालय में होने वाली इस कांफ्रेंस में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे जबकि कलेक्टर, कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे।

### शर्मा के बयान की निंदा की वकील शबनम ने

**भोपाल।** वीएचपी नेता संतोष शर्मा द्वारा विगत दिनों दिए एक बयान को लेकर राजधानी की मुस्लिम समाज की महिलाओं में रोष देखने को मिल रहा है। इसी के तहत अधिवक्ता शबनम खान ने उस बयान को अत्यंत आपत्तिजनक, संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध, आपराधिक प्रकृति का और सामाजिक सौहार्द को बिगड़ने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे बयान दोहराए जाते हैं, तो वे जिला एवं राज्य प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगी। संविधान के दायरे शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से शर्मा के निवास के सामने धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगी।

### संस्थान कर सकते हैं उच्च योग्यता निर्धारित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मेडिकल शिक्षक भर्ती से जुड़े एक मामले में स्पष्ट किया कि मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की गाइडलाइन के तहत संबंधित संस्थान चयन के लिए उच्च योग्यता निर्धारित कर सकते हैं। इस मत के साथ कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कहा कि अंतरिम राहत देने से उनके साथ अन्याय होगा, जिनके पास समान योग्यता है, लेकिन जिन्होंने संबंधित विज्ञापन में भाग नहीं लेने का विकल्प चुना है। कोर्ट ने स्वास्थ्य एवं मेडिकल एजुकेशन विभाग के संचालक, नेशनल मेडिकल कमीशन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। भोपाल की डॉ. सविता राठौर सहित 12 अन्य सहायक प्राध्यापकों द्वारा याचिका दायर कर उन्हें चयन प्रक्रिया में शामिल करने की राहत चाही थी।

### हरियाणा में एक फरवरी से नया नियम होगा लागू, महिलाओं के खाते में तीसरी किश्त भेजी

# 1100 हुई लाडो की लक्ष्मी 1000 की आरडी या एफडी

**बच्चों को गंभीर या मध्यम कुपोषण से बाहर निकालने वाली माताओं को भी योजना का लाभ मिलेगा**

*सरकार ने योजना में किया बदलाव*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने पंडित दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना में बदलाव किया है। अब इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में 2100 रुपये की जगह 1100 रुपये आएंगे। यह बदलाव फरवरी से लागू होगा। शनिवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि योजना के 2100 रुपये में से 1000 रुपये सरकार द्वारा संचालित आवर्ती जमा (आरडी) या सावधि जमा (एफडी) खाते में जमा किए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लाभार्थी की मृत्यु होने पर यह राशि तुरंत नॉमिनी को प्रदान कर दी जाएगी। इन महिलाओं को भी योजना का लाभ मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना का लाभ उन बच्चों की माताओं को भी मिलेगा, जिन्होंने सरकारी स्कूलों में कक्षा 10 या 12 की बोर्ड परीक्षाओं में 80% से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 1 से 4 तक के जो बच्चे निपुण भारत मिशन के तहत अपनी कक्षा के स्तर की दक्षता हासिल करेंगे, उनकी माताओं को भी लाभ मिलेगा। साथ ही, जिन माताओं ने अपने बच्चों को गंभीर या मध्यम कुपोषण से सफलतापूर्वक बाहर निकाला है, उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलेगा।



### महिला सशक्तिकरण पर जोर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में महिला सशक्तिकरण के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। हरियाणा में भी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत 8 लाख 63 हजार 918 लाभार्थी बहनों के खातों में 181 करोड़ रुपये की तीसरी किस्त जारी की गई है। आज की राशि को मिलाकर, तीन किस्तों में कुल 441 करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है।

### 1100 रुपये सीधे बचत बैंक खाते में जाएंगे

मुख्यमंत्री ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत, प्रत्येक पात्र महिला को प्रति माह 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। फरवरी 2026 से, 1100 रुपये सीधे लाभार्थी के बचत बैंक खाते में जमा किए जाएंगे, जबकि शेष राशि 1,000 रुपये सरकारी रिकरिंग डिपॉजिट या फिक्स्ड डिपॉजिट अकाउंट में जमा किए जाएंगे। जमा की गई रकम, साथ में मिले ब्याज के साथ, मैच्योरिटी पर लाभार्थी को दी जाएगी, जिससे तुरंत मदद और लंबे समय तक फाइनेंशियल सुरक्षा दोनों मिलेंगी।

### गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के 18.56 करोड़ किए जारी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के तौर 6,08,842 लाभार्थियों को 18.56 करोड़ रुपये जारी गए हैं। इस योजना के तहत, योग्य महिलाओं को हर महीने 500 रुपये की सब्सिडी वाली कीमत पर गैस सिलेंडर दिया जाता है। आज जारी की गई सब्सिडी अक्टूबर 2025 महीने की है, और नवंबर और दिसंबर 2025 की सब्सिडी की रकम जल्द ही जारी की जाएगी।

हरियाणा के सीएम का पंजाब सरकार पर हमला

# कांग्रेस और आप की नीतियों ने रंगला पंजाब को बनाया कंगला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की नीतियों की वजह से आज ऐसे हालात हो गए कि रंगला पंजाब अब कंगला पंजाब बन गया है। दोनों पार्टियों को जनता से कोई लेना देना नहीं है, केवल और केवल मलाई चाटने में लगे है। पंजाब विकास के मामले में बहुत बुरे तरीके से पिछड़ गया है, वहां की जनता में डर है कि पंजाब का भविष्य क्या होगा। इसीलिए लोगों ने मन बना लिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही पंजाब का विकास हो सकता है। मुख्यमंत्री शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पंजाब को कांग्रेस ने हाशिये पर ले जाने का काम किया है और आम आदमी पार्टी ने तो सारी हदे पार कर दी है। आम आदमी पार्टी जनता का शोषण करने और भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से भी चार कदम आगे है।

**पंजाब चुनाव पर अंतिम फैसला हाईकमान करेगा :** आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी क्या अकेले चुनाव लड़ेगी, इस संबंध में पूछे प्रश्न पर उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतिम निर्णय पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करेगा। जो भी दायित्व उन्हें सौंपा गया है, वो उसे कार्यकर्ता के तौर पर निष्ठा से निभा रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब के लोग उनसे लगातार मिलने आते हैं और कार्यक्रमों का समय लेकर ही मुख्यमंत्री निवास से लौटते हैं। पंजाब दौरों को लेकर पूछे सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए ंजाब का दौरा कर रहे हैं।

### पंजाब में किसानों का शोषण कर रही सरकार



उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मिलकर किसानों का शोषण किया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आप नेता अरविंद केजरीवाल का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, तब वो दिल्ली में होने वाले प्रदूषण के लिए पंजाब और हरियाणा के किसानों को जिम्मेवार ठहराते थे। उन्होंने कि पिछले दिनों पंजाब में आई आपदा का जिक्र करते हुए कहा कि जब पंजाब में बाढ़ आई, उस वक्त पंजाब के मुख्यमंत्री ने बड़ी बड़ी बातें की। खुले तौर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो यह तक कहा कि वो मुर्गी तक का मुआवजा देंगे। लेकिन किया कुछ नहीं।

मृतकों में से एक युवक का चार माह पहले हुआ था विवाह

# सड़क हादसे में दो रिश्तेदारों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में बीती रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों मृतक रिश्तेदार बताए जा रहे हैं, जो दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई और पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कैप्सूल हाईवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हाईवा चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतकों की पहचान बोरसी हनोदा निवासी देवराज यादव (27) और उनके फूफा लोकेश यादव (40) के रूप में हुई है। घटना पचपेड़ी गांव के पास हुई, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी। जानकारी के अनुसार, देवराज यादव की शादी चार महीने पहले ही हुई थी। वह अपने ससुराल गया हुआ था, जहां वह दशगात्र के कार्यक्रम में शामिल हुआ था। शुक्रवार शाम को, वह अपने फूफा लोकेश यादव के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वे पचपेड़ी गांव के पास पहुंचे, पाटन की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार हाईवा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।



### बाइक के उड़ गए परखच्चे

*टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवार सड़क पर गिर गए। पीछे से आ रहे हाईवा ने उन्हें कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हाईवा वाहन को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश तेज कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।*

# बिहान ने विकसित भारत के लिए वैश्विक 'ब्रेन गेन' पहल को दी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बिहान – फॉर द राइजिंग भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @2047 के विज़न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वैश्विक 'ब्रेन गेन' पहल की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य भारत के ब्रेन ड्रेन को रणनीतिक ब्रेन गेन में परिवर्तित करते हुए विश्वभर में बसे भारतीयों को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित मकर संक्रांति मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहान की चेयरपर्सन लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि संगठन अब तक 53 देशों के एनआरआई एवं पीआईओ को एक साझा मंच पर जोड़ चुका है। उन्होंने कहा कि बिहान संगठित सहभागिता, सहयोग और सतत प्रयासों के माध्यम से प्रधानमंत्री के सपने संकल्प से सिद्धि की दिशा में कार्य कर रहा है। को-चेयरमैन प्रशांत कुमार ने कहा कि बिहान जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्र से ऊपर उठकर विभिन्न विचारधाराओं और पेशेवर बैकग्राउंड के लोगों को एकजुट कर राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद देश-विदेश में बसे भारतीयों में भारत के विकास में योगदान देने की नई चेतना जागृत हुई है।कार्यक्रम में सुश्री नित्या पाठक, श्री अश्विनी चौबे, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री तुहिन सिन्हा, भाजपा संगठन महासचिव श्री बी. एल. संतोष तथा बिहान के सचिव श्री संजय सिन्हा ने भी अपने विचार रखते हुए विकसित भारत के विज़न के प्रति समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री उपेंद्र कुशवाहा की शुभकामनाएँ दी।



# खेत में मिला महिला का सड़ा-गला शव

**दुर्ग।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के परसदा गांव में कैवल्य धाम के पीछे खेत में एक महिला की सड़ी-गली लाश मिलने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में लाश काफी पुरानी लग रही है, जिससे महिला की पहचान और भी मुश्किल हो गई है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि महिला की पहचान हो सके। तीन से चार दिन पुराना लग रहा शव फॉरेंसिक टीम की बारीकी से जांच के बाद पता चला है कि महिला की लाश लगभग 3 से 4 दिन पुरानी है। महिला की उम्र अनुमानित 40 से 45 साल के बीच बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे मेडिकल कॉलेज पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस इस मामले में दुर्ग और रायपुर क्षेत्र के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों की भी जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस महिला की पहचान का प्रयास कर रही है।




खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बोतल्दा के पास का मामला

# अनियंत्रित कार पुल से नीचे गिरी, बाल-बाल बची जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर छोटे पुल से नीचे गिर गई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में कार में सवार तीन लोगों की जान बाल-बाल बची है। यह घटना खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बोतल्दा के पास हुई, जो जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं की कड़ी का हिस्सा है।

### बार-बार दुर्घटनाएं चिंता का विषय

रायगढ़ जिले में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना इन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बताया जा रहा है। एनएच-49 जैसे व्यस्त राजमार्गों पर सुरक्षा मानकों का पालन न करना कई बार जानलेवा साबित होता है।

### बीती रात 11 बजे की घटना

*यह हादसा बीती रात करीब 11 बजे उस समय हुआ जब एक स्विफ्ट डिजायर कार बिलासपुर से कोतबा की ओर जा रही थी। ग्राम बोतल्दा के पास एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में कार चालक अपना नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार सीधे सड़क किनारे बने छोटे पुल से नीचे जा गिरी। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि कार में सवार तीनों यात्री सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। घटना की सूचना मिलने पर सुबह बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। इसके बाद, जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त कार को खाई से बाहर निकाला गया।*

भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दी बधाई

# महाराष्ट्र जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में बांटी मिठाई, की आतिशबाजी


महाराष्ट्र में निकाय चुनाव में जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आतिशबाजी हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महाराष्ट्र में संपन्न हुए निकाय चुनावों में महायुति की प्रचंड जीत पर शुक्रवार को राजधानी स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आतिशबाजी की गई। इस दौरान मिठाई बांटकर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी सहित जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र की जनता ने नकारात्मक, और परिवारवादी राजनीति को किया खारिज

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को महाराष्ट्र निकाय चुनावों में भाजपा-महायुति गठबंधन को मिली प्रचंड जीत पर पार्टी



कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रचंड जीत, जनता के अटूट विश्वास पर मुहर है। महाराष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल और डबल इंजन सरकार को ऐतिहासिक जनादेश दिया है। जनता ने नकारात्मक, अवसरवादी और परिवारवादी राजनीति को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों को विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित मध्यप्रदेश व चुनाव में जुटे सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।


एक-दूसरे को मिठाई खिलाते शर्मा, सबनानी और यति।


मिठाई खिलाते प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी।

**इस्लामिक देश ईरान में रिकॉर्ड तोड़ मुद्रास्फीति, खाद्य पदार्थों की कीमतों और मुद्रा के अवमूल्यन को लेकर अराजकता का माहौल है। आमजन में निराशा के चलते विरोध प्रदर्शन जल्द ही एक व्यापक आंदोलन में तब्दील हो चुके हैं, जिसमें मौजूदा शासन को समाप्त करने की मांग की गई है। नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी, कठोर मजहबी प्रतिबंधों एवं सामाजिक कानूनों के प्रति विद्रोही हैं। लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से असंतुष्ट हैं। उधर, अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन चाहता है। वह अमेरिकी नेतृत्व वाले पश्चिमी हितों के अनुकूल नवशासन स्थापित कर ईरानी परमाणु कार्यक्रमों को पूरी तरह बंद करवाना चाहता है। ट्रंप की अतिवादी नीतियों ने जिस तरह ईरान में सत्ता परिवर्तन और उसे आर्थिक रूप से कमजोर बनाने का खेल शुरू किया है, यह सीधे तौर पर भारत के लिए भी एक और मुसीबत खड़ी कर सकता है। ईरान स्थित चाबहार पोर्ट भारत के लिए अर्थनीतिक रूप में सबसे महत्वपूर्ण परियोजना है। अगर ईरान की स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है, तो इससे वैश्विक स्तर पर तेल और वित्तीय बाजारों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# ईरान का इस्लामिक दुनिया से जटिल रिश्ता



**विश्लेषण**

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

रमजान के महीने में राजधानी दिल्ली में इस्लामिक देशों के राजनयिक आमतौर पर चाणक्यपुरी में स्थित सूडान एंबेसी में नमाज अदा करते हैं। ईरानी राजनयिक अपनी एंबेसी में ही नमाज अदा करते हैं। ईरान और शेष इस्लामिक संसार में दूरियों को इस उदाहरण से कुछ हद कर समझा जा सकता है। दरअसल, ईरान के इस्लामिक राष्ट्रों के साथ संबंध जटिल और बहुआयामी हैं। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान ने शिया इस्लाम को अपनी विदेश नीति का आधार बनाया है, जो सुन्नी-बहुल मुस्लिम दुनिया के साथ उसके संबंधों को प्रभावित करता है। ईरान की सरकार खुद को इस्लामिक एकता का समर्थक बताती है, लेकिन वास्तव में वह शिया प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश करती रहती है। ईरान की इस्लामिक क्रांति ने उसे मुस्लिम दुनिया में एक वैकल्पिक मॉडल के रूप में स्थापित किया, जहां वह खुद को साम्राज्यवाद-विरोधी और फिलिस्तीन समर्थक के रूप में पेश करता है। हालांकि, शिया-सुन्नी विभाजन के कारण ईरान की सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य सुन्नी-बहुल देशों के साथ प्रतिद्वंद्विता गहरी है। ईरान को सुन्नी राष्ट्रों द्वारा 'शिया विस्तारवादी' के रूप में देखा जाता है, जबकि ईरान इन देशों को अमेरिका की कठपुतली मानता है।

**ईरान के इस्लामिक राष्ट्रों के साथ संबंध जटिल और बहुआयामी हैं। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान ने शिया इस्लाम को अपनी विदेश नीति का आधार बनाया है, जो सुन्नी-बहुल मुस्लिम दुनिया के साथ उसके संबंधों को प्रभावित करता है। ईरान की सरकार खुद को इस्लामिक एकता का समर्थक बताती है, लेकिन वास्तव में वह शिया प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश करती रहती है। ईरान की इस्लामिक क्रांति ने उसे मुस्लिम दुनिया में एक वैकल्पिक मॉडल के रूप में स्थापित किया, जहां वह खुद को साम्राज्यवाद-विरोधी और फिलिस्तीन समर्थक के रूप में पेश करता है।**

## विद्रोहियों को रहा समर्थन

1980 के दशक से ईरान ने लेबनान में हिजबुल्लाह, इराक में शिया मिलिशिया, सीरिया में असद शासन और यमन में हूती विद्रोहियों को समर्थन दिया। यह नेटवर्क ईरान को क्षेत्रीय शक्ति प्रदान करता है, लेकिन इसे आतंकवाद का प्रायोजक भी बनाता है, जैसा कि अमेरिका और उसके सहयोगी दावा करते हैं। सऊदी अरब और ईरान में पुरानी अदावत है। दरअसल सऊदी अरब में एक शिया मौलवी को 2016 में फांसी की सजा दी गई थी और इसी मुद्दे पर 2016 में सऊदी अरब और ईरान के कूटनीतिक संबंध खत्म हो गए थे। तब से ये दोनों देश एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन गए थे। सऊदी अरब खुद को सारी दुनिया



के सुन्नी मुसलमानों का रहनुमा मानता है और ईरान अपने को शिया मुसलमानों का। आप जानते हैं कि दोनों ही देश तेल उत्पादक देश हैं। दोनों ही देश अपने व्यावसायिक दिलचस्पी के वर्चस्व की लड़ाई लड़ते हैं। क्या सऊदी अरब और ईरान कभी चीन से यह पूछने की हिमाकत करेंगे कि चीन में मुसलमानों पर भीषण अत्याचार क्यों हो रहे हैं? वे कब थमेंगे? चीन ने अपने मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत में रहने वाले मुसलमानों को पूरी तरह से कसा हुआ है।

## ईरान की अलगाववादी स्थिति

उन्हें खान-पान के स्तर पर वह सब कुछ करना पड़ा रहा है, जो उनके इस्लाम धर्म में पूर्ण रूप से निषेध है। इस बीच, ईरान अफगानिस्तान और पाकिस्तान जैसे सुन्नी बहुल देशों के साथ व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाता है। वह मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे सुन्नी समूहों से भी संबंध रखता है, ताकि अमेरिकी प्रभाव का मुकाबला कर सके, लेकिन कुल मिलाकर, ईरान की अलगाववादी स्थिति बनी हुई है, विशेष रूप से सुन्नी अरब देशों के साथ। हालांकि यह बताना जरूरी है कि उसकी पाकिस्तान से तनातनी भी चलती रहती है। ईरान ने पाकिस्तान में 2021 में सर्जिकल स्ट्राइक किया था। इस हमले का नतीजा यह हुआ कि ईरान ने अपने कुछ अपहृत कर लिए गए नागरिकों को 'जैश उल अदल' नाम के आतंकी संगठन के कब्जे से छुड़वा लिया। जैश अल-अदल के आतंकी पाकिस्तान की ईरान से लगती सरहद पर लगातार हमले बोल रहे हैं। उनके 2019 के हमले में 27 ईरानी नागरिक मारे गए थे। ओआईसी में ईरान की स्थिति ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) 1969 में स्थापित विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है, जिसमें 57 मुस्लिम बहुल देश शामिल हैं।

## ओआईसी में भूमिका प्रभावित

ईरान इस संगठन का संस्थापक सदस्य होने के साथ-साथ शुरू से ही एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली देश रहा है। हालांकि, ईरान की स्थिति हमेशा विवादास्पद और उतार-चढ़ाव वाली रही है। सऊदी अरब के साथ क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता ने ओआईसी में ईरान की भूमिका को बार-बार प्रभावित किया।

उसे 1980 के दशक में ईरान-इराक युद्ध के दौरान ओआईसी में अलग-थलग करने की कोशिशें हुईं। फिर भी, ईरान ने इस संगठन में अपनी सक्रियता कभी कम नहीं होने दी। वह फिलिस्तीन के समर्थन, कश्मीर मुद्दे और इस्लामोफोबिया के खिलाफ लगातार मुखर रहा। हाल के वर्षों में, खासकर 2024-2025 में इजराइल के साथ बढ़ते तनाव और ईरान पर हुए हमलों के बाद उसने ईरान ओआईसी से मजबूत एकजुटता की मांग की। कतर, मलेशिया, इंडोनेशिया और तुर्की जैसे देशों ने कई बार ईरान के पक्ष में आवाज उठाई, लेकिन सऊदी अरब और उसके सहयोगियों के प्रभाव के कारण संगठन अक्सर निर्णायक कार्रवाई करने में असमर्थ रहा।

## सुन्नी देशों के साथ तनाव

ईरान ओआईसी को मुस्लिम दुनिया की एकता का मंच मानता है, लेकिन ईरान की स्थिति प्रभावशाली तो है, परंतु पूर्ण नेतृत्व वाली नहीं है। आज ईरान के प्रमुख सहयोगी हैः लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद, यमन में हूती, इराक में पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज। ये समूह ईरान को इजराइल और अमेरिका के खिलाफ 'प्रतिरोध' प्रदान करते हैं। ईरान रूस और चीन के भी करीब है, जो उसे प्रतिबंधों से बचाने में मदद करते हैं। दूसरी ओर, उसका सुन्नी देशों के साथ तनाव जारी है। सऊदी अरब के साथ यमन युद्ध और इराक में प्रभाव की लड़ाई ने संबंधों को बिगाड़ा है। हालांकि, 2023 में चीन की मध्यस्थता से कुछ सामान्यीकरण हुआ, लेकिन इजराइल-हमास युद्ध ने फिर तनाव बढ़ाया। ईरान खुद को मुस्लिम दुनिया का रक्षक बताता है, लेकिन कई राष्ट्र उसे संदेह की नजर से देखते हैं।

## देश में विरोध प्रदर्शन

उनका मानना है कि वह क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाता है। ईरान में आजकल चल रही उथल-पुथल इस्लामिक दुनिया के साथ उसके संबंधों को और जटिल बना रही है। दिसंबर से तेहरान के ग्रैंड बाजार में दुकानदारों की हड़ताल से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन तेजी से देशव्यापी हो गए, सभी 31 प्रांतों में फैल गए। शुरुआत में मुद्रा (रियाल) के पतन और 40% महंगाई के खिलाफ थे, लेकिन जल्दी ही राजनीतिक हो गए। प्रदर्शनकारी देश के शिखर नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगा रहे हैं, रेजा पहलवी (पूर्व शाह के पुत्र) के पक्ष में चिल्ला रहे हैं, और शासन के अंत की मांग कर रहे हैं।

# रूस-चीन की दिलचस्पी सैनिक कार्रवाई में नहीं



**मुद्दा**

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

साल 2026 के तीसरे ही दिन अमेरिका ने जिस तरह वेनेजुएला के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की, उसके बाद से विशेषकर सैनिक रूप से कमजोर देशों में चिंता की लहर है। अमेरिका के सर्वोच्च पद पर डोनॉल्ड ट्रंप के रहते ऐसी चिंताएं स्वाभाविक भी हैं। जिस तरह अपने ही खेमे के देश डेनमार्क के ग्रीनलैंड द्वीप पर ट्रंप ने अपनी नजर टिका रखी है, उससे दुनिया को चिंतित होना ही चाहिए। ऐसे में विश्व की निगाह दुनिया के सैनिक रूप से दूसरे शक्तिशाली देश रूस और आर्थिक रूप से दूसरे और सैनिक रूप से तीसरे ताकतवर देश चीन पर लगना स्वाभाविक है। दोनों ही देशों ने वेनेजुएला पर जिस तरह रस्मी प्रतिक्रिया जताई है, उससे लगता नहीं कि वे भविष्य में ऐसी अमेरिकी कार्रवाइयों के खिलाफ अपने मित्र देशों के पक्ष में खड़े होंगे।

जब तक सोवियत संघ अस्तित्व में रहा, कम से कम दुनिया के कमजोर और साधनहीन देशों को उम्मीद रहती थी कि अगर अमेरिका ने उनकी ओर आंख तरेरी तो सोवियत संघ का साथ मिलेगा और अगर सोवियत संघ ने निगाहें तीखी कीं तो अमेरिका उसकी मदद करने पहुंचेगा। सोवियत संघ के विघटन के बाद उसका सबसे बड़ा हिस्सा रूस शक्तिशाली तो बना रहा है, लेकिन मौजूदा अमेरिका-ब्रिटेन प्रेरित-पोषित आर्थिक दुनिया में सोवियत संघ जैसी ताकत बना नहीं रह सका। बेशक डॉलर, सोवियत और आज के रूस की मुद्रा रूबल की तुलना में ताकतवर था, लेकिन ऐसा भी नहीं था कि आर्थिक रूप से पूरी दुनिया को नियंत्रित कर सके। आज आर्थिक क्षेत्र में डॉलर को कोई चुनौती नहीं है। ब्रिक्स देशों ने अपनी-अपनी मुद्राओं को आपसी आर्थिक व्यवहार में आगे बढ़ाने की कोशिश तो की है, हालांकि वह डॉलर को चुनौती देने की स्थिति में नहीं आ पाई हैं। अमेरिका जानता है कि उसकी आर्थिक ताकत को बड़े स्तर पर चुनौती देने की हालत में दुनिया की दूसरी यानी चीन की अर्थव्यवस्था नहीं है, इसलिए ट्रंप बेफिक्र होकर कभी मैक्सिको को अपना उपनिवेश बनाने की वकालत करते हैं तो कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का ऐलान करते हैं। ग्रीनलैंड पर निगाह और वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई उनकी इसी सोच का विस्तार है। वेनेजुएला पर कार्रवाई को लेकर रूस और चीन ने चिंताएं तो जाहिर कीं, लेकिन वे वेनेजुएला को सैनिक सहयोग करने के लिए इच्छुक नहीं दिखे। इसकी मोटे तौर पर दो वजहें सामने आती हैं। वेनेजुएला से रूस ने 2010 में समझौता तो किया, लेकिन वह रणनीतिक, तकनीकी और आर्थिक मामलों पर केंद्रित है। सैनिक सहयोग की बात उसमें नहीं है। दिलचस्प यह है कि वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार का सबसे ज्यादा फायदा उठाने वाला चीन भी इस मामले में उसको सैनिक सहयोग करने से दूर है। वेनेजुएला के तेल निर्यात का 50 से 89 प्रतिशत तक हिस्सा सिर्फ चीन जाता था। इसके बावजूद वह वेनेजुएला को सैनिक सहायता देने से हिचक रहा है। इसकी वजह यह है कि चीन की नीतियां कम से कम एशिया से बाहर सिर्फ और सिर्फ आर्थिक मुद्दों पर ही टिकी हैं। ट्रंप काल में अमेरिका से कारोबारी मुद्दे पर उसकी ठनी हुई है। जिसे वह सहज करने की कोशिश में है, इसलिए वह कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहता, जिससे अमेरिका से उसके कारोबारी रिश्तों पर असर पड़े। चीन की पूरी कोशिश है कि अमेरिका से जारी व्यापार युद्ध को खत्म करे। उसकी कोशिश किसी तरह अमेरिका को खुश करने की भी होगी, ताकि वेनेजुएला से वह पहले की तरह तेल का भारी आयात कर सके। वेनेजुएला के मसले पर रूस की भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं है। रूस यूक्रेन में फंसा हुआ है। वेनेजुएला से रूस की रणनीतिक संधि तो है, लेकिन उसमें साझा रक्षा का जिक्र नहीं है। फिर रूस के संसाधन, सेना, सैन्य उपकरण आदि यूक्रेन युद्ध में लगे हुए हैं। ऐसे में अगर वह वेनेजुएला का सैन्य सहयोग करता है तो एक तरह से अमेरिका के खिलाफ नया मोर्चा खोलना होगा। रूस इस वजह से बचना चाहता है, इसीलिए जब रूसी झंडा लगे पोत को अमेरिकी सेना ने रोका तो रूस ने सिर्फ अमेरिका से रूसी नागरिकों की हिफाजत और उन्हें छोड़ने की अपील ही की। जाहिर है कि लगातार अर्थकेंद्रित होती दुनिया में देशों की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। रूस और चीन इसी मानस से ग्रस्त हैं, इसीलिए वेनेजुएला ही नहीं, ऐसे अपने किसी और साथी के सहयोग के लिए सक्रिय रूप से सामने आने में अब उनकी दिलचस्पी नहीं है। ऐसे में दुनिया, विशेषकर अमेरिकी कोप से आशंकित देशों को चिंतित होने की जरूरत है। उन्हें वैकल्पिक राह भी तलाशनी होगी।

***वेनेजुएला के तेल निर्यात का 50 से 89 प्रतिशत तक हिस्सा सिर्फ चीन जाता था। इसके बावजूद वह वेनेजुएला को सैनिक सहायता देने से हिचक रहा है। इसकी वजह यह है कि चीन की नीतियां कम से कम एशिया से बाहर सिर्फ और सिर्फ आर्थिक मुद्दों पर ही टिकी हैं।***

# पर्शिया से ईरान बनने तक : सत्ता संस्कृति और संघर्ष की गाथा




**सफरनामा**

सेंट्रल डेस्क

आज जिसे दुनिया ईरान के नाम से जानती है, वह सदियों तक पर्शिया या फारस कहलाता रहा। दिलचस्प तथ्य यह है कि देश के भीतर इसे हमेशा ईरान ही कहा गया, नाम बदला तो केवल बाहरी दुनिया की दृष्टि में। इसका नाम चाहे जो रहा हो, इस भूभाग की शक्ति, संस्कृति और महत्व कभी कम नहीं हुए। इतिहास के पन्ने पलटकर देखें तो ईरान की सभ्यता लगभग चार हजार वर्ष पुरानी है। इलेमाइट, अस्सीरियन और मेडियन सभ्यताओं के बाद हमदान राजधानी बना और यहीं से संगठित राजशाही की नींव पड़ी। इसी परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाई सायरस द ग्रेट ने, जिन्होंने एकेमेनिड साम्राज्य खड़ा किया। उनका साम्राज्य पूर्वी यूरोप से लेकर सिंधु नदी तक फैला था। सायरस केवल विजेता नहीं थे, वे कुशल प्रशासक भी थे। क्षत्रप प्रणाली, धार्मिक सहिष्णुता और यहूदियों की मुक्ति जैसे फैसलों ने उन्हें इतिहास में विशिष्ट स्थान दिलाया। भारत और फारस के भाषाई और सांस्कृतिक रिश्ते भी इसी दौर में मजबूत हुए।

सायरस के उत्तराधिकारी डेरियस द ग्रेट के समय फारस दुनिया की लगभग आधी आबादी पर शासन करता था। भारत को 'हिंदुस्तान' नाम देने का श्रेय भी इसी काल को जाता है। हालांकि ग्रीस पर आक्रमण फारस की वह रणनीतिक भूल साबित हुई, जिसने साम्राज्य की नींव हिला दी। 331 ईसा पूर्व में सिकंदर ने डेरियस तृतीय को हराकर पर्शिया पर अधिकार कर लिया। यह जीत केवल सत्ता परिवर्तन नहीं थी, बल्कि एक युग के अंत का संकेत थी। सिकंदर के बाद सेल्युकिड और पार्थियन आए, लेकिन फारसी गौरव का पुनरुत्थान सासानी वंश में हुआ। शापुर प्रथम ने रोमन सम्राट वैलेरियन को बंदी बनाकर रोम की अजेयता के मिथक को तोड़ा। इसके बाद सातवीं सदी में इस्लाम का आगमन हुआ। अरब विजय के साथ जोरोस्ट्रियन धर्म पर दबाव बढ़ा और यही समुदाय आगे चलकर पारसी कहलाया। जीवन रक्षा के लिए इन लोगों का भारत आगमन हुआ, जिसने भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता को नई पहचान दी।

मध्यकाल में फारसी भाषा और संस्कृति ने फिर उन्नति की। फिरदौसी की शाहनामा ने ईरान को उसकी ऐतिहासिक स्मृति लौटाई, लेकिन मंगोल आक्रमणों ने इस समृद्धि को तहस-नहस कर दिया। चंगेज खान और बाद में तैमूर के हमलों ने फारस और भारत दोनों को गहरे घाव दिए, जिनकी छाप सदियों तक बनी रही। आधुनिक ईरान की पहचान सफवी वंश के शिया धर्म को राज्य धर्म बनाने से बनी। यही कारण है कि आज ईरान शिया इस्लाम का केंद्र है। नादिर शाह के दिल्ली आक्रमण ने मुगल साम्राज्य के पतन को तेज किया और भारतीय इतिहास की दिशा बदल दी। उन्नीसवीं सदी में पर्शिया ब्रिटेन और रूस की साम्राज्यवादी राजनीति में उलझ गया। 1935 में रेजा शाह पहलवी ने देश का आधिकारिक नाम ईरान किया। तेल के राष्ट्रीयकरण और 1953 के अमेरिकी-समर्थित तख्तापलट ने ईरान की राजनीति को निर्णायक रूप से प्रभावित किया। शाह की भव्यता और जनता की बदहाली के बीच खाई बढ़ती गई। 1979 की इस्लामी क्रांति ने राजशाही का अंत कर दिया, लेकिन स्थायी स्थिरता नहीं दे सकी। आज ईरान एक बार फिर अपने अतीत और वर्तमान के बीच झूल रहा है। इतिहास गवाह है कि यह देश जितनी बार आगे बढ़ा, उतनी बार उसका अतीत उसके सामने खड़ा हो गया। शायद यही कारण है कि सिकंदर की अंगूठी, शाहनामा की गाथाएं और शाह की ताजपोशी आज भी ईरान की राजनीति और चेतना में एक साथ जीवित हैं। गौरतलब है कि ईरान में पिछले दो हफ्तों से विरोध प्रदर्शनो जारी हैं। इनकी वजह से वहां की स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है। बताया जा रहा है कि इन विरोध प्रदर्शनों में अब तक करीब 114 सरकारी अधिकारी व कर्मचारी भी मारे गए हैं। हालांकि, सही संख्या का जानना मुश्किल है क्योंकि देश में अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों पर पाबंदियां हैं।

***सिकंदर की अंगूठी, शाहनामा की गाथाएं और शाह की ताजपोशी आज भी ईरान की राजनीति और चेतना में एक साथ जीवित हैं।***

# तेल बाजारों के लिए कितने मायने रखता है ईरान का भविष्य



**अराजकता**

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

ईरान में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल भारत के लिए सिर्फ एक विदेशी संकट नहीं है, बल्कि यह भारत की सुरक्षा, व्यापार और रणनीति से सीधे जुड़ा मामला बनता जा रहा है। ईरान और भारत के रिश्ते दशकों पुराने हैं।

ये रिश्ते सिर्फ कूटनीति तक सीमित नहीं, बल्कि भूगोल, रणनीतिक संतुलन और क्षेत्रीय पहुंच से जुड़े हैं। अगर ईरान कमजोर हुआ या वहां सत्ता परिवर्तन हुआ, तो इसका सबसे बड़ा नुकसान भारत को हो सकता है। भारत के लिए ईरान सिर्फ एक देश नहीं, बल्कि पश्चिम की ओर खुलने वाला एकमात्र भरोसेमंद दरवाजा है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए भारत के जमीनी रास्ते बंद कर रखे हैं। ऐसे में ईरान ही भारत को उस क्षेत्र से जोड़ता है, जहां से ऊर्जा, व्यापार और रणनीतिक पहुंच मिलती है। ट्रंप की अतिवादी नीतियों ने जिस तरह ईरान में सत्ता परिवर्तन और उसे आर्थिक रूप से कमजोर बनाने का खेल शुरू किया है, यह सीधे तौर पर भारत के लिए भी एक और मुसीबत खड़ी कर सकता है। अगर ईरान की स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है, तो इससे वैश्विक स्तर पर तेल और वित्तीय बाजारों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। वेनेजुएला में निकोलस मादुरो को हटाए जाने के बाद ऐसा नहीं हुआ था, लेकिन ईरान के मामले ने सभी को चिंता में डाल दिया है क्योंकि ईरान, वेनेजुएला की तुलना में चार गुना अधिक तेल का उत्पादन करता है। ओपेक देशों में ईरान तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। दुनिया की कुल तेल मांग का लगभग चार फीसदी हिस्सा ईरान से आता है, जबकि वेनेजुएला सिर्फ एक फीसदी ही उत्पादन करता है। संघर्ष के समय में इतिहास इसका गवाह रहा है। फिलहाल, बाजार 'इंतजार करो और देखो' की स्थिति में




**भारत अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा तेल आयात से पूरा करता है। इस भारी निर्भरता के कारण उसे अपने विदेशी मुद्रा भंडार का काफी बड़ा खर्च इस पर करना पड़ता है।**

है। क्रूड की कीमतों में उथल-पुथल का असर भारत पर सीधे पड़ता है। भारत अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा आयात से पूरा करता है। इस भारी निर्भरता के कारण उसे अपने विदेशी मुद्रा भंडार का काफी बड़ा खर्च इस पर करना पड़ता है। इससे भारत का इंपोर्ट बिल बढ़ता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जरा भी तेजी भारत में पेट्रोल, डीजल और माल ढुलाई की लागत बढ़ा देती है। दूसरी तरफ, हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। सत्ता परिवर्तन के संक्रमण काल में भारत को अमेरिका और ईरान के बीच संतुलन बनाना बहुत कठिन हो सकता है। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण चोक प्वाइंट बना हुआ है। यहां से वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत और कच्चे तेल के निर्यात का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गुजरता है। ईरान इस रास्ते को बंद कर सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास किसी भी तरह की बाधा से इराक, सऊदी अरब और यूएई से तेल की खेप प्रभावित हो सकती है। इस रास्ते में बाधा आने से तेल लाने की लागत बढ़ जाएगी। इससे समय के साथ-साथ लागत के मामले में भारत के निर्यात को नुकसान हो सकता है।

साफ है, यदि सत्ता परिवर्तन हिंसक होता है तो ईरान में लंबे समय तक अस्थिरता रह सकती है। इससे भारत के करोड़ों डॉलर के निवेश अधर में लटक सकते हैं। वर्तमान में अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत ईरान से तेल नहीं खरीद पा रहा है। यदि नई सरकार आती है और अमेरिका के साथ उसके संबंध सुधरते हैं, तो भारत को फिर से ईरान से सस्ता और गुणवत्तापूर्ण कच्चा तेल मिल सकेगा। इसमें कोई संदेह नहीं स्थिर ईरान भारत के लिए बहुत मायने रखता है। ईरान में सत्ता परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से होता है तो यह भारत के लिए दीर्घकालिक लाभ लेकर आएगा।

# आंतरिक और बाह्य संकटों में उलझा ईरान



**विरोध**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार

इस समय ईरान गहन आंतरिक तथा बाह्य संकटों में उलझा हुआ है। गत वर्ष जून में अमेरिका के साथ प्रक्षेपास्त्रीय युद्ध में अपनी सामरिक शक्तियों के ध्वस्त होने के बाद इस देश में अर्थव्यवस्था का भी तीव्र पतन हुआ। ईरान की सबसे बड़ी समस्या आर्थिक बदहाली और राजनीतिक कठोरता का मिश्रण है। दशकों से लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। यहां मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। ईरानी रियाल का मूल्य निरंतर कम हो रहा है। सबसे बड़ी समस्या जो इस देश में है, वो 'इस्लामिक रिपब्लिक' शासन व्यवस्था है। यह शासन लोकोपकारी भूमिका में है ही नहीं। शासकीय कुव्यवस्था ने नागरिकों की स्वतंत्रता छीन ली है।

नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी, कठोर मजहबी प्रतिबंधों एवं सामाजिक कानूनों के प्रति विद्रोही हैं। लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से अति असंतुष्ट हैं। ईरान के नवीन आंदोलनों की सबसे बड़ी लहर 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद शुरू हुई थी, जिसे ठीक से 'हिजाब' न पहनने के कारण नैतिकता प्रबंधन पुलिस ने अभिरक्षा में लिया था। हालांकि, इन दिनों के जनप्रदर्शन केवल हिजाब-प्रकरण तक सीमित नहीं रहे, बल्कि इनके होने के पीछे अनेक कारण हैं। व्यक्तिगत स्वतंत्रता इनमें प्रमुख है।

स्त्रियां एवं युवा 'स्त्री, जीवन, स्वतंत्रता' नारे के साथ व्यक्तिगत अधिकारों की मांग कर रहे हैं। भ्रष्टाचार व शासकीय कुप्रबंधन ने भी जन विद्रोह में वृद्धि की है। जनता पूर्णतः आश्वस्त है कि देश के संसाधन आम लोगों के कल्याण की तुलना में विदेशी संघर्षों तथा सत्ता संरक्षण में निर्धारित हैं। यही कारण है कि प्रदर्शनकारी अब केवल शासन पद्धति में सुधार नहीं, बल्कि धार्मिक नेतृत्व के अंत की कठोर मांग भी कर रहे हैं। अमेरिका तो ईरान के पीछे तब ही से पड़ा हुआ है, जब से उसे ईरान में परमाणु अस्त्रों के प्रथम परीक्षण की भनक लगी थी। जहां ईरान स्वभूमि पर विद्यमान प्राकृतिक तेल भंडारों की सुरक्षा के लिए सामरिक शक्तियों से संचित होने की कामना से भरा रहा है, वहीं अमेरिका की मंशा आरंभ से ही इस कोण पर केंद्रित रही है कि ईरान को स्वतंत्र रूप में परमाणु अस्त्र की शक्ति से संपन्न नहीं होने देना है, क्योंकि ऐसा हो जाने पर




**अमेरिका की मंशा यह रही कि ईरान को स्वतंत्र रूप में परमाणु अस्त्र की शक्ति से संपन्न नहीं होने देना है, क्योंकि वह उसके तेल संसाधनों का मनमाना दोहन नहीं कर सकेगा।**

अमेरिका उसके तेल संसाधनों का मनमाना दोहन नहीं कर सकेगा। अपने इस दृष्टिकोण को विश्व में स्वीकार्यता देने के उद्देश्य से वह ईरान के इन आंदोलनों को अपने स्तर पर तीव्र कर रहा है। वह इन्हें 'लोकतंत्र के समर्थन' के रूप में प्रचारित कर रहा है। अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन चाहता है। वह अमेरिकी नेतृत्व वाले पश्चिमी हितों के अनुकूल नवशासन स्थापित कर ऐसे शासन के माध्यम से ईरानी परमाणु कार्यक्रमों को पूरी तरह बंद करवाना चाहता है।

अमेरिकी कामना ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव को कम करने की भी है। चूंकि ईरान मध्य पूर्व में इजरायल और सऊदी अरब का कट्टर प्रतिद्वंद्वी है। अमेरिका इस स्थिति का सामरिक, आर्थिक व राजनीतिक लाभार्जन चाहता है। वह आंदोलनों व जनप्रदर्शनों के माध्यम से ईरान के प्रभाव को सीमित करना चाहता है। अमेरिका आंदोलनों की आड़ में अत्यधिक कठोर प्रतिबंध लगाकर ईरानी शासन पर दबाव बनाना चाहता है ताकि वह परमाणु समझौते पर सीधे-सीधे उसकी शर्तों को मान ले। प्रत्यक्ष रूप में भारत भले ही ईरान-प्रकरण पर तटस्थ प्रतीत हो, किंतु अनेक स्तर पर स्वहितों की रक्षा हेतु भारत, आंदोलनकारी स्थितियों को नियंत्रित करने की दिशा में ईरान के साथ कूटनीतिक विमर्श में सम्मिलित है। यदि हमारे व ईरान के संबंधों को देखें तो इनका सबसे बड़ा आधार आर्थिक व व्यापारिक है। वैसे दोनों देशों के संबंध ऐतिहासिक और रणनीतिक रूप में भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहे हैं। ऊर्जा सुरक्षा दोनों के संबंधों का एक विशाल सेतु रही है। एक समय में ईरान, भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता था।

हालांकि, अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत का ईरान से तेल आयात कम हो गया है, परंतु तब भी दोनों ओर से ऊर्जा सहयोग की संभावनाएं बनी हुई हैं। ईरान स्थित चाबहार पोर्ट भारत के लिए अर्थनीतिक रूप में सबसे महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके माध्यम से भारत पाकिस्तान के पारगमन मार्ग को अनस्तित्व कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच बनाता है। इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर अर्थात व्यापार मार्ग रूस और यूरोप तक पहुंचने के लिए भारत और ईरान के बीच एक प्रमुख कड़ी है।

भारत व पारंपरिक ईरान के बीच सांस्कृतिक सह-संबंध भी था। दोनों देशों में प्राचीन भाषायी एवं सांस्कृतिक समानताएं हैं, जो द्विपक्षीय आधुनिक कूटनीति को शक्तिसंपन्न करती है। इस आधार पर भारत आंदोलन के कारण हिंसक, अस्थिर तथा अस्त-व्यस्त ईरान के हितों की रक्षा हेतु कूटनीतिक पहल कर सकता है।



## कैबिनेट मीटिंग से गायब रहे राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री

### बीएमसी में मेयर चुनाव से पहले 'रिजॉर्ट पॉलिटिक्स' शुरू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में सभी 29 महानगरपालिका के चुनाव संपन्न हो गए हैं। बीएमसी में अभी भी मेयर नहीं चुना जा सका है। अब मेयर का चुनाव होने से पहले ही मुंबई में होटल पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री नहीं पहुंचे, जिसके बाद सियासी चर्चाएं और तेज हो गई हैं। चुनाव से पहले ही अजित पवार ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। कैबिनेट बैठक से पहले शिवसेना की ओर से कहा गया है कि एकनाथ शिंदे बीमार हैं। मेयर के लिए 114 का जादुई आंकड़ा पार करना जरूरी है। भाजपा को यहां 89 वार्डों में जीत हासिल हुई है। शिवसेना (यूबीटी) 65 वार्डों में जीती है। शिवसेना (शिंदे) 29 , कांग्रेस 24 , एआईएमआईएम 8, मनसे 6 औरएनसीपी 3 वार्डों में जीती है। भाजपा को मेयर पद के लिए शिवसेना का सहयोग जरूरी है।

### शिवसेना के नगर सेवकों को होटल जाने के आदेश



बांद्रा स्थित ताज लैंड्स एंड होटल

मेयर चुनाव से पहले शिवसेना के सभी नगरसेवकों को दोपहर 3 बजे बांद्रा स्थित ताज लैंड्स एंड होटल पहुंचने के आदेश दिए गए हैं। एकनाथ शिंदे की शिवसेना के सभी निर्वाचित नगरसेवकों को बांद्रा के ताज लैंड्स एंड होटल में ले जाया जाएगा। शिवसेना ऐसा इसलिए कर रही है कि उसके नगर सेवकों को खरीदा या तोड़ा न जा सके।

### अजित ने बदले सुर दी बधाई



उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भाजपा को जीत की बधाई दी। पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ ननिचुनावों में भाजपा ने अजित की एनसीपी और एनसीपी (एसपी) गठबंधन को हरा दिया है। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए पवार के सुर बदले हुए थे।

### महाराष्ट्र की राजनीति के जयचंद हैं उद्धव निरुपम बोले

शिवसेना नेता संजय निरुपम ने चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) की हार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र की राजनीति का अगर कोई जयचंद है तो वह यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे हैं। उन्होंने 2019 में भाजपा के साथ चुनाव लड़कर जिस तरीके से शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के हिंदुत्व की विचारधारा के गद्दारी की।

### हार के बाद ठाकरे बंधु बोले

## महाराष्ट्र-मराठी पहचान के लिए संघर्ष खत्म नहीं

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने बीएमसी चुनाव के बाद मराठी समाज और मराठी पहचान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि चाहे चुनाव में उम्मीद के मुताबिक सफलता न मिले, उनका संघर्ष मराठी भाषा, मराठी लोगों और समृद्ध महाराष्ट्र के लिए हमेशा जारी रहेगा। हमारे कार्यकर्ताओं ने बेहतरीन संघर्ष किया।



#### शिवसेना को बताया शाह-सेना

'सामना' ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनकी शिवसेना पर करारा हमला बोला है। संपादकीय में शिंदे गुट को शाह-सेना करार देते हुए उस पर अवसरवाद और विचारधारा विहीन राजनीति करने का आरोप लगाया गया है। अब महापौर बनना सपना है।

#### मराठी भाषा के लिए लड़ेंगे

राज ने कहा हमारा संघर्ष मराठी लोगों, मराठी भाषा, मराठी पहचान और समृद्ध महाराष्ट्र के लिए है। यह संघर्ष ही हमारी असल पहचान है। जो भी गलत हुआ, जो अधूरा रह गया, उसे मिलकर हम सुधारेंगे और आगे की रणनीति बनाएंगे।

### किसी के साथ नहीं लोगों की आवाज बनेंगे: ओवैसी



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है। 13 नगर निगमों में 125 पार्षदों की जीत को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी का भाजपा या विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के साथ जाने का कोई इरादा नहीं है।

---

## खबर संक्षेप

### पीएम ने एमजीआर को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध अभिनेता एम.जी. रामचंद्रन (एमजीआर) की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को भी याद किया है। पीएम मोदी ने एमजीआर के जीवन पर आधारित वीडियो पोस्ट कर तमिलनाडु की प्रगति में उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

### भारती को झटका लगा भाजपा विधायक की जीत



**नई दिल्ली।** मालवीय नगर सीट पर फरवरी 2025 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के सतीश उपाध्याय ने आप के सोमनाथ भारती को हराया था। उपाध्याय ने 39,564 मत हासिल कर जीत दर्ज की थी, जबकि भारती निकटतम प्रतिद्वंद्वी थे। भारती ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। 'भ्रष्ट आचरण' का आरोप लगाया था।

### समय पर डिलीवर नहीं तो लगा 40 हजार जुर्माना



**अल्मोड़ा।** जिला उपभोक्ता आयोग ने ऑनलाइन खरीद के एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। आयोग ने मीशो और रविंद्र इंडस्ट्रीज को 313 रुपए के जूते समय पर डिलीवर न करने और नोटिसों की अनदेखी करने के लिए अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी पाया। कंपनी को अर्थदंड समेत कुल मिलाकर लगभग 40,000 रुपए का जुर्माना लगाया।

### फरीदाबाद के होटल में मैनेजर समेत 8 पर केस



**फरीदाबाद।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर फरीदाबाद के एनआईटी तीन स्थित होटल पैराडाइज में पुलिस ने रूटीन चेकिंग की। होटल में बिना अनुमति शराब परोसी जा रही थी और देर रात तेज संगीत पर डांस पार्टी चल रही थी। पुलिस के पहुंचते ही भगदड़ मच गई। पुलिस ने मैनेजर सहित आठ लोगों को पकड़ा और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया।

### चर्चित कथावाचक श्रवण दास गिरफ्तार



**दरभंगा।** धर्म और आस्था की आड़ में महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। चर्चित कथावाचक श्रवण दास जी महाराज को महिला थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महाराज पर महिला के साथ शादी का झांसा देकर एक साल तक यौन शोषण करने और फिर जबरन गर्भपात कराने का आरोप लगा है।

---

### पंजाब के सीएम ने बार्डर पर बाड़ के पार खेतों का मसला केंद्रीय गृहमंत्री के आगे उठाया

# मुख्यमंत्री भगवंत ने नई दिल्ली में की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**आने वाले दिनों में बार्डर पर स्थित हजारों एकड़ जमीन पर बेरोकटोक खेती कर सकेंगे पंजाब के किसान: भगवंत**

**प्रस्तावित बीज बिल के कुछ प्रावधानों को लेकर जतायी नाखुशी**



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और पंजाब से संबंधित विभिन्न लंबित मुद्दों के जल्द और समयबद्ध समाधान के लिए विचार- विमर्श किया। बैठक के दौरान मान ने सीमावर्ती सुरक्षा प्रबंध, कृषि संकट, अंतरराज्यीय पानी संबंधी विवाद और केंद्र द्वारा ग्रामीण विकास फंड के बकाए की अदायगी में देरी शामिल से जुड़े प्रदेश के मामले रखे। इसके साथ ही सीमावर्ती सुरक्षा दीवार जीरो लाइन से काफी दूर होने के कारण किसानों को पेश मुश्किलों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय सीमा और कंटीली तार के बीच पड़ने वाली कृषि योग्य भूमि के बड़े हिस्से पर चिंता व्यक्त की, जिसके कारण किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने के लिए रोजाना इसे पार करना पड़ता है।

सीमावर्ती इलाकों बारे मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय नियमों अनुसार, दीवार जीरो लाइन से 150 मीटर से दूर होनी चाहिए लेकिन पंजाब के कई इलाकों में सीमावर्ती कंटीली तार दो से तीन किलोमीटर अंदर स्थित है।' उन्होंने कहा कि हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि इस तार से परे है, जिसके कारण किसानों को रोजाना पहचान पत्र दिखाना और बीएसएफ की सुरक्षा के तहत अपने खेतों में खेती करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'यदि तार को अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक दोबारा बनाया जाता है तो भारतीय भूमि का बड़ा हिस्सा दीवार के इस पार आ जाएगा, जिससे किसान बिना किसी डर और रोजाना की पाबंदियों के खेती कर सकेंगे और इससे राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता भी नहीं करना पड़ेगा।' उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री ने उन्हें बताया कि यह मुद्दा विचाराधीन है और पठानकोट में भी इसी तरह की व्यवस्था संबंधी कोशिश की जा चुकी है।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित बीज बिल 2025, अनसुलझे सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) विवाद, एफसीआई द्वारा अनाज की धीमी ढुलाई, आढ़तिया कमीशन रोकने, ग्रामीण विकास फंड (आरडीएफ) और मार्केट फीसों का भुगतान न करने और चंडीगढ़ प्रशासन में पंजाब की भूमिका को घटाने संबंधी पंजाब के एतराज उठाते हुए इन मुद्दों के तुरंत और समयबद्ध समाधान की मांग की।

प्रस्तावित बीज बिल 2025 पर गंभीर एतराज उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पंजाब एक कृषि प्रधान राज्य है और देश के अन्न भंडार में महत्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी बिल में पेश किया गया जोन आधारित सिस्टम मौजूदा प्रणाली के विपरीत, केंद्रीय बीज समिति में पंजाब की प्रतिनिधित्व की गारंटी नहीं देता, जिससे बीज क्षेत्र को सीधे प्रभावित करने वाले फैसलों में राज्य की आवाज दबाई गई है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने आगे कहा, प्रस्तावित बीज बिल में राज्य की मौजूदा शक्ति को घटा दिया गया है क्योंकि बीज रजिस्ट्रेशन में राज्य बीज समिति की कोई भूमिका नहीं है और खाके में उन किसानों के लिए एक मजबूत मुआवजा ढांचा सुनिश्चित बनाने के बारे में भी कोई बात नहीं की गई, जिन्हें रजिस्टर्ड बीज संबंधी दर्शाए नतीजे न मिलने के कारण नुकसान होता है। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि विदेशों में टेस्ट की गईं और छोड़ी गईं बीज किस्मों को पंजाब और अन्य राज्यों में आयात व बिक्री के लिए राज्य के कृषि-जलवायु हालात तहत अनिवार्य स्थानीय टेस्टिंग के बिना अनुमति दी गई है, जिससे किसानों के लिए गंभीर जोखिम पैदा हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि पंजाब की रीढ़ की हड्डी है, जहां किसान फसलें उगाते हैं, उपज का कुछ हिस्सा बेचते हैं और अगले सीजन के लिए बीज संभालकर रखते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को बीजों के लिए पूरी तरह कंपनियों पर निर्भर करने के लिए मजबूर करना न तो उचित है और न ही किसानों के हित में है।

उन्होंने अपील की कि बिल को मौजूदा रूप में संसद के सामने नहीं लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने समस्याओं की जांच का भरोसा दिया है। नदियों के पानी के बारे में पंजाब के स्पष्ट स्टैंड को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा,पंजाब के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए कोई अतिरिक्त पानी नहीं है। सतलुज, रावी और ब्यास के पानी की उपलब्धता में काफी कमी आई है और इसलिए सतलज यमुना लिंक नहर का निर्माण व्यावहारिक नहीं है।

### असम की रैली में बोले प्रधानमंत्री

## घुसपैठिए कांग्रेस के कट्टर वोट बैंक, केवल करते रहे 'कब्जा'



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ गुवाहाटी

बंगाल के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने असम में भी एक जनसभा को संबोधित किया। यहां पर भी उन्होंने घुसपैठ का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयासों का नतीजा आज सबके सामने है। उन्होंने कहा कि असम में शांति, विकास और आत्मविश्वास लौट रहा है। खासकर बोडो समाज के युवाओं में नई ऊर्जा दिखाई दे रही है, जो अब सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे असम के विकास के लिए काम कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि आज बोडो समाज के युवा असम के सांस्कृतिक दूत बन रहे हैं। खेल के मैदान से लेकर कला और संस्कृति तक, बोडो समाज के बेटे-बेटियां देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये युवा नए विश्वास के साथ बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा भी कर रहे हैं। पीएम मोदी के मुताबिक, बोडो समाज की यह प्रगति असम को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रही है।

#### असम की संस्कृति पर कांग्रेस को आपत्ति क्यों?

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब भी असम की कला, संस्कृति और पहचान का सम्मान किया जाता है, कांग्रेस को तकलीफ होती है। उन्होंने सवाल किया कि भूपेन हजारिका को भारत रत्न देने का विरोध किसने किया था। जवाब खुद कांग्रेस है। पीएम मोदी ने कहा कि जब वे असम की संस्कृति से जुड़ी कोई चीज पहनते हैं, जैसे गमोछा, तो कांग्रेस उसका मजाक उड़ाती है। यह दिखाता है कि कांग्रेस को असम की पहचान कभी स्वीकार नहीं रही।

#### कांग्रेस पर अस्थिरता का आरोप जड़ा

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम में अस्थिरता पैदा की। कांग्रेस को विदेशी घुसपैठिए पसंद हैं, क्योंकि वे उनका कट्टर वोट बैंक बन जाते हैं। कांग्रेस के शासन में घुसपैठिए आते रहे, असम की लाखों बीघा जमीन पर कब्जा करते रहे।

#### सेमीकंडक्टर यूनिट विवाद पर भी बोले पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि असम में सेमीकंडक्टर यूनिट लगने का विरोध भी कांग्रेस ने किया। कांग्रेस की कर्नाटक सरकार के एक मंत्री, जो कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे हैं, ने सवाल उठाया कि यह यूनिट असम में क्यों लग रही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को पूर्वोत्तर का विकास कभी रास नहीं आया, इसलिए वह हर बड़े प्रोजेक्ट का विरोध करती रही है।

---

### बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक बार फिर तनाव भड़का

## प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा में एनएच-12 व रेलवे ट्रैक को बाधित किया, 30 गिरफ्तार

### पुलिस ने कुछ स्थानों पर लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार को फिर तनाव भड़क उठा, प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-12 और रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया। यह विरोध एक दिन पहले हुई हिंसक घटनाओं के बाद हुआ है। कई हिस्सों में सड़क और रेल संपर्क घंटों ठप रहा। बरुआ मोड़ पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए और हाइवेपर बैठ गए। पुलिस ने 30 लोगों को गिरफ्तार किया है।



#### कबाड़ी की मौत बनी वजह

शुक्रवार से बेलडांगा में हालात तनावपूर्ण हैं। 36 वर्षीय प्रवासी मजदूर अलाउद्दीन शेख का शव झारखंड में उसके किराए के कमरे से बरामद हुआ था, जहां वह कबाड़ का काम करता था।

#### एक और प्रवासी मजदूर के साथ मारपीट का आरोप

शनिवार को तनाव की वजह यह आरोप बना कि इलाके के एक और प्रवासी मजदूर अनीसुर शेख के साथ बिहार में बेरहमी से मारपीट की गई है। इससे लोगों का गुस्सा फिर भड़क उठा। पुलिस ने बल तैनात किया। विधायक हुमायूं कबीर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों व अधिकारियों से बात कर स्थिति को संभालने की कोशिश की थी।

### फॉर्च्यूनर डिवाइडर से टकराई, 5 की मौत



**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा में गुरथरी गांव के पास एक फॉर्च्यूनर कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे भीषण हादसा हुआ। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला पुलिस कांस्टेबल भी शामिल है। सभी गुजरात के रहने वाले थे और घूमने आए थे। सुबह के कोहरे को हादसे की वजह बताया जा रहा है। पुलिस ने शवों को बठिंडा सरकारी अस्पताल में भेजा है।

### 'माघ मेले' में उमड़े श्रद्धालु



**प्रयागराज।** शनिवार को प्रयागराज में चल रहे 'माघ मेला' उत्सव के दौरान लोग 'मौनी अमावस्या' से पहले संगम में पवित्र डुबकी लगाते लोग। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ रही।

---

### कैथवलिया में विराट रामायण मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़

## विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग पर हेलिकॉप्टर से बरसे फूल

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी

पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी स्थित कैथवलिया में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर परिसर में विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग की स्थापना को लेकर पीठ पूजन का कार्य हुआ। इस दौरान परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी श्रद्धालु हर-हर महादेव और जय श्री राम का नारा लगा रहे हैं। शिवलिंग पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस ऐतिहासिक अनुष्ठान में महावीर मंदिर न्यास के सचिव शायन कुणाल और उनकी पत्नी, सांसद शांभवी चौधरी, जजमान की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के साथ पहुंच चुके हैं।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पहुंचे
- हर-हर महादेव, जय श्री राम की रही गूंज
- महावीर मंदिर न्यास के सचिव व सांसद बने जजमान



लोगों की भीड़

#### मंगल गीतों से गूंज उठा परिसर

पीठ पूजन को लेकर मंदिर परिसर और आसपास का इलाका भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। हजारों श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। वहीं हर कोई इस दुर्लभ और ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनकर पुण्य का भागी बनने की कामना करत रहा।

#### मोतिहारी से आने वाले श्रद्धालुओं को मार्ग बदला

मोतिहारी से पिपराकोठी–कोटवा–भोपतपुर होते हुए राजपुर के रास्ते कैथवलिया मंदिर पहुंचा जा सकता है। इस मार्ग की दूरी लगभग 40 किलोमीटर है।

#### पुलिस ने किए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

जाम की स्थिति से बचने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर सात प्रमुख ड्रॉप गेट बनाए गए। साथ ही विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई। कार्यक्रम स्थल तक सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक प्वाइंट पर ट्रैफिक पुलिस और प्रशासनिक टीमों की तैनाती रही। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे यातायात नियमों का पालन करें।

### हरियाणा पुलिस की डिजिटल स्ट्राइक

## 1,018 आपत्तिजनक लिंक रिपोर्ट 583 हटाए और 435 रडार पर

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस ने सोशल मीडिया पर बढ़ती अवैध और आपत्तिजनक गतिविधियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए एक बड़ा डिजिटल अभियान शुरू किया है।

यह पहल इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से की जा रही है। सोशल मीडिया पर अक्सर आपत्तिजनक, राष्ट्र-विरोधी, धर्म-विरोधी और भ्रामक कंटेंट पोस्ट किया जा रहा था, जिससे तनाव और भ्रम फैल रहा था, इसलिए एक समन्वित कार्रवाई जरूरी हो गई थी। इसी उद्देश्य से साइबर हरियाणा टीम ने लगभग एक महीने पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की लगातार निगरानी शुरू की, और यह अभियान अभी भी जारी है। इस अभियान के तहत, अब तक कुल 1,018 आपत्तिजनक लिंक और प्रोफाइल की रिपोर्ट की गई है, जिनमें से 583 को कंपनियों द्वारा पहले ही हटा दिया गया है या ब्लॉक कर दिया गया है। बाकी 435 समीक्षा के विभिन्न चरणों में हैं और जल्द ही हटा दिए जाएंगे।

# जीवन में अपनाएं ये मंत्र, नहीं होगी आर्थिक परेशानी

अगर आप भी हमेशा अमीर बने रहना चाहते हैं तो पर्सनल फाइनेंस के कुछ मंत्र याद रखें और उन्हें अपने जीवन में अपनाएं। इससे आपको कभी भी पैसे की कमी नहीं होगी। इस रिपोर्ट में हम आपको ऐसे की कुछ मंत्र बताने वाले हैं जो आपके काफी काम के होंगे। इन्हें अपनाकर आप अपने फाइनेंस को काफी अच्छे से मैनेज कर सकते हैं और बचत भी कर सकते हैं। आजकल लोगों के लिए पैसा कमाने से भी ज्यादा मुश्किल उसे संभालना हो गया है। ज्यादातर लोगों की सैलरी आते ही खर्च हो जाती है और महीने के आखिरी में उनकी जेब खाली हो जाती है। इसी के साथ-साथ न ही वह कोई बचत कर पाते हैं, क्योंकि महीने के आखिरी तक कुछ बचता ही नहीं। ऐसे में पर्सनल फाइनेंस के पांच नियमों को अपना लें। इससे आप अपने फाइनेंस को काफी अच्छे से मैनेज कर सकेंगे और बचत भी कर पाएंगे।

## 50–30–20 नियम अपनाएं

50–30–20 नियम में 50 का मतलब है कि आपको अपनी सैलरी का 50 प्रतिशत हिस्सा केवल जरूरी खर्चों में खर्च करना है। इसमें घर का किराया, राशन, बिल और अन्य जरूरी खर्चों को शामिल करें। सैलरी का 30% हिस्सा अपने लिए रखें और अपनी जरूरत और अपने इच्छाओं के अनुसार खर्च करें। सैलरी का 20 प्रतिशत हिस्से की बचत करें और निवेश करें।

## इमरजेंसी फंड बनाएं

अपने लिए एक इमरजेंसी फंड जरूर बनाएं, जो मुश्किल समय में काम आ सकें। इमरजेंसी फंड 3 से 6 माह के जरूरी खर्च के बराबर जरूर होना चाहिए. यह फंड नौकरी जाने, मेडिकल इमरजेंसी और अचानक आय रुकने की स्थिति में काम आता है। इमरजेंसी फंड आपको वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे आप अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। इमरजेंसी फंड आपको तनाव से मुक्ति दिलाता है, जिससे आप जीवन को और भी बेहतर बना सकते हैं। इमरजेंसी फंड आपको बचत करने में मदद करता है, जिससे आप भविष्य के लिए तैयार रह सकते हैं।

## ईएमआई इनकम के 40% तक रखें

ईएमआई (इक्वेटेड मंथली इंस्टॉलमेंट) इनकम के 40 प्रतिशत तक रखना एक अच्छा नियम है। इससे आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने और अपने जीवन को तनाव मुक्त रखने में मदद मिलती है। ईएमआई के 40% तक रखने से आपको वित्तीय सुरक्षा मिलती है, जिससे आप अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। आपको तनाव से मुक्ति मिलती है, जिससे आप अपने जीवन को और भी बेहतर बना सकते हैं। आपको बचत करने में मदद मिलती है, जिससे अपने भविष्य के लिए तैयार रह सकते हैं।

## इंश्योरेंस जरूर लें

केवल निवेश ही नहीं बल्कि इंश्योरेंस को भी प्राथमिकता दें। ऐसे में खुद को और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेल्थ और टर्म लाइफ इंश्योरेंस जरूर लें। इसके कुछ फायदें हैं जैसे। इंश्योरेंस आपको और आपके परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे आप अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। इंश्योरेंस आपको तनाव से मुक्ति दिलाता है, जिससे आप अपने जीवन को और भी बेहतर बना सकते हैं। इंश्योरेंस आपको बचत करने में मदद करता है, जिससे आप अपने भविष्य के लिए तैयार रह सकते हैं।

## इक्विटी में निवेश करें

अगर आप लंबे समय के लिए निवेश करना चाहते हैं तो थोड़ा पैसा इक्विटी जैसे म्यूचुअल फंड में निवेश जरूर करें। इक्विटी में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन इसमें जोखिम भी होता है। इक्विटी में निवेश करने से पहले आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम उठाने की क्षमता और निवेश के समय को ध्यान में रखना चाहिए।

बाजार में उतार-चढ़ाव के दौरान इनमें निवेश करना फायदेमंद

# बेस्ट एग्रीसिव हाइब्रिड फंड दिला सकते हैं बेहतर रिटर्न

- इन फंडों में पैसे लगाकर अच्छा मुनाफा कमाने का मौका
- निवेश करने से पहले संयम बरतें और अपने गोल तय करें

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार की अनिश्चितताओं से परेशान निवेशकों के लिए एग्रीसिव हाइब्रिड म्यूचुअल फंड एक बेहतर ऑप्शन हो सकते हैं। ये फंड इक्विटी और डेट दोनों में निवेश कर बाजार की अस्थिरता का असर कम करते हैं, जिससे लंबी अवधि में स्थिर रिटर्न मिलने की उम्मीद है। इसलिए आप भी इन फंडों में पैसे लगाकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं, लेकिन यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि निवेश से पहले संयम बरतें और अपने गोल तय कर लें। इसके बाद ही निवेया का फैसला लें, वरना कई बार परेशानी भी झेलनी पड़ सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले साल में बाजार सतर्क रह सकता है, ऐसे में हाइब्रिड फंड निवेशकों को स्थिर रिटर्न देने में मदद कर सकते हैं।

## एग्रीसिव हाइब्रिड फंड क्या हैं

एग्रीसिव हाइब्रिड म्यूचुअल फंड ऐसे फंड होते हैं, जो इक्विटी (शेयर बाजार) और डेट (बॉन्ड, सरकारी प्रतिभूतियां, मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट) दोनों में निवेश करते हैं। इन फंड्स की खासियत यह है कि इनमें 65% से 80% तक का निवेश इक्विटी में किया जाता है, जबकि शेष 20% से 35% तक डेट इंस्ट्रूमेंट्स में लगाया जाता है। इक्विटी में ज्यादा निवेश होने की वजह से इन्हें इक्विटी फंड की तरह टैक्स बेनिफिट मिलता है, वहीं डेट का हिस्सा बाजार की अस्थिरता के दौरान पोर्टफोलियो को कुछ हद तक सुरक्षा प्रदान करता है। इसका फायदा यह है कि जब शेयर बाजार में गिरावट आती है, तो डेट निवेश से नुकसान कम होता है। ऐसे फंड कंसर्वेटिव इक्विटी निवेशकों के लिए खास होते हैं, जो जोखिम लेने को तैयार हैं, लेकिन अत्यधिक उतार-चढ़ाव नहीं सह सकते। इससे लंबी अवधि में निवेशकों को धैर्यपूर्वक धन बढ़ाने का मौका मिलता है।



## शेयर बाजार की अनिश्चितताओं से परेशान निवेशकों के लिए बेहतर ऑप्शन

### लाभ और टैक्स की सुविधा

इन फंडों का एक बड़ा फायदा है नियमित प्रॉफिट बुकिंग। जब बाजार में इक्विटी का हिस्सा तय सीमा से ज्यादा बढ़ जाता है, तो फंड मैनेजर स्टॉक्स बेचकर असाइनमेंट बनाए रखते हैं। यह लंबी अवधि में रिटर्न बढ़ाने में मदद करता है। व्यक्तिगत निवेशक अगर ऐसा करते हैं, तो 1 लाख रुपये से ज्यादा के लाभ पर टैक्स देना पड़ता है, जबकि म्यूचुअल फंड के निवेशकों को इस पर टैक्स की सुविधा मिलती है। हालांकि, नियमित डिविडेंड की उम्मीद से इन फंडों में निवेश करना उचित नहीं है।

### बेस्ट एग्रीसिव हाइब्रिड फंड कौन से हैं

पिछले कुछ वर्षों के प्रदर्शन, फंड मैनेजमेंट और रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न के आधार पर भारत में कई एग्रीसिव हाइब्रिड फंड निवेशकों के बीच पसंद किए जा रहे हैं। ये फंड निवेशकों को अच्छा मुना देने की क्षमता रखते हैं। इनमें निवेश करना भी ठीक रहता है। इनमें प्रमुख हैं।

- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इक्विटी और डेट फंड
- एसबीआई इक्विटी हाइब्रिड फंड
- कोटक इक्विटी हाइब्रिड फंड
- एचडीएफसी हाइब्रिड इक्विटी फंड
- यूटीआई एग्रेसिव हाइब्रिड फंड
- क्वांट एग्रेसिव हाइब्रिड फंड
- कनारा रोबेको इक्विटी हाइब्रिड फंड
- मिराए एसेट एग्रेसिव हाइब्रिड फंड

### इनमें निवेश करना फायदेमंद

अगर निवेशक शुद्ध इक्विटी फंड के उच्च जोखिम से बचना चाहते हैं, लेकिन फिक्स्ड डिपॉजिट या डेट फंड जैसे कम रिटर्न से संतुष्ट नहीं हैं, तो एग्रीसिव हाइब्रिड फंड संतुलित विकल्प हैं।

### इन फंड्स का उद्देश्य

- इक्विटी से ग्रोथ का लाभ मिले
- डेट से स्थिरता और सुरक्षा बनी रहे
- लंबी अवधि (5 से 7 साल या उससे अधिक) में इन फंड्स ने औसतन 10–14% तक का वार्षिक रिटर्न देने की क्षमता दिखाई है, हालांकि रिटर्न बाजार स्थितियों पर निर्भर करता है।
- जब बाजार में ज्यादा उतार-चढ़ाव होता है, तब पूरी रकम इक्विटी में निवेश करना कई निवेशकों को असहज कर सकता है। ऐसे समय में एग्रीसिव हाइब्रिड फंड का डेट हिस्सा वोलैटिलिटी को कुछ हद तक कम करने में मदद करता है।

### यह भी रखें ध्यान

- ये फंड पूरी तरह सुरक्षित नहीं होते
- बाजार में तेज गिरावट आने पर इनमें भी अस्थायी नुकसान हो सकता है
- शुद्ध इक्विटी फंड की तुलना में इनकी गिरावट अक्सर थोड़ी कम देखी जाती है। इसलिए जिन निवेशकों को बाजार की चाल समझने में दिक्कत होती है या जो भावनात्मक फैसले लेने से बचना चाहते हैं, उनके लिए ये फंड उपयोगी हो सकते हैं।

### ऐसे में निवेशकों को क्या करना चाहिए?

- वर्तमान बाजार परिस्थितियों में निवेशकों को घबराकर फैसले लेने से बचना चाहिए। एक्सपर्ट्स की मानें तो:
- निवेश का लक्ष्य और समयावधि स्पष्ट रखें
- एसआईपी के जरिए निवेश करें, ताकि बाजार के उतार-चढ़ाव का औसत लाभ मिल सके
- एकमुश्त निवेश करने से पहले बाजार वैल्यूएशन पर ध्यान दें
- पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें
- अगर कोई निवेशक पहली बार म्यूचुअल फंड में कदम रख रहा है या मध्यम जोखिम के साथ बेहतर रिटर्न चाहता है, तो एग्रीसिव हाइब्रिड फंड एक अच्छी शुरुआत हो सकते हैं।

### क्यों एग्रीसिव हाइब्रिड म्यूचुअल फंड एक बेहतर ऑप्शन

एग्रीसिव हाइब्रिड फंड की सबसे बड़ी ताकत उनका बैलेंस्ड अप्रोच है। ये फंड फंड मैनेजर को यह लचीलापन देते हैं कि वे बाजार की स्थिति के अनुसार इक्विटी और डेट का अनुपात थोड़ा बहुत बदल सकें।

### लंबी अवधि में स्थिर रिटर्न की उम्मीद

इतिहास गवाह है कि लंबी अवधि में बाजार ने हमेशा धैर्य रखने वाले निवेशकों को बेहतर रिटर्न दिया है। एग्रीसिव हाइब्रिड फंड इसी सिद्धांत पर काम करते हैं। ये न तो बहुत ज्यादा आक्रामक होते हैं और न ही बहुत ज्यादा रक्षात्मक। सही फंड का चयन, नियमित निवेश और लंबी अवधि तक बने रहना। ये तीन बातें मिलकर एग्रीसिव हाइब्रिड फंड को एक भरोसेमंद निवेश विकल्प बनाती हैं।

# छोटे-छोटे निवेश से भी किए जा सकते हैं बड़े सपने पूरे

आज के समय में हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी वित्तीय योजना मजबूत और सुरक्षित हो, लेकिन सवाल यह है कि लंबी अवधि के लक्ष्यों जैसे बच्चों की पढ़ाई, घर खरीदना या रिटायरमेंट के लिए सही निवेश कैसे चुना जाए? इसी का जवाब है। एसआईपी-एसडब्ल्यूपी, जो म्यूचुअल फंड निवेश को आसान और अनुशासित बनाते हैं।

### एसआईपी : छोटी बचत से बड़ा निवेश

एसआईपी का सबसे बड़ा फायदा यह है कि आप छोटी-छोटी रकम से निवेश शुरू कर सकते हैं। हर महीने तय राशि निवेश करने से धीरे-धीरे बड़ा फंड तैयार हो जाता है। यह तरीका निवेशक को अनुशासन सिखाता है और बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाता है। एसआईपी में चक्रवृद्धि का फायदा मिलता है, यानी समय के साथ आपका पैसा ब्याज पर ब्याज कमाता है और तेजी से बढ़ता है।

### एसडब्ल्यूपी: नियमित आय का साधन

दूसरी ओर, एसडब्ल्यूपी उन निवेशकों के लिए है जो अपने निवेश से नियमित आय चाहते हैं। इसमें निवेशक अपने म्यूचुअल फंड से हर महीने या तिमाही तय राशि निकाल सकते हैं। यह तरीका खासकर रिटायर लोगों के लिए उपयोगी है, क्योंकि उन्हें पेंशन जैसी स्थिर आय मिलती रहती है। एसडब्ल्यूपी से निवेशक का मूल निवेश सुरक्षित रहता है और जरूरत के मुताबिक पैसा मिलता रहता है।



### विशेषज्ञों की राय

फाइनेंशियल एडवाइजर्स का मानना है कि एसआईपी और एसडब्ल्यूपी दोनों मिलकर निवेशक को संतुलित वित्तीय योजना बनाने में मदद करते हैं। एसआईपी से लंबी अवधि के लक्ष्यों के लिए फंड तैयार होता है, जबकि एसडब्ल्यूपी से जरूरत पड़ने पर नियमित आय मिलती है। यह संयोजन निवेशक को बाजार की अस्थिरता से बचाता है और अनुशासन बनाए रखता है।

### किसके लिए बेहतर?

- **युवा निवेशक:** जो लंबी अवधि के लिए बचत करना चाहते हैं, उनके लिए एसआईपी सबसे अच्छा विकल्प है।
- **रिटायर लोग:** जिन्हें हर महीने खर्च के लिए आय चाहिए, उनके लिए एसडब्ल्यूपी आदर्श है।
- **मध्यम आय वर्ग:** एसआईपी से धीरे-धीरे फंड तैयार कर सकते हैं और बाद में एसडब्ल्यूपी से उसका लाभ उठा सकते हैं।
- एसआईपी और SWP सिर्फ निवेश के तरीके नहीं हैं, बल्कि वित्तीय अनुशासन और सुरक्षा का आधार हैं। एसआईपी से आप भविष्य के बड़े लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं, जबकि एसडब्ल्यूपी से वर्तमान की जरूरतें पूरी होती हैं। सही योजना और समय पर निवेश से ये दोनों तरीके मिलकर आपकी वित्तीय जिंदगी को स्थिर और सुरक्षित बना सकते हैं।

# लोन भी गुड और बैड कुछ होते हैं दौलत के दोस्त और कई जेब के 'दुश्मन'

## आसानी से मिल जाने वाले लोन का पैसा राहत के साथ दे सकता है बड़ी परेशानी

अलर्ट
बिजनेस डेस्क

आज के दौर में लोन लेना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। बैंक हों या मोबाइल एप, कुछ ही समय में आसानी से लोन मिल जाता है। अब जरूरत पड़ते ही लोग बिना ज्यादा सोचे-समझे लोन ले लेते हैं, लेकिन यहीं से कई बार फाइनेंशियल परेशानी शुरू हो जाती है, क्योंकि हर लोन आपके फायदे के लिए नहीं होता। असल में लोन दो तरह के होते हैं गुड लोन और बैड लोन और दोनों में फर्क समझना आम लोगों के लिए बेहद जरूरी है। डिजिटल दौर में इंस्टेंट लोन ऐप्स ने लोगों को जल्दी पैसा तो दिया, लेकिन साथ में हाई इंटरेस्ट, छिपे चार्ज और मानसिक तनाव भी दिया है। कई लोग छोटी जरूरतों के लिए ऐसे ऐप्स से लोन लेते हैं और बाद में ईएमआई के बोझ में फंस जाते हैं। यही वजह है कि लोन लेने से पहले यह समझना जरूरी है कि आप किस तरह का कर्ज ले रहे हैं।

**सोच समझकर ही कदम उठाना होगा फायदेमंद, वरना आप रहेंगे घाटे में**
अब जरूरत पड़ते ही लोग बिना ज्यादा सोचे-समझे ले लेते हैं लोन

### क्या होता है गुड लोन

गुड लोन वह होता है जो आपकी जिंदगी को बेहतर बनाने में मदद करें। ऐसा लोन जो भविष्य में आपकी आमदनी बढ़ाए, संपत्ति बनाए या करियर को मजबूत करे, उसे अच्छा कर्ज माना जाता है। इसमें ब्याज दर आमतौर पर कम होती है और समय के साथ इसका फायदा नजर आता है। मान लीजिए आपने पढ़ाई के लिए एजुकेशन लोन लिया और आगे चलकर उसी पढ़ाई से आपकी कमाई बढ़ती है। इसी तरह बिजनेस लोन से व्यापार बढ़ता है या होम लोन से आपकी खुद की संपत्ति बनती है। ऐसे लोन लंबे समय में आपकी नेटवर्थ बढ़ाने का काम करते हैं, इसलिए इन्हें गुड लोन कहा जाता है।

### गुड लोन की खास पहचान

गुड लोन में रिटर्न की संभावना ब्याज से ज्यादा होती है। ईएमआई आपकी कमाई के हिसाब से मैनेज हो जाती है और लोन का इस्तेमाल किसी प्रोडक्टिव काम में होता है। यह आपकी फाइनेंशियल ग्रोथ का हिस्सा बनता है, बोझ नहीं।

### बैड लोन क्या होता है

बैड लोन वह होता है जो सिर्फ खर्च बढ़ाता है, आमदनी नहीं। इस तरह के लोन में ब्याज दर काफी ज्यादा होती है और कई बार अतिरिक्त चार्ज भी जुड़ जाते हैं। अगर समय पर भुगतान न हो, तो क्रेडिट स्कोर बिगड़ जाता है और आगे लोन मिलना मुश्किल हो जाता है। पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड बकाया, इंस्टेंट लोन ऐप्स से लिया गया कर्ज या गैर-जरूरी चीजों के लिए लिया गया लोन अक्सर इसी कैटेगरी में आता है। इनसे न तो कोई एसेट बनता है और न ही भविष्य में कोई फायदेमंद रिटर्न मिलता है।

### बैड लोन क्यों बन जाता है परेशानी

बैड लोन की ईएमआई जेब पर भारी पड़ती है। कई लोग एक लोन चुकाने के लिए दूसरा लोन लेते हैं और धीरे-धीरे कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। तनाव बढ़ता है, सेविंग खत्म हो जाती है और आर्थिक आजादी खतरे में पड़ जाती है।

### दोनों में क्या है अंतर

| | |
|---|---|
| आधार | : लोन लेने का मकसद |
| गुड लोन | : भविष्य को मजबूत बनाना |
| बैड लोन | : सिर्फ मौजूदा खर्च पूरा करना |
| आधार | : पैसे का असर |
| गुड लोन | : दौलत और कमाई बढ़ाता है |
| बैड लोन | : जेब पर बोझ बढ़ाता है |
| आधार | : ब्याज दर |
| गुड लोन | : अपेक्षाकृत कम |
| बैड लोन | : काफी ज्यादा |
| आधार | : लंबे समय का फायदा |
| गुड लोन | : फायदा देता है नहीं |
| बैड लोन | : नुकसान बढ़ाता है |
| आधार | : कमाई |
| गुड लोन | : बढ़ाने में मदद करता है |
| बैड लोन | : नहीं करता |
| आधार | : जोखिम का स्तर |
| गुड लोन | : कम जोखिम |
| बैड लोन | : ज्यादा जोखिम |
| आधार | : उदाहरण |
| गुड लोन | : होम लोन, एजुकेशन लोन, बिजनेस लोन |
| बैड लोन | : पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड लोन, इंस्टेंट ऐप लोन |
| आधार | : मानसिक असर |
| गुड लोन | : सुरक्षा और स्थिरता |
| बैड लोन | : तनाव और दबाव |
| आधार | : भविष्य की प्लानिंग |
| गुड लोन | : आसान बनती है |
| बैड लोन | : मुश्किलें बढ़ाती है |

### कितना लोन लेना है सही

लोन लेते समय अपनी आय और खर्च का सही हिसाब लगाना जरूरी है। इसके लिए डेट-टू-इनकम रेश्यो देखा जाता है। यानी आपकी कुल मासिक ईएमआई, आपकी मासिक कमाई के 40 फीसदी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर यह 30 फीसदी से नीचे है, तो और भी बेहतर माना जाता है।

### लोन से पहले बचत को दें प्राथमिकता

हर छोटी जरूरत के लिए लोन लेना समझदारी नहीं है। बेहतर है कि पहले बचत की आदत डालें। छोटी प्लानिंग, एसआईपी या इमरजेंसी फंड बनाकर कई खर्च बिना कर्ज के पूरे किए जा सकते हैं। लोन तभी लें, जब वह सच में आपकी जिंदगी को आगे बढ़ाने वाला हो।

### समझदारी ही असली सुरक्षा

लोन अपने आप में न अच्छा है, न बुरा। फर्क इस बात से पड़ता है कि आप उसे किस मकसद से ले रहे हैं। सही जानकारी और सोच-समझकर लिया गया कर्ज आपकी तरक्की का रास्ता खोल सकता है, जबकि जल्दबाजी में लिया गया लोन आपकी जेब का सबसे बड़ा दुश्मन बन सकता है।

## प्रोसेसिंग फीस, ईएमआई में देरी पर लगने वाला जुर्माना, रेट कन्वर्जन या रीसेट चार्जेज और बंडल इंश्योरेंस जैसे अनिवार्य ऐड-ऑन पर ध्यान दें

# लोन लेने जा रहे हैं तो रहें अलर्ट, हिडन चार्ज कर सकते हैं जेब खाली

तैयारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी लोन लेकर अपना आशियाना खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो सावधान रहें, वरना कुछ हिडन चार्ज आपकी जेब ढीली का सकते हैं। इसलिए कुछ बातों को जानना जरूरी है। दरअसल, लोन लेने के दौरान बैंक कई तरह के चार्ज लगाती हैं। लोन लेने के बाद काफी लोग कम ब्याज दर के कारण लोन ट्रांसफर भी कराते हैं। ऐसे में उन्हें कई तरह के चार्ज चुकाने पड़ते हैं। इससे लोन चुकाने में ज्यादा रकम खर्च होती है। इनमें से कुछ चार्ज को कम कर पैसा बचाया जा सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक लोन लेने के दौरान प्रोसेसिंग फीस, ईएमआई में देरी पर लगने वाला जुर्माना, रेट कन्वर्जन या रीसेट चार्जेज और बंडल इंश्योरेंस जैसे अनिवार्य ऐड-ऑन आपके लोन की कुल लागत को काफी बढ़ा सकते हैं। प्रीपेमेंट और फोरक्लोजर के क्लॉज पर खास ध्यान देना चाहिए, खासकर जब उन पर कोई शुल्क लगता हो। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे ही कुछ जो आपको परेशान कर सकते हैं।

### प्रोसेसिंग चार्ज

हर होम लोन की शुरुआत प्रोसेसिंग फीस, कानूनी और प्रशासनिक खर्चों से होती है। ये वो शुल्क हैं जो बैंक आपके आवेदन का मूल्यांकन करने, डॉक्यूमेंट्स की जांच करने और क्रेडिट चेक करने के लिए लेते हैं। ये शुल्क 5000 से 15000 रुपये तक हो सकते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक होम लोन लेते समय बैंक से इन चार्ज के बारे में मोलभाव करना चाहिए। काफी बैंक इन चार्ज को कम कर देते हैं।




### प्रीपेमेंट पेनल्टी

प्रीपेमेंट और फोरक्लोजर क्लॉज तब काम आते हैं जब आप अपना लोन आंशिक रूप से या पूरी तरह से जल्दी चुकाना चाहते हैं। आरबीआई के नियमानुसार फ्लोटिंग रेट (बदलते ब्याज दर वाले) होम लोन पर कोई प्रीपेमेंट शुल्क नहीं लग सकता है। हालांकि फिक्स्ड इंटरेस्ट रेट और हाइब्रिड इंटरेस्ट रेट होम लोन पर आमतौर पर बकाया मूल राशि का 4% तक का जुर्माना लग सकता है। बेसिक होम लोन के सीईओ और को-फाउंडर अतुल मोंगा के अनुसार, जब कोई उधारकर्ता आंशिक प्रीपेमेंट करता है तो बैंक आमतौर पर लोन की अवधि कम कर देते हैं और ईएमआई वैसे ही रखते हैं। इससे लंबे समय में ब्याज की काफी बचत होती है।

### ब्याज दर बदलने पर चार्ज

बाजार की स्थितियां बदलती रहती हैं। हो सकता है कि आप अपने लोन की अवधि के दौरान फ्लोटिंग से फिक्स्ड रेट या फिक्स्ड रेट से फ्लोटिंग रेट पर स्विच करना चाहें। बैंक इसके लिए कन्वर्जन की सुविधा देते हैं, लेकिन इसकी एक कीमत चुकानी पड़ती है। मोंगा के अनुसार, कन्वर्जन फीस आमतौर पर आपकी बकाया लोन राशि का 0.25% से 0.5% तक होती है। 40 लाख रुपये की बकाया राशि पर यह 10,000 रुपये से 20,000 रुपये के बीच हो सकता है। कन्वर्जन विकल्प का उपयोग करने से पहले, यह गणना करें कि क्या ब्याज दर का अंतर कन्वर्जन शुल्क को सही ठहराता है। कभी-कभी अपनी मौजूदा दर पर बने रहना अधिक किफायती होता है।

## इनमें से कुछ चार्ज को कम कर बचाया जा सकता है पैसा

### बैलेंस ट्रांसफर की लागत

अपने होम लोन के कुछ साल बाद आपको कम ब्याज दरों पर बैलेंस ट्रांसफर (लोन को एक बैंक से दूसरे बैंक में ले जाना) के ऑफर मिल सकते हैं। हालांकि, ब्याज दर बदलने की तरह ऐसे अवसर को तुरंत लपक लेना हमेशा एक अच्छा ऑप्शन नहीं हो सकता है। कम ब्याज दर के अलावा, नए ऋणदाता के पास भी वही शुरुआती शुल्क हो सकते हैं जैसे प्रोसेसिंग फीस, कानूनी और मूल्यांकन शुल्क, एमओडीटी शुल्क आदि। अगर आपका पुराना लोन हाइब्रिड या फिक्स्ड रेट पर था, तो उस पर फोरक्लोजर पेनल्टी भी लग सकती है। शेट्टी कहते हैं कि बैलेंस ट्रांसफर तभी फायदेमंद होता है जब ब्याज दर का अंतर काफी ज्यादा हो।

### लेट पेमेंट पर लगने वाला चार्ज

कई बार होम लोन की ईएमआई लेट हो सकती है। यह कई कारणों से हो सकती है, जैसे सैलरी का देरी से मिलना, कोई मेडिकल इमरजेंसी आदि। ऐसे में लेट पेमेंट के नाम पर बैंक भारी चार्ज लगाते हैं। यह बकाया ईएमआई का 3 फीसदी तक या इससे ज्यादा भी हो सकता है। मोंगा बताते हैं कि अधिकांश बैंक जुर्माना लगाने से पहले ड्यू डेट के बाद 5 से 10 दिनों का अतिरिक्त ग्रेस पीरियड (छूट अवधि) देते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि अपने अकाउंट में पर्याप्त पैसा रखें ताकि ईएमआई बाउंस न हो।

### जबरन बीमा बेचना

इंश्योरेंस एक और ऐसा सेक्टर है जहां उधारकर्ता अक्सर अनजाने में पैसा गंवा देते हैं। दो तरह के इंश्योरेंस दिए जाते हैं। पहला प्रॉपर्टी इंश्योरेंस। होम लोन के दौरान आपकी प्रॉपर्टी बैंक में गिरवी रखी संपत्ति होती है। बैंक को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता होती है कि यह आग, प्राकृतिक आपदाओं और अन्य नुकसानों से सुरक्षित है। दूसरा इंश्योरेंस लोन प्रोटेक्शन है। यह एक टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी है जो होम लोन लेने वाले की मृत्यु होने पर लोन का बकाया पेमेंट करती है। लोन प्रोटेक्शन इंश्योरेंस वैकल्पिक है। विवाद तब पैदा होते हैं जब बैंक स्पष्ट सहमति के बिना सिंगल-प्रीमियम इंश्योरेंस को लोन में बंडल कर देते हैं। उधारकर्ता अपनी पसंद के बीमाकर्ता को चुनने या अलग टर्म प्लान लेने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते वे बैंक की आवश्यकताओं को पूरा करते हों।

### सीईआरएसएआई चार्जेज

सीईआरएसएआई (सेंट्रल रजिस्ट्री ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एसेट रिकंस्ट्रक्शन एंड सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऑफ इंडिया) एक ऐसा शुल्क है जो आमतौर पर पहली बार होम लोन लेने वाले को भ्रमित करता है। शेट्टी बताते हैं कि सीईआरएसएआई चार्जेज एक ही प्रॉपर्टी पर कई लोन को रोकने के लिए एक केंद्रीय डेटाबेस में मॉर्गेज के रजिस्ट्रेशन को कवर करते हैं। ये शुल्क 100 (जीएसटी के अतिरिक्त) तक हो सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन: रिकॉर्ड बनाने से बस एक कदम दूर वीनस

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

वीनस विलियम्स 45 वर्ष की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में नया रिकार्ड बनाने के लिए तैयार हैं। अमेरिका की यह स्टार खिलाड़ी रविवार को कोर्ट पर उतरते ही वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के महिला एकल में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। उन्हें इस बात का अहसास तब तक नहीं हुआ जब तक कि उन्हें पांच साल में पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश नहीं मिला। वीनस जापान की किमिको दाते का रिकॉर्ड तोड़ेगी, जिन्होंने 44 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था।



## पहली बार 1998 में लिया था हिस्सा

वीनस ने कहा, 'जब तक यह खबर मीडिया में नहीं आई, मैंने इसके बारे में सोचा भी नहीं था। मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है।' मीडिया से बात करने के बाद वह सभागार से बाहर निकलीं और अपने पति एंड्रिया प्रीटी के हाथ में हाथ डालकर एक गलियारे से होते हुए खिलाड़ियों के क्षेत्र में वापस चली गईं। उन्होंने इससे पहले 2021 में आखिरी और कुल 21वीं बार मेलबर्न पार्क में प्रतिस्पर्धा की थी। वीनस जब 17 साल की थीं तब उन्होंने पहली बार 1998 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही थी। मेलबर्न पार्क की अपनी पहली यात्रा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'वह खूबसूरत समय था, क्योंकि मुझे बहुत सी चीजों के बारे में पता नहीं था। लेकिन न जानने का एक बड़ा फायदा यह है कि इससे आपको नए सिरे से शुरुआत करने का मौका मिलता है। मुझे बहुत कुछ सीखना था और फिर मैंने वह सब सीख लिया।'

# 25वें खिताब की ओर जोकोविच, अल्काराज और सिनर बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

नोवाक जोकोविच को अब भी पूरा भरोसा है कि वह अपना 25वां एकल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने में सफल रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वह कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर की कड़ी चुनौती से पार पाने में सफल रहेंगे।

जोकोविच पिछले साल चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन वह अल्काराज और सिनर की चुनौती से पार पाने में असफल रहे थे। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एक बार फिर से यह दोनों युवा खिलाड़ी उनकी राह में सबसे बड़ी बाधा बन सकते हैं। जोकोविच ने कहा, '2025 में मैंने सिनर या अल्काराज़ के खिलाफ खेले गए चार



ग्रैंड स्लैम मैच में से तीन में हार का सामना किया।' उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'हमें उनकी ज्यादा तारीफ करने की जरूरत नहीं है। उनकी तारीफ पहले ही काफी हो चुकी है। हम जानते हैं कि वे कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। वे उस मुकाम के हकदार हैं, जहां वे अभी हैं। वे इस समय पुरुष टेनिस में सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।' जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम एकल खिताब की तलाश में तीसरा सत्र शुरू कर रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव किया है। उन्होंने अपने एकमात्र निर्धारित अभ्यास टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया, क्योंकि वह युवा खिलाड़ियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से फिट रहना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप



### एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य बने विजेंदर

**नई दिल्ली।** मुक्केबाज विजेंदर सिंह को एशियाई मुक्केबाजी परिषद में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, जो एक शीर्ष खिलाड़ी से वैश्विक खेल प्रशासक बनने के उनके सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विजेंदर भारत के पहले ओलंपिक मुक्केबाज हैं, जिनके पास एमेच्योर और पेशेवर मुक्केबाजी दोनों में खेल के सर्वोच्च स्तर पर खेलने का लगभग दो दशकों का अनुभव है। एशियाई मुक्केबाजी परिषद में उनकी नियुक्ति खेल की उनकी गहरी समझ और पूरे महाद्वीप में इसके विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विजेंदर ने कहा, 'एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य के रूप में नियुक्त होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

### पूर्व बल्लेबाज मार्टिन अस्पताल से पहुंचे घर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेमियन मार्टिन को मेनिन्जाइटिस से उबरने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मार्टिन 27 दिसंबर 2025 को बीमार पड़ गए थे और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में कृत्रिम कोमा में रखना पड़ा था, लेकिन जनवरी के पहले सप्ताह में उनमें सुधार के लक्षण दिखाई देने लगे थे। लेकिन अब वह इस मुश्किल दौर से बाहर निकल आए हैं और उन्होंने अपने शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। मार्टिन ने एक्स पर लिखा, 'वर्ष 2026 का स्वागत है। मैं अस्पताल से घर आ गया हूं। मैं उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस दौरान मेरा और मेरे परिवार का साथ दिया।' उन्होंने कहा, 'इस अनुभव से मुझे पता चला कि जीवन कितना क्षणभंगुर है। सब कुछ कितनी जल्दी बदल सकता है और समय कितना अमूल्य है।'

### क्वार्टर फाइनल में हारे चोटरानी

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोटरानी अमेरिका के क्लीवलैंड में चल रहे स्क्वाश इन द लैंड 2026 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको के दूसरी वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से हार गए। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया। विश्व रैंकिंग में 52वें स्थान पर काबिज चोटरानी ने इस पीएसए रजत स्तर के टूर्नामेंट के मैच में दूसरे और तीसरे गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दी। उन्होंने विश्व के नंबर 13 खिलाड़ी के खिलाफ अपने आक्रामक खेल का अच्छा प्रदर्शन किया और खेले गए मैच में कार्डेनास पर दबाव बनाया।

## अंडर19 वर्ल्ड कप 2026: भारत की लगातार दूसरी जीत

# बांग्लादेश को 18 रन से हराया, विहान को 4 विकेट, वैभव और अभिज्ञान की फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| बुलावायो

आफ स्पिनर विहान मल्होत्रा ने 14 रन देकर चार विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने अंडर 19 विश्व कप के वर्षाबाधित मैच में शनिवार को बांग्लादेश पर डकवर्थ लुईस प्रणाली से 18 रन से जीत दर्ज की। भारत को 49 ओवर के मैच में 238 रन पर आउट करने के बाद बांग्लादेश जीत की ओर बढता दिख रहा था लेकिन 40 रन के भीतर आठ विकेट गंवा दिये और भारत को लगातार दूसरी जीत तोहफे में दे दी। बांग्लादेशी टीम 28.3 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई। मैच के बाद दोनों टीम के खिलाड़ियों को हाथ मिलाते और बातचीत करते देखा गया। भारत अब ग्रुप बी में दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि बांग्लादेश और अमेरिका ने अभी खाता नहीं खोला है। न्यूजीलैंड ने अभी तक ग्रुप बी में अपने अभियान का आगाज नहीं किया है। बारिश के कारण दूसरी बार डेढ घंटे का खेल बाधित होने के बाद बांग्लादेश को 29 ओवर में 165 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। एक समय पर बांग्लादेश ने 20 ओवर में दो विकेट पर 102 रन बना लिये थे और डकवर्थ लुईस प्रणाली से वह 14 रन आगे था।



### अंडर19 वर्ल्ड कप मैच खेलने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर

*वैभव अंडर19 वर्ल्ड कप मैच खेलने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर (14 साल, 294 दिन) बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। उन्होंने कनाडा के बैट्समैन नीतीश कुमार का रिकॉर्ड तोड़ा। नीतीश 15 साल और 245 दिन के थे, जब उन्होंने 15 जनवरी 2010 को क्राइस्टचर्च में ज़िम्बाब्वे के खिलाफ कनाडा के लिए अपना पहला अंडर19 वर्ल्ड कप मैच खेला था। यूएसए के खिलाफ मैच में वैभव ने एक विकेट भी लिया।*

### सूर्यवंशी ने कोहली को छोड़ा पीछे

भारत की तरफ से यूथ वनडे में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने अपने यूथ वनडे करियर में कुल 28 मुकाबलों की 25 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 46.57 के बेहतरीन औसत के साथ कुल 978 रन बनाए थे। वहीं वैभव ने 20 पारियों में 50 से अधिक के औसत के साथ यूथ वनडे में अपने 1000 रनों का आंकड़ा पूरा कर लिया है। वह कोहली से भी आगे निकल गए हैं। वैभव भारत की तरफ से यूथ वनडे में सबसे कम पारियों में एक हजार रनों का आंकड़ा पूरा करने के मामले में तीसरे सबसे तेज भारतीय बने हैं, जिसमें उनसे तेज सिर्फ शुभमन गिल 13 पारियों में तो वहीं उनमुक्त चंद ने 17 पारियों में ये कारनामा किया था। वहीं यूथ वनडे में हजार रन पूरे करने वाले वैभव 7वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

### नो हैंडशेक नीति पर चले म्हात्रे बांग्लदेशी कप्तान को किया अनदेखा



भारत और बांग्लादेश के बीच तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का असर क्रिकेट के मैदान पर भी दिखा क्योंकि शनिवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप ग्रुप ए मैच से पहले दोनों टीमों के कप्तानों ने परंपरा के अनुसार हाथ नहीं मिलाए। बारिश के कारण मैच देरी से शुरू होने के बाद भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे और बांग्लादेश के उप कप्तान जवाद अबरार टॉस के लिए आए थे। लेकिन सिक्का उछालने से पहले या बाद में उन्होंने हाथ नहीं मिलाया। हालांकि दोनों टीमों ने अभी तक इस घटना के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

#### एशिया कप से चल रही नीति

गौरतलब है कि पिछले साल एशिया कप से भारत और पाकिस्तान के बीच हाथ नहीं मिलाने की नीति चल रही है जो पहलगाम नरसंहार के बाद शुरू हुई थी। हाल के दिनों में भारत और बांग्लादेश के बीच राजनीतिक और क्रिकेट संबंध काफी खराब हुए हैं। हाल के दिनों में पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार के विरोध में भारत के विभिन्न हिस्सों में बांग्लादेश विरोधी कई रैलियां आयोजित की गईं।

## डब्ल्यूपीएल

# यूपी वॉरियर्स ने 3 दिन में दूसरी बार मुंबई इंडियंस को हराया



लैनिंग और लिचफील्ड के अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

यूपी वॉरियर्स ने कप्तान मेग लैनिंग (70 रन) और फीबी लिचफील्ड (61) के अर्धशतकों और दूसरे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को 22 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों टीम तीन दिन में दूसरी बार आमने सामने हुईं। दोनों ही बार यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को पराजित किया। लैनिंग की अगुआई वाली यूपी वॉरियर्स ने आठ विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस की आधी टीम 11वें ओवर में 69 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुकी थी। इसके बाद अमेलिया केर (नाबाद 49 रन) और अमनजोत कौर (41 रन) ने मिलकर छठे विकेट के लिए 45 गेंद में 83 रन की भागीदारी की। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यूपी वॉरियर्स ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर खाता खोला था।

### दोनों टीमों के पांच मैच में चार-चार अंक

दोनों टीमों के पांच मैच में चार-चार अंक हैं। यूपी वॉरियर्स के लिए शिखा पांडे ने 30 रन देकर दो विकेट झटके जबकि क्रांति गौड़, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन और क्लो ट्रायोन को एक एक विकेट मिला। मुंबई इंडियंस के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 18 रन, नटाली साइवर ब्रंट ने 15, हैली मैथ्यूज ने 13 रन और सजीवन सजना ने 10 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे लगातार पांचवें मैच में असफल रहीं और पहले ही ओवर में निकोला कैरी की गेंद पर बोल्ड हो गईं।

## मंधाना और वोल ने आरसीबी को लगातार चौथी जीत दिलाई

**नवी मुंबई।** कप्तान स्मृति मंधाना शतक से चार रन से चूक गई लेकिन उनकी बेहतरीन पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज की। आरसीबी पांच टीमों की तालिका में शीर्ष पर है जबकि चार में से तीन मैच हारकर दिल्ली सबसे नीचे है। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 41 गेंद में 62 रन की मदद से 166 रन बनाये थे। एक समय पर दिल्ली का स्कोर दूसरे ओवर में चार विकेट पर 10 रन था लेकिन शेफाली ने पारी को संभाला। मंधाना ने हालांकि उनकी पारी को बेनूर करते हुए आरसीबी को एकतरफा जीत दिलाई। आरसीबी ने तीसरे ओवर में ग्रेस हैरिस का विकेट गंवा दिया था लेकिन इसके बाद मंधाना और जॉर्जिया वोल ने दूसरे विकेट के लिये 142 रन की साझेदारी की। आरसीबी ने दस गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। मंधाना ने 61 गेंद में 13 चौकों और तीन छक्कों के साथ 96 रन बनाये। वहीं आस्ट्रेलिया की वोल ने 42 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 54 रन जोड़े। मंधाना ने नंदिनी शर्मा की गेंद पर लूसी हैमिल्टन को कैच दिया लेकिन तब तक टीम की जीत तय कर दी थी। वहीं पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली की टीम ने पहली नौ गेंद में ही दस रन पर चार विकेट गंवा दिये थे और 74 रन पर छह विकेट गिर चुके थे।

मार्केट न्यूज

## पेट सफा के साथ कब्ज, गैस और एसिडिटी को हराओ, राहु केतु की तरह बनो बिंदास

### आयुर्वेदिक पेट सफा का हुआ फिल्म राहु केतु के साथ करार

**चंडीगढ़।** दिग्गज लेखक निर्देशक विपुल विज द्वारा निर्देशित फिल्म राहु केतु एक हिंदी कॉमेडी फिल्म है। जो जी स्टूडियोज और बॉलाइव प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित की गई है। फिल्म में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, शालिनी पांडे और चंकी पांडे प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। राहु केतु दर्शकों को भरपूर हंसी और मनोरंजन का अनुभव देने वाली फिल्म है। एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डॉ. संजीव जुनेजा ने फिल्म राहु केतु की सफलता के लिए पूरी टीम को शुभ- कामनाएं दी हैं। वहीं फिल्म की शूटिंग के दौरान कलाकारों ने कहा कि जीवन में उत्सव और खुशी तभी पूरी तरह महसूस होती है जब शरीर स्वस्थ और मन हल्का हो। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए दिविसा हर्बल्स प्रा. लि. के प्रवक्ता ने बताया कि फिल्म राहु केतु की सकारात्मक ऊर्जा और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता को देखते हुए, उन्होंने अपने सर्वोत्तम प्रोडक्ट पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स को फिल्म की प्रमोशन के लिए चयनित किया है। आयुर्वेदिक पेट सफा पेट संबंधी बीमारियां जैसे कब्ज, गैस, एसिडिटी को दूर कर आपको देता है हर पल को खुशी से जीने का अहसास। पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स बहुमूल्य 16 जड़ी-बूटियां जैसे सोनामुखी, काला नमक, अजवायन, हरितकी, निशोथ, सर्जिक्षार, सेंधा नमक, सौंफ एवं आंवला आदि के मिश्रण से तैयार आयुर्वेदिक औषधि है। यह पहली रात से असर दिखाता है और इसकी आदत भी नहीं पड़ती। यह पूर्णतः आयुर्वेदिक है।




# मध्य प्रदेश के केतन चावला ने किया बड़ा उलटफेर

- 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप
- सेमीफाइनल को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मध्य प्रदेश के उभरते स्नूकर खिलाड़ी केतन चावला ने शनिवार को खेले गए मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा 6-रेड नेशनल स्नूकर चैंपियन ध्वज हरिया (पीएसपीबी) को 5–3 से पराजित कर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया। एचएल सिटी की चेयरपर्सन शैलजा जून ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए दर्शकों से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की। शहर की एचएल सिटी में स्थित शाइनिंग स्टार बैडमिंटन



अकादमी में जारी 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के अंतर्गत स्नूकर मुकाबले की शुरुआत में ध्वज हरिया ने अपना अनुभव दिखाते हुए 3–1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद केतन चावला ने जबरदस्त धैर्य और तकनीकी कौशल का परिचय देते हुए लगातार चार फ्रेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

### विशेषज्ञों ने जमकर सराहा

*केतन की इस शानदार वापसी की दर्शकों और विशेषज्ञों ने जमकर सराहना की। वहीं, 28 बार के विश्व चैंपियन और पद्म भूषण से सम्मानित पंकज आडवाणी (पीएसपीबी) ने भी अपने कद के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के रयान रज्मी को 5–2 से शिकस्त दी। पंकज ने पूरे मैच के दौरान नियंत्रण बनाए रखा और निर्णायक मौकों पर सटीक शॉट्स खेलकर जीत सुनिश्चित की। अन्य मुकाबलों में लक्ष्मण रावत (पीएसपीबी) ने रेलवे के मलकीत सिंह को 5–2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं एक अन्य रोमांचक मुकाबले में आदित्य मेहता (पीएसपीबी) ने अपने ही टीम साथी सौरव कोठारी को 5–1 से पराजित करते हुए अंतिम चार में जगह बनाई। टूर्नामेंट के लगातार रोमांचक मुकाबलों से स्नूकर प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और सेमीफाइनल को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।*

## आज दोपहर 1.30 बजे से तीसरे वनडे में भारत और न्यूजीलैंड का मुकाबला

# घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| इंदौर

अब तक घरेलू धरती पर वनडे में शानदार रिकार्ड रखने वाले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने के लिए रविवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। न्यूजीलैंड की टीम की निगाह भी श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने पर होगी। तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। मार्च 2019 के बाद से भारत ने अपने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं हारी है। तब ऑस्ट्रेलिया ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए श्रृंखला 3-2 से जीती थी लेकिन अब यह रिकॉर्ड दांव पर लगा है। न्यूजीलैंड के लिए भी यह मैच काफी महत्वपूर्ण है। उसकी टीम ने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा किया है, लेकिन यहां कभी भी श्रृंखला नहीं जीती है। इस इंतजार को खत्म करने का यह उसके पास संभवतः सबसे अच्छा अवसर है।



**टीमें इस प्रकार : भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, आयुष बडोनी, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड :** माइकल ब्रैसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), मिशेल हे (विकेटकीपर), निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फाउल्क्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, आदित्य अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनोक्स, माइकल रे।

### रोहित शर्मा पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी

बल्लेबाज महत्वपूर्ण मौकों पर स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पा रहे हैं। अब बड़े स्कोर वाले मैदान पर बीच के ओवर निर्णायक साबित हो सकते हैं। इस श्रृंखला में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित शर्मा पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी। शीर्ष क्रम पर उनका बेहद आक्रामक रवैया हालिया वनडे मैचों में भारत की रणनीति का अहम हिस्सा रहा है, लेकिन बार-बार जल्दी आउट होने से उन पर थोड़ा दबाव बढ़ गया है।

### न्यूजीलैंड टीम में आत्मविश्वास और स्पष्टता

न्यूजीलैंड की टीम में भरपूर आत्मविश्वास और स्पष्टता है। डेवोन कॉनवे और मिचेल जैसे धाकड़ बल्लेबाजों से पार पाना भारतीय गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। उसके गेंदबाजों में भले ही कोई बड़े नाम न हों, लेकिन उन्होंने ऐसी परिस्थितियों में भी विविधता और सटीक लेंथ का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है, जहां विकेट से ज्यादा मदद नहीं मिलती। होलकर स्टेडियम के छोटे मैदान पर कौशल के साथ-साथ फैसला लेने की क्षमता भी काफी महत्वपूर्ण होगी।

### मीरा ने लगातार जीते 9 गेम, खिताब पर किया कब्जा

**एडिलेड।** तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने शुरू में 0-3 से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए लगातार नौ गेम जीतकर एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-1 से हरा दिया। यह मुकाबला डब्ल्यूटीए टूर की रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल लेकिन 20 वर्ष से कम उम्र की खिलाड़ियों के बीच था। एंड्रीवा 18 वर्ष और एमबोको 19 वर्ष की हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Tel.No.07727-223138 E-mail : cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक / 951 / लो.नि.वि./ न.पा.प. / 2026 बलौदाबाजार, दिनांक 16/01/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
main portal – http://cgeprocurment.gov.in
Sub portal-http://uadd.cgeprocurement.gov.in
Email-cmobalodabazar@rediffmail.com

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम टेंडर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ. डी. आर. के माध्यम से) | निविदा फार्म शुल्क (डी.डी.) | समयावधि | निविदा दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 183557 | निकाय में अकुशल / अर्द्धकुशल / कुशल / उच्च कुशल प्लेसमेंट श्रमिक एवं स्वच्छता कमाण्डो श्रमिकों की आपूर्ति कार्य (तृतीय निविदा)। | 106.66 | 80000.00 | 3000.00 | 12 माह | 27.01.2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार




## सुरक्षित वापसी ने लौटा दी सभी के चेहरे पर मुस्कान

# कई भारतीय नागरिक वाणिज्यिक उड़ानों के जरिए ईरान से लौटे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान में महंगाई और मुद्रा अवमूल्यन को लेकर जारी व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के बीच कई भारतीय नागरिक वाणिज्यिक उड़ानों के जरिये स्वदेश लौट आए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय नागरिकों को लेकर आने वाली कई वाणिज्यिक उड़ानें शुक्रवार रात दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरीं।

अपनों की सुरक्षित वापसी ने सभी के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी। हवाईअड्डे पर कुछ अभिभावकों ने ईरान से लौटे अपने बच्चों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

सुरक्षित वतन वापसी पर लोगों ने भारत सरकार और ईरान में भारतीय दूतावास द्वारा मुहैया कराई गई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया।

> हवाईअड्डे पर कुछ अभिभावकों ने ईरान से लौटे अपने बच्चों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। सुरक्षित वतन वापसी पर लोगों ने भारत सरकार और ईरान में भारतीय दूतावास द्वारा मुहैया कराई गई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया

◀ आंखों से खुशी और राहत के आंसू छलक गए

◀ भारत लौटकर परिजनों से मिलकर अच्छा लगा

### सुरक्षित वापसी पर पिता भावुक



एक पिता ने अपनी बेटी को सीने से लगा लिया। इस दौरान उसकी आंखों से खुशी और राहत के आंसू छलक पड़े। तेहरान से लौटी एक छात्रा ने बताया कि काफी मुश्किल दौर था। सड़कों पर हालात तनावपूर्ण थे और इंटरनेट सेवा बंद होने की वजह से हमें लग रहा था कि हम दुनिया से कट गए हैं। अब भारत लौटकर और अपने परिजनों से मिलकर हमें बड़ी राहत मिली है।

### राहत नसीब हुई: शाजिद

*ईरान से वापस आए एक अन्य छात्र शाजिद ने बताया कि स्थिति अनिश्चित थी और संचार माध्यम के ठप होने से डर का एहसास बढ़ गया था। यात्रा की व्यवस्था के बारे में जानकारी मिलते ही राहत नसीब हुई। घर पहुंचकर अपने परिवार के सदस्यों से मिलना और उन्हें राहत की सांस लेते देखना वाकई बहुत सुखद था।*

### सरकार ने अच्छा काम किया

एक परिवार दिल्ली एयरपोर्ट पर अपने पिता और बहन को लेने आया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। हम इसके लिए धन्यवाद देते हैं। हमें खुशी है कि हमारे अपने सुरक्षित वापस आ रहे हैं।

### सब सुचारु रुप से हुआ हम खुश हैं: काजमी

*ईरान से लौटी अपनी मां और चाची को लेने पहुंचे अब्बास काजमी ने कहा कि जैसे ही संचार व्यवस्था बहाल हुई, हमें एहसास हुआ कि स्थिति नियंत्रण में है। हमें तसल्ली मिली कि सब ठीक है। परामर्श जारी होते ही हमने दूतावास में पंजीकरण करा लिया और आगे के निर्देशों का इंतजार करने लगे। मेरी मां की उड़ान पहले से ही निर्धारित थी, इसलिए सब कुछ सुचारु रूप से हो गया और हम खुश हैं।*

### फांसी रद्द होने पर ट्रंप ने जताया आभार



*ईरान को सैन्य कार्रवाई की धमकी देते नजर आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तेवर में नरमी आई है। ट्रंप ने शुक्रवार को ईरानी सरकार को धन्यवाद दिया कि उसने सैकड़ों प्रदर्शकारी कैदियों को फांसी नहीं दी, जैसा कि उन्होंने कहा था कि ऐसा होने वाला था। ट्रंप ने इसे एक महत्वपूर्ण और सम्मानजनक कदम बताया।*

### भारत-ईरान के संबंध दशकों पुराने: पहलवी



ईरान के निर्वासित युवराज रेजा पहलवी एक बयान में भारत-ईरान संबंधों की तारीफ की और साथ ही कहा कि दोनों देश नए अध्याय की शुरुआत कर सकते हैं। उन्होंने ईरान में इंदिरा गांधी के दौरे को याद किया।

### भारत सरकार के हम आभारी

*एक यात्री ने कहा कि फिलहाल हालात स्थिर हैं। इंटरनेट बंद था और अंतरराष्ट्रीय कॉल भी काम नहीं कर रहे थे, जिससे हम डर गए थे। बाद में कॉल की सुविधा बहाल हुई। भारतीय दूतावास और सरकार ने हमारी बहुत मदद की, इसके लिए हम आभारी हैं।*


## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में कार चालक ने हिंदू युवक को कुचला



**ढाका।** बांग्लादेश में एक कार चालक ने पेट्रोल पंप पर काम करने वाले एक हिंदू युवक को पेट्रोल की कीमत चुकाए बिना वहां से जाने की कोशिश करने से रोकने पर अपने वाहन से कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुक्रवार तड़के लगभग साढ़े चार बजे एक काली एसयूवी में सवार लोग पेट्रोल पंप पहुंचे और 5,000 टका (लगभग 3,710 रुपए) का पेट्रोल भरवाया। उन्होंने बताया कि जब एसयूवी चालक ने पेट्रोल की कीमत चुकाए बिना वहां से जाने की कोशिश की।

### जम्मू कश्मीर के सांबा में फिर दिखा पाक ड्रोन



**जम्मू कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में ड्रोन गतिविधि देखी गई है। यह ड्रोन पाकिस्तान की तरफ से आता हुआ देखा गया है..सीमा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार दिखाई दे रहीं ड्रोन गतिविधियों के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। पाकिस्तान की ओर से लगातार रात के समय ये ड्रोन आते दिखाई दे रहे हैं। इसे लेकर सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। पिछले कई दिनों से ड्रोन घुसपैठ के बाद सेना ने इन ड्रोनों को मार गिराने के लिए इन पर गोलीबारी की है।

### भारत-पाक सैन्य अभ्यास पर भड़की कांग्रेस

## जयराम बोले- विश्वगुरु बताने वालों की कूटनीति को एक और 'झटका'



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को अमेरिकी और पाकिस्तानी सेनाओं के संयुक्त सैन्य अभ्यास किए जाने के बाद केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास ने भारत की विदेश नीति की विफलता को उजागर किया है। पाकिस्तान और अमेरिकी सेनाओं ने 'इंस्पायर्ड गैम्बिट-2026' नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया था।

कांग्रेस के महासचिव और संचार मामलों के प्रभारी जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि स्वयं को विश्वगुरु कहने वाले भारत की आत्मप्रशंसापूर्ण कूटनीति को एक और झटका देते हुए अमेरिकी केंद्रीय कमान ने अभी-अभी एक बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी और पाकिस्तानी सेना के सैनिकों ने 'इंस्पायर्ड गैम्बिट' नामक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास पूरा कर लिया है।

### पाक का प्रशंसक बन रहा यूएस

कांग्रेस सांसद ने अपनी पोस्ट में लिखा कि अमेरिका लगातार पाकिस्तान की प्रशंसा करता आ रहा है। उन्होंने लिखा कि जून 2025 में तत्कालीन अमेरिकी केंद्रीय कमान प्रमुख जनरल माइकल कुनिला ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में पाकिस्तान को एक शानदान सहयोगी बताया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के लिए अपनी गहरी प्रशंसा बार-बार जताई, जिनकी भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से उत्तेजक टिप्पणियों ने 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में पाकिस्तान की ओर से रचित आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। कल ही, राष्ट्रपति ट्रंप ने दोहराया कि उन्होंने 10 मई, 2025 को ऑपरेशन सिंदूर को रुकवाने के लिए हस्तक्षेप किया था।

### ट्रंप ने किया था युद्ध रुकवाने का दावा

बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दिन पहले ही भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने के अपने दावे को दोहराया। इसके साथ ही यह भी कहा कि पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कम से कम 1 करोड़ लोगों की जान बचाने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया था। ट्रंप ने कहा था कि एक साल में हमने आठ शांति समझौते किए और गाजा युद्ध खत्म किया। मध्य पूर्व में शांति कायम है।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में अब दाल पर मचा बवाल

# यूएस सीनेटरों ने लिखी ट्रंप को चिट्ठी, अमेरिकी दालों पर भारत से आयात शुल्क घटाने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के रिपब्लिकन पार्टी के दो सीनेटरों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भारत के साथ किसी भी संभावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते में दालों के लिए अनुकूल प्रावधान सुनिश्चित करने की अपील की है। यह मांग ऐसे समय सामने आई है, जब भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से लंबित व्यापार समझौता अब भी ठोस नतीजे से दूर है। यह घटनाक्रम भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच हालिया फोन बातचीत के कुछ ही दिनों बाद सामने आया है।

दोनों नेताओं के बीच बातचीत में व्यापार, रक्षा और सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई थी। सीनेटर केविन क्रेमर और स्टीव डेंस ने राष्ट्रपति ट्रंप को लिखे पत्र में कहा कि जैसे-जैसे भारत के साथ व्यापार वार्ताएं आगे बढ़ें, अमेरिकी कृषि उत्पादकों खासकर नॉर्थ डकोटा और मोंटाना के किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इन दोनों राज्यों को अमेरिका में दालों का सबसे बड़ा उत्पादक बताया गया है, जिनमें मटर भी शामिल हैं।

> सीनेटर केविन क्रेमर और स्टीव डेंस ने राष्ट्रपति ट्रंप को लिखे पत्र में कहा कि जैसे-जैसे भारत के साथ व्यापार वार्ताएं आगे बढ़ें, अमेरिकी कृषि उत्पादकों खासकर नॉर्थ डकोटा और मोंटाना के किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए

» **अमेरिकी दाल उत्पादकों को नुकसान उठाना पड़ रहा**

» **दोनों देशों के बीच कृषि को लेकर मतभेद बना हुआ**



केविन क्रेमर   स्टीव डेंस

### भारत ने पीली मटर पर 30% शुल्क लगाया

पत्र में सीनेटरों ने उल्लेख किया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल उपभोक्ता है और वैश्विक खपत में उसकी हिस्सेदारी करीब 27 प्रतिशत है। इसके बावजूद, भारत ने अमेरिकी दालों पर भारी आयात शुल्क लगा रखे हैं। पत्र के अनुसार, भारत में सबसे अधिक खपत वाली दालों में मसूर, चना, सूखी बीन्स और मटर शामिल हैं, लेकिन इन पर अमेरिका से आयात के लिए ऊंचे टैरिफ लागू हैं। सीनेटरों ने 30 अक्तूबर 2025 को भारत द्वारा पीली मटर पर 30 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के फैसले का भी हवाला दिया, जो 1 नवंबर 2025 से प्रभावी हुआ।

### आयात शुल्क कम करने से दोनों देशों को फायदा

सीनेटरों के मुताबिक, अगर दालों पर टैरिफ को लेकर भारत से बातचीत होती है तो इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूती मिलेगी और अमेरिकी उत्पादकों के साथ-साथ भारतीय उपभोक्ताओं को भी लाभ होगा। अप्रैल 2025 में, संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने पाया था कि कृषि उत्पादों पर भारत की औसत लागू शुल्क दर 39% थी, जबकि अमेरिका ने कृषि वस्तुओं पर सिर्फ 5% का औसत शुल्क लगाया था।

### भारतीय बाजार में नुकसान उठा रहे


सीनेटरों ने कहा कि इन अनुचित टैरिफ के कारण अमेरिकी दाल उत्पादकों को भारतीय बाजार में गंभीर प्रतिस्पर्धात्मक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पत्र में ट्रंप के पहले कार्यकाल का जिक्र करते हुए सीनेटरों ने कहा कि वर्ष 2020 में व्यापार वार्ताओं के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने इस मुद्दे पर उनका पत्र स्वयं पीएम नरेंद्र मोदी को सौंपा था।

### कृषि क्षेत्र को लेकर भारत सतर्क

बता दें, भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते के बीच कृषि क्षेत्र मतभेद का एक प्रमुख बिंदु बना हुआ है। अमेरिका भारत के कृषि बाजार में अधिक पहुंच की मांग करता रहा है, जबकि भारत इसे लेकर सतर्क रुख अपनाए हुए है। भारत में करीब 40-45 प्रतिशत आबादी की आजीविका कृषि पर निर्भर है, जहां अधिकांश किसान दो हेक्टेयर से कम भूमि पर खेती करते हैं। ऐसे में अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलने से छोटे और सीमांत किसानों पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जाती है।

**50 प्रतिशत टैरिफ का दबाव**

*बता दें, 2025 में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में नया तनाव देखने को मिला। इनमें रूस से तेल खरीद से जुड़ा 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। कई दौर की बातचीत के बावजूद दोनों देश अब तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप नहीं दे पाए हैं।*



### एक्ट्रेस कियाना का 33 साल की उम्र में निधन

**वॉशिंगटन।** हॉलीवुड स्टार कियाना अंडरवुड का सिर्फ 33 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो निकेलोडियन के 'ऑल दैट' के आखिरी सीजन में नजर आई थीं। 16 जनवरी की सुबह 7 बजे से ठीक पहले पिटकिन और मदर गैस्टन बुलेवार्ड के चौराहे पर सड़क पार करते समय एक सेडान कार ने अंडरवुड को टक्कर मार दी। जिसके बाद उन्हें लगभग दो ब्लॉक तक घसीटा गया। इस हिट-एंड-रन दुर्घटना में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। वे 2005 के लोकप्रिय स्केच कॉमेडी सीरीज 'ऑल दैट' में काम कर चुकी हैं। अमांडा बाइनेंस, निक कैनन और केनन थॉम्पसन जैसे सितारों के साथ नजर आई थीं।

### भारतीय नौसेना का पहला ट्रेनिंग स्क्वाड्रन सिंगापुर नेवी बेस पहुंचा

**सिंगापुर।** भारतीय नौसेना का पहला ट्रेनिंग स्क्वाड्रन (आईटीएस) सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पहुंच गया है। इस स्क्वाड्रन में आईएनएस तिर, आईएनएस शार्दुल, आईएनएस सुजाता और इंडियन कोस्ट गार्ड शिप सारथी शामिल हैं। यह दक्षिण पूर्व एशिया में लंबी दूरी की ट्रेनिंग डिप्लॉयमेंट का हिस्सा है, जो दक्षिण पूर्व हिंद महासागर क्षेत्र में चल रही है। स्क्वाड्रन के पहुंचने पर भारत के हाई कमिश्नर डॉ. शिल्पक अंबुले ने ट्रेनी से मुलाकात की और मैरीटाइम ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड के कमांडर से बातचीत की। इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर की टीम ने भी प्रोफेशनल अनुभव साझा किए। वर्ष 2026 को भारत और आसियान ने 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष' के रूप में मनाने का फैसला किया है।

### लंदन की रिफॉर्म यूके की मेयर उम्मीदवार लैला कनिंघम का विवादित बयान

## मुस्लिम शहर जैसे लगते हैं लंदन के कुछ हिस्से

एजेंसी ▶▶ लंदन

यूनाइटेड किंगडम में लंदन के लिए मेयर पद की उम्मीदवार लैला कनिंघम ने बुर्के पर सुझाव देकर नए विवाद को जन्म दे दिया है। रिफॉर्म यूके की ओर से उम्मीदवार लैला ने कहा कि बुर्का पहनने वाली महिलाओं की पुलिस द्वारा रोक कर तलाशी ली जानी चाहिए। साल 2018 में होने वाले लंदन मेयर चुनाव के लिए लैला को उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि खुले समाज में चेहरा ढंकने की कोई जगह नहीं है। लंदन के कुछ हिस्से मुस्लिम शहर जैसे लगते हैं।

### ये भी बोलीं

- खुले समाज में चेहरा ढंकने की कोई जगह नहीं
- बुर्का पहनने वालों की तलाशी ले पुलिस



लैला कनिंघम व बुर्के में महिलाएं

**कई मुस्लिम देशों में बुर्का बैन**

*कनिंघम ने कहा कि वह लंदन में यहूदी-ईसाई संस्कृति और ब्रिटिश संस्कृति को और ज्यादा मनाते हुए देखना चाहेंगी, खासकर ईस्टर पर, जिसे उन्होंने सुझाव दिया कि पूरे शहर में ईस्टर एग हंट के साथ मनाया जा सकता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बुर्का पहनने से पुलिस को रोकने और तलाशी लेने का सही कारण मिलता है, तो उन्होंने कहा हां, कई मुस्लिम देशों में बुर्का बैन है। वे धार्मिक नहीं हैं।*

### चेहरे को ढंकने पर बैन लगाना चाहती हैं

*एक पॉडकास्ट में बात करते हुए लैला ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक खुले समाज में आपको अपना चेहरा ढंकने की जरूरत है। मैंने एक बुर्का पहनी हुई महिला पर केस चलाया है। अगर कोई अपना चेहरा छिपा रहा है तो यह मान लेना चाहिए कि वह ऐसा किसी आपराधिक कारण से कर रहा है। उन्होंने बताया कि लंदन के कुछ हिस्से मुस्लिम शहर जैसे लगते हैं और वह चेहरे को ढकने पर बैन लगाना चाहती हैं। द स्टैंडर्ड पॉडकास्ट के लिए एक इंटरव्यू में, लैला ने कहा कि अगर मैं कर पाती, तो मैं चेहरा ढंकने पर बैन लगा देती, लेकिन मैं इसे स्टॉप एंड सर्च का एक कारण बनाना चाहूंगी।*

### मुस्लिम शहर नहीं है लंदन

*लैला कनिंघम ने पिछले जून में सीपीएस प्रॉसिक्यूटर के पद से इस्तीफा दे दिया था, जब उन्होंने टोरीज पार्टी छोड़कर नाइजल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी में शामिल होने के बाद भड़काऊ राजनीतिक बयान दिए थे। पिछले हफ्ते उन्हें 2028 के चुनावों के लिए पार्टी की लंदन मेयर उम्मीदवार के तौर पर पेश किया गया। वह इस मई में शहर भर में होने वाले चुनावों में रिफॉर्म पार्टी को पहली लंदन काउंसिल का कंट्रोल दिलाने की कोशिश का नेतृत्व भी करेंगी। कनिंघम ने कहा कि लंदन को ब्रिटिश ही रहना चाहिए और यह मुस्लिम शहर नहीं है।*

### ई-सेफ्टी कमिश्नर ने जारी किया डेटा

## ऑस्ट्रेलिया में 47 लाख बच्चों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म तक पहुंच 'प्रतिबंधित'

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया मंच के इस्तेमाल पर रोक के बाद से, सोशल मीडिया कंपनियों ने बच्चों के रूप में पहचाने गए 47 लाख खातों तक उनकी पहुंच रद्द कर दी है।

सरकार के ई-सेफ्टी कमिश्नर द्वारा जारी डाटा से पता चला है कि 10 दिसंबर को प्रतिबंध लागू होने के बाद 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खाते निष्क्रिय कर दिए गए हैं। संचार मंत्री अनिका वेल्स ने कहा, हमने उन सभी को गलत साबित कर दिया इन लोगों/संस्थाओं में दुनिया की कुछ सबसे शक्तिशाली-धनी कंपनियां व उनके समर्थक भी शामिल हैं। वह बोले, अब ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता आश्वस्त हो सकते हैं कि उनके बच्चे अपना बचपन वापस पा सकते हैं। 10 सोशल मीडिया मंच ने सरकार को आंकड़े दिए हैं। पीएम एंथनी अल्बनीस ने कहा, यह उत्साहजनक है कि कंपनियां प्रतिबंध का पालन कर रही हैं।




सोशल मीडिया पर प्रतिबंध

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109